CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार, 14 अगस्त 2023 । वर्ष – 33 । अंक –106 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.





सर से पांव तक घोटालों से घिरी है मध्य प्रदेश सरकार पृष्ठ 3

■ नेहरू ने बिना शिकायत शून्य से भारत को शिखर तक पहुंचाया
■ महाराजा का दरबार नहीं, 140 करोड़ लोगों की आवाज है संसद पृष्ठ 4

■ पीएमएल-एन ने नवाज शरीफ को अपना पीएम चेहरा नामित किया
■ डेर अल-जौर में बस हमले के लिए अमेरिकी सेना जिम्मेदार : सीरिया पृष्ठ 9

वर्ल्ड नंबर 1 स्वीयाटेक को हराकर पेगुला फाइनल में पृष्ठ 10

### भरोसे के सम्मेलन में बोले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे

# मणिपुर जल रहा, प्रधानमंत्री मजाक के मूड में

■ संसद में हमने मांगे जवाब, मोदी हमारा मजाक उड़ाते रहे

**जांजगीर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मणिपुर और संसद में सदन की कार्यवाही पर यहां कहा कि मणिपुर जल रहा है, 5 हजार घरों को आग लगाई गई, हजारों लोग घर छोड़ने को मजबूर हैं और संसद में प्रधानमंत्री मजाक के मूड में दिखाई पड़ते हैं। राहुल गांधी मणिपुर पहुंचकर हिंसा प्रभावित लोगों से मिले। हमारे कई सांसद मणिपुर पहुंचे संसद में सवाल उठाए पर प्रधानमंत्री ने कोई जवाब नही दिया। ये बस कांग्रेस और गांधी परिवार का मजाक उड़ाते रहे। श्री खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की। गरीबों और विकास के काम पर केंद्र सरकार कुछ सोचती।

कांग्रेस के भरोसे के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री खड़गे ने आगे कहा कि आजादी के बाद हमारी सरकार ने एम्स बनाया, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी खोली। बड़े बड़े कारखाने, टेक्सटाइल यूनिट बनाए, औद्योगीकरण को बढ़ावा दिया। देश को आगे बढ़ाने का काम किया। पंडित जवाहर लाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल ने पब्लिक सेक्टर को मजबूती देने का काम किया। भांखड़ा नांगल, हीराकुंड बांध से लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र हमारी सरकार ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाकर गरीब एवं आम जनता को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य कर रही है। किसानों का कर्ज माफ किया। छत्तीसगढ़ सरकार ने न्याय योजना चलाई। छत्तीसगढ़ की सरकार ने न्याय योजनाओं से समाज के अलग अलग वर्गों को सीधे लाभान्वित करने का काम कर रही है। भरोसे का सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां भरोसा का सम्मेलन इसलिए हो रहा है क्योंकि जो भरोसा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार ने आपको दिया था उसे पूरा करके दिखाया। छत्तीसगढ़ सरकार निडर होकर गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों का उत्थान करने के संकल्प को पूरा करने का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बीजेपी के नेता लगातार झूठ बोल रहे हैं। यहां तक की प्रधानमंत्री भी यहां आकर झूठ बोलकर जाते हैं कि किसानों का धान केन्द्र सरकार के पैसों से खरीदी जा रहा है। हमारी सरकार मजदूरों को 7 हजार सालाना दे रही है। गरीबों का चावल खाने का काम बीजेपी ने किया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद दीपक बैज, श्रीमती ज्योत्सना महंत, मंत्रीगण ताम्रध्वज साहू, मोहम्मद अकबर, डॉ. शिवकुमार डहरिया, जयसिंह अग्रवाल, अमरजीत भगत, श्रीमती अनिला भेंड़िया, कवासी लखमा, उमेश पटेल, मोहन मरकाम, गुरु रुद्रकुमार, राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव, विधायकगण, विभिन्न आयोग बोर्ड निगम के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

**विकास कार्यों के बारे में श्री खड़गे को जानकारी दी**

राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल में लगाए गए विभिन्न विभागीय योजनाओं के स्टॉलों एवं प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वयं स्टॉल में प्रदर्शित शासन की योजनाओं और विकास कार्यों के बारे में श्री खड़गे को जानकारी दी।







## 467 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मुख्य अतिथि श्री खड़गे ने जिलेवासियों को 467 करोड़ 32 लाख 92 हजार रूपए के कुल 1043 विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 87 करोड़ 24 लाख 21 हजार रूपए से अधिक के 192 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 379 करोड़ 78 लाख 71 हजार से अधिक रूपए के 851 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने जांजगीर में कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और कृषि उपज मंडी परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। भरोसे के सम्मेलन में 627 हितग्राहियों को चिटफंड कंपनियों में उनके द्वारा निवेश की गई 44 लाख 56 हजार रुपए की राशि वापसी का चेक सौंपा गया। इसके साथ ही अन्य हितग्राहियों को राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत सहायता राशि और सामग्री वितरित की गई।

# कोरबा, सरगुजा और जीपीएम में भूकंप के झटके, दीवारों में दरार







**कोरबा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार सुबह 9 बजकर 9 मिनट पर कोरबा जिले के पसान क्षेत्र में भूकम्प के झटके महसूस किए गए। इसके अलावा भूकंप के झटके जिले के पश्चिमी क्षेत्र सहित पड़ोसी जिला सरगुजा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता 3.6 रिक्टर पर मापी गई है। भूकंप का केन्द्र कोरबा रहा और सतह से 5 किलोमीटर की गहराई इसका केन्द्र बिन्दू रही। जिले का दूरस्थ पसान इलाका उस वक्त दहल गया जब यहां भूकंप के झटके से अचानक जमीन के हिलने लगी। लोगों में अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई और भूकंप के चलते इलाके के कई घरों की दीवारों पर दरारें भी पड़ गई। दहशत में आए लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। कंपन खत्म होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

बताया जा रहा है कि पसान के साथ ही पड़ोसी जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और सरगुजा जिले के भी कुछ हिस्सों में भी लोगों ने भूकंप के झटकों को महसूस किया गया। भूकंप की तीव्रता इतनी थी कि सड़क पर खड़ी कार हिलने लगी। भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की जानकारी नहीं है।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति ने किया राज्यसभा का सत्रावसान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राज्यसभा के मानसून सत्र का सत्रावसान कर दिया है। राष्ट्रपति सचिवालय से रविवार को जारी वक्तव्य में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया है। गत 2 जुलाई को शुरु हुए मानसून सत्र के समापन के बाद 11 अगस्त को सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी।

### मऊगंज बना मध्य प्रदेश का 53वां जिला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में रीवा जिले की तीन तहसीलों को अलग कर राज्य सरकार ने मऊगंज को 53वां जिला बना दिया है। इसके लिए राजस्व विभाग की ओर से आधिकारिक आदेश भी जारी कर दिया गया है। राजस्व विभाग द्वारा राज्यपाल के नाम जारी किए गए आदेश में बताया गया है कि रीवा जिले की तीन तहसील मऊगंज, हनुमना और नईगढ़ी को मिलाकर नया जिला मऊगंज गठित किया गया है।

### 8 लाख की इनामी महिला नक्सली ने किया समर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर जिले के सरहदी इलाके में बीते सत्रह वर्ष से सक्रिय रही आठ लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली माड़वी मल्ले उर्फ गंगी ने पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के सामने बिना हथियार के आत्म समर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल पुलिस अधीक्षक के समक्ष समर्पण करने वाली गंगी नक्सली संगठन में बतौर पीएलजी बटालियन सदस्य काम कर रही थी। पुलिस अधीक्षक ने महिला नक्सली को 25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि का चेक भी दिया।

### देश के कई हिस्सों में होगी भारी बारिश

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि अगले दो दिनों के दौरान हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरी

■ विशेष अतिथियों में शामिल होंगे श्रमिक, किसान व शिक्षक
■ विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लगभग 1,8 लोगों को आमंत्रित किया

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर 77 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 अगस्त को देश भर में मनाए जाने वाले आजादी के इस उत्सव के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा इस ऐतिहासिक स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

इस बार समारोह में केंद्र सरकार ने निर्माण श्रमिकों, किसानों, मजदूरों, शिक्षकों, नर्सों और चिकित्सा कर्मचारियों समेत समाज के विभिन्न क्षेत्र के लोगों को विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया है। ये सभी 15 अगस्त को लाल किला पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इनमें नई संसद भवन व सेंट्रल विस्टा परियोजना से जुड़े 50 श्रम योगी (निर्माण श्रमिक) भी शामिल हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में लाल किला में आयोजित समारोह का हिस्सा बनने के लिए देश भर से विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लगभग 1,800 लोगों को उनके जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया गया है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह पहल सरकार के 'जनभागीदारी' दृष्टिकोण के अनुरूप की गई है। इन विशिष्ट अतिथियों में 660 से अधिक जीवंत गांवों के 400 से अधिक सरपंच, किसान उत्पादक संगठन योजना से जुड़े 250 लोग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के 50-50 लोगों प्रतिभागी होंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 50-50 खादी कार्यकर्ता, सीमा पर स्थित सड़कों के निर्माण, अमृत सरोवर और हर घर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# लोरमी विधायक धरमजीत सिंह सहित पूर्व सीनियर अधिकारी भी भाजपा में शामिल



■ सबका विश्वास भाजपा पर : अरुण साव
■ धरमजीत सिंह के भाजपा में आने से हमारी शक्ति और बढ़ी : रमन सिंह

**रायपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की विकासवादी और सर्वसमावेशी विचारधारा से प्रभावित होकर विभिन्न समाज प्रमुखों, सेवानिवृत्त अधिकारियों के भाजपा प्रवेश का सिलसिला निरंतर जारी है। रविवार को राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लोरमी के विधायक धर्मजीत सिंह, रिटायर्ड आईएफएस एसएसडी बड़गैय्या, नगर पंचायत लोरमी के सभापति धर्मेंद्रगिरी गोस्वामी, नपं में विधायक प्रतिनिधि अविश यादव, भूपेन्द्र सिंह ठाकुर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश चुनाव सह प्रभारी व केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, प्रदेश संगठन सह प्रभारी नितिन नवीन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद रामविचार नेताम, विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा में प्रवेश करने वाले सदस्यों का स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि हाल के महीनों में छत्तीसगढ़ी फिल्मों के कलाकार पद्मश्री अनुज शर्मा और दुर्ग जिले के ग्राम खोला निवासी पंथी नृत्य कला के लिए समर्पित कलाकार पद्मश्री राधेश्याम बारले, रिटायर्ड आईएएस जीएस मिश्रा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चंद्राकर, पूर्व आईएएस आरपी त्यागी समेत आदिवासी समाज प्रमुखों, अजा समाज प्रमुखों समेत हजारों समाजसेवियों, युवाओं, राजनीतिक कार्यकर्ताओं, महिला नेत्रियों, गणमान्य जनों ने राजधानी के अलावा प्रदेश के प्रायः सभी जिलों में सामूहिक रूप से भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। महासम्पर्क अभियान के दौरान शुरू हुआ भाजपा प्रवेश का यह सिलसिला ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## एम्स बनाने को लेकर झूठ बोल रहे हैं मोदी : खड़गे-राहुल



**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते कहा है कि वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स खोलने को लेकर झूठ बोल रहे हैं और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। श्री खडगे ने कहा, लूट और जुमलों ने देश को किया अस्वस्थ, मोदी जी के हर शब्द में केवल झूठ ही कंठस्थ। दावा किया कि बनायें हैं एम्स कई सारे, सच्चाई है कि डॉक्टर-स्टाफ की भारी कमी से जूझे एम्स हमारे। उन्होंने कहा, मोदी जी, कोरोना महामारी में उदासीनता से लेकर, आयुष्मान भारत में घपलेबाजी तक आपकी सरकार ने देश के स्वास्थ्य सिस्टम को बीमार बनाया है। जनता जाग चुकी है, आपका छल-कपट पहचान चुकी है, आपकी सरकार की विदाई की घड़ी आ चुकी है।

राहुल गांधी ने कहा, एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठ बोला है। उन्होंने कहा- दरभंगा में एम्स खुल गया है लेकिन दरभंगा में एम्स है ही नहीं। आपको क्या लगता है। पीएम मोदी इतना झूठ क्यों बोलते हैं।

# नूंह में फिर ब्रजमंडल यात्रा निकालने का ऐलान

■ 28 अगस्त को यात्रा निकालने का लिया फैसला
■ महापंचायत ने पीड़ितों के लिए मांगा मुआवजा

**पलवल,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को हुए दंगों के संबंध में रविवार को महापंचायत हुई। पलवल जिले में हुई इस महापंचायत में बड़ा निर्णय लेते हुए ऐलान किया गया कि अधूरी रह गई ब्रजमंडल यात्रा को नूंह के अंदर 28 अगस्त को फिर से निकाला जाएगा। इसके साथ ही दंगों के पीड़ितों के लिए नौकरी और मुआवजा मांगने के साथ ही फिरोजपुर-झिरका से कांग्रेसी विधायक मामन खान को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग उठाई गई। महापंचायत में पहुंचे गुरुग्राम जिले की सोहना विधानसभा सीट के भाजपा विधायक संजय सिंह ने अधूरी रह गई ब्रजमंडल यात्रा को दोबारा शुरू करने का मुद्दा उठाया था। महापंचायत में सर्वसम्मति से गठित 51 लोगों की कमेटी ने नूंह दंगों में मारे गए लोगों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा व सरकारी नौकरी और घायलों को 50-50 लाख रुपए देने की अपील भी सरकार से की। नूंह दंगों की नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी से जांच कराने और नूंह जिले को खत्म करने के साथ-साथ वक्ताओं ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को बदलने की डिमांड भी की। महापंचायत में पहुंचे फरीदाबाद देव सेना के अध्यक्ष ब्रजभूषण सैनी ने 20 अगस्त को देश की राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक और महापंचायत करने का ऐलान किया। महापंचायत में पहुंचे नेताओं ने फिरोजपुर झिरका के कांग्रेसी विधायक मामन खान को नूंह दंगों के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने के साथ-साथ नूंह जिले में बसे रोहिंग्या मुसलमानों को जिले से बाहर निकालने की भी मांग की।

## 3 वर्षों में 508 भारतीय कैदी पाकिस्तान से लाए : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। साल 2020 से 2023 के बीच पिछले तीन वर्षों में 508 भारतीय कैदियों को पाकिस्तान से वापस लाया गया है, जबकि भारत ने इसी अवधि के दौरान 143 पाकिस्तानी कैदियों को वापस भेजा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, 1 जुलाई को दोनों देशों के बीच एक्सचेंज किए गए कैदियों की लिस्ट के अनुसार, 266 भारतीय मछुआरे और 42 नागरिक कैदी पाकिस्तानी हिरासत में हैं। जबकि भारतीय हिरासत में पाकिस्तान के 343 नागरिक और 74 मछुआरे हैं। 21 मई 2008 को हस्ताक्षरित भारत-पाकिस्तान 'कॉन्सुलर एक्सेस पर समझौते' के अनुसार, प्रत्येक देश की जेलों में बंद कैदियों की लिस्ट का आदान-प्रदान हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को किया जाता है।

**मणिपुर हिंसा**

# 9 और मामलों की भी जांच करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर हिंसा से जुड़े 9 और मामलों की सीबीआई जांच करेगी। जांच एजेंसी के पास अब कुल 17 मामले हैं। सीबीआई ने अब तक 8 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें मणिपुर में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न से संबंधित दो मामले भी शामिल हैं।

अधिकारियों का कहना है कि जांच एजेंसी के पास और मामले भी आ सकते हैं। इसमें खासकर महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न, कुकी महिला के वायरल वीडियो के मामले शामिल होंगे। इसके अलावा 9 अगस्त को मैतेई महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया था। इसकी जांच भी सीबीआई को दी जा सकती है। दरअसल केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मणिपुर में 6523 एफआईआर दर्ज की गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि राज्य में समाज जातीय आधार पर बंटा हुआ है, ऐसे में जांच एजेंसी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

**एसआईटी की 42 टीमें भी करेंगी जांच** –सुप्रीम कोर्ट ने 7 अगस्त को कहा था कि मणिपुर में हिंसा से जुड़े मामलों की 42 स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीमें (एसआईटी) जांच करेंगी। इन एसआईटी के काम की निगरानी डीआईजी रैंक का अधिकारी करेगा। ये अफसर मणिपुर के बाहर का होगा। डीआईजी रैंक का एक अफसर 6 एसआईटी की निगरानी करेगा।

मणिपुर हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें 3-5 मई के बीच 59 लोग, 27 से 29 मई के बीच 28 लोग और 13 जून को 9 लोगों की हत्या हुई थी।

**अनुशंसा** उद्देश्य पूरा होने पर उपकरों को समाप्त करने के हो प्रावधान

# लोक लेखा समिति ने उपकरों की समीक्षा का दिया सुझाव

■ करों, उपकरों का आम आदमी पर पड़ता है बोझ
■ समय-समय पर उपकरों की होनी चाहिए समीक्षा

**नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। एक उच्च स्तरीय संसदीय समिति ने सरकार को उपकरों (सेस) को समाप्त करने के प्रावधान जोड़ते हुए उनकी समय-समय पर समीक्षा के लिए एक क्लॉज शामिल करने की सलाह दी है, ताकि यदि उनके उद्देश्य प्राप्त हो गए हैं तो उन्हें बंद करने पर विचार किया जा सके।**

*लोक लेखा समिति (पीएसी) ने उपकरों और करों पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि चूंकि करों, उपकरों और लेवी का बोझ अंततः आम आदमी पर पड़ता है, इसलिए समय-समय पर उपकरों की समीक्षा की जानी चाहिए, ताकि लक्षित उपलब्धि के स्तर का आंकलन कर इसकी एक विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की जा सके। पैनल ने यह भी देखा कि चूंकि उपकर केवल विशिष्ट उद्देश्यों के लिए लगाए जाते हैं, इसलिए उनके लगाने और संग्रह के लिए व्यापक और सामान्य भाषा के उपयोग से आय के उपयोग में विसंगतियां हो सकती हैं। विशिष्टता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, समिति का विचार है कि उपकर अच्छी तरह से परिभाषित उद्देश्यों और सीमित अवधि के लिए लगाया जाना चाहिए।*

***13वें वित्त आयोग की सिफारिश पर भी प्रकाश डाला***

*इसमें 13वें वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश पर भी प्रकाश डाला गया है कि केंद्र सकल कर राजस्व में अपना हिस्सा कम करने के लिए अधिभार और उपकर की समीक्षा करेगा। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व वाली समिति ने कहा कि चूंकि प्रत्येक उपकर के लिए कानून में निहित उपकर के उद्देश्यों की प्राप्ति के संबंध में विचार-विमर्श की आवश्यकता हो सकती है, इसलिए सभी एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। लेखांकन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में शामिल है ताकि जहां भी चिंताएं और मुद्दे उत्पन्न हों, उन्हें प्रारंभिक चरण में उजागर किया जा सके और एक विशिष्ट समय सीमा के भीतर तुरंत हल किया जा सके।*

## मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

# दिव्यांगजनों ने निकाली ट्रायसिकिल रैली

### चला रईगढ़िया, वोट देवईया का नारा रैली में गूंजा



**रायगढ़,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आज मतदाता जागरूकता हेतु दिव्यांगजनों द्वारा ट्राई साइकिल रैली निकाली गई। इस दौरान एसडीएम गगन शर्मा, तहसीलदार श्री लोमस मिरी उपस्थित रहें।

समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित स्वीप कार्यक्रम में बोईरदादर स्टेडियम से दिव्यांगजनों ने मतदाता जागरूकता हेतु ट्राई साईकिल रैली निकाली, जो कमला नेहरू पार्क में संपन्न हुई। जहां दिव्यांगजनों ने ट्राई साईकिल में मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेशों के बोर्ड लगा कर निकले। दिव्यांगजन उत्साह के साथ रैली में शामिल हुए और चला रईगढ़िया, वोट देवईया के नारे लगाकर शहरवासियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपील की। ज्ञात हो कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत युवाओं के लिए विशेष अभियान चलाकर युवाओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वाया जा रहा हैं। ताकि कोई भी युवा मतदाता मताधिकार से वंचित न रहें।

इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण आलोक भवाल, श्री सुशील सिंह, विनय तिवारी, उत्तायक सेवा समिति से श्रीमति रूपाली रवानी, नेहा सिन्हा, सिद्धार्थ शंकर मोहंती, श्रीमती जस्सी फिलिप भोजराम, मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल एवं बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

### दिव्यांगजनों के साथ राहगीरों ने भी ली मतदान के लिए शपथ

स्वीप सतरंगी माह कार्यक्रम के अंतर्गत हर वर्ग विशेष के लोगों को फोकस कर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। जिससे मतदाता जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सबकी सहभागिता सुनिश्चित किया जा सकें। आज आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम श्री गगन शर्मा ने दिव्यांग जनों को मतदान के लिए शपथ दिलाई, इस दौरान मौजूद राहगीरों ने भी उत्साह पूर्वक शामिल होते हुए मतदान के लिए शपथ ली।

## मेरी माटी मेरा देश-आज लगाए गए पौधे, कल ली जाएगी शपथ

**बिलासपुर,** 13 अगस्त ( देशबन्धु) । आजादी के अमृत महोत्सव के समापन के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अभियान मेरी माटी मेरा देश के तहत नगर पालिक निगम द्वारा आज शहर के अलग-अलग हिस्सों में स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में 75 प्रकार अलग-अलग पौधे रोंपे गए। सोमवार को सुबह 11 बजे विकास भवन में पंच प्रण की शपथ ली जाएगी और शिलाफल्कम (शिलापट्टी) जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियों के नाम अंकित किए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और आमजन शामिल होंगे।

■ विकास भवन में सुबह 11 बजे होगा कार्यक्रम



# राष्ट्र के प्रति हमारा प्रेम और राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लेने का समय- साव



### राष्ट्रवीर दुर्गादास जयंती समारोह में हुए शामिल

**पेंड्रारोड गौरेला,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और 2 दिन बाद यह अमृत काल में प्रवेश करेगा, और जब देश आजादी की 100वी वर्षगांठ मनाएगा वर्ष 2047 में हमारे राष्ट्र पुरुषों के सपनों का भारत के निर्माण का संकल्प हम सबको लेने की आवश्यकता है जो हम राष्ट्रीय दुर्गादास राठौड़ जी की जयंती मना रहे हैं और ऐसे जयंती के अवसर पर हम सबको यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हमारा देश जो सोने की चिड़िया कहा था वो बने और दुनिया में सुख शांति और समृद्धि की स्थापना हो यही तो हमारा इन राष्ट्र वीरों का सपना है उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद अरुण साहू ने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 386 जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में की।

राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौड़ की जयंती के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद अरुण साव मंची उद्बोधन में कहां की भारत आज विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है भारत का इतिहास गौरवशाली रहा है हमने गणित का विस्तार मार्गदर्शन इस दुनिया में यदि राज करना है तो उसका रास्ता कहीं से जाता है तो हिंदुस्तान है भारत देश है और इसलिए मुगलों ने इस डट पर हमला किया इस देश पर आक्रमण किया इस देश पर राज करने की कोशिश की हमारे देश के राजाओं ने महाराजाओं ने सूर्यवीरों ने उन मुगलों का पूरी ताकत के साथ मुकाबला किया और अंततः मुगलों को इस देश से जाना पड़ा राष्ट्र वीरों में ऐसे ही शूरवीरों में दुर्गा दास राठौर दिल की 13 अगस्त 1938 को जिनका जन्म हुआ था, राठौर जी का उन्होंने पूरी ताकत लगाकर पूरी वीरता के साथ औरंगजेब की सत्ता को प्राप्त किया ऐसे शूरवीर दुर्गादास राठौड़ अंग्रेजों ने इस देश को गुलाम बनाया इस देश की संस्कृति सभ्यता को तहत नष्ट करने का काम किया, लेकिन वह झुका नहीं पाए यह देश की संस्कृति और सभ्यता कभी नष्ट नहीं हुई, और आज पूरी दुनिया 21 जून को एक साथ योग दिवस मनाती है और यह हमारे विश्व गुरु बनने की ओर एक बड़ा कदम है और इसलिए आज मैं आप सबके सामने हमारी क्या स्थिति थी और आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज दुनिया में भारत का मान सम्मान और गौरव प्राप्त हुआ है, आज ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को सम्मान ही नहीं है यह सम्मान और गौरव 140 करोड़ जनता का मान सम्मान है, यही वजह है कि जिस पाकिस्तान में भारत का झंडा जलाया जाता था, अभी यूक्रेन और ब्रिटेन युद्ध में पाकिस्तान के बच्चों को भी अपनी जान बचाने के लिए उसी तिरंगे झंडे का सहारा लिया।

# वरिष्ठ भाजपा नेता बृजलाल सिंह राठौर ने दिखाई ताकत, कोटा से हो सकते हैं प्रत्याशी

### राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती पर पेण्ड्रा में भाजपा नेताओं का जमावड़ा

**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 386 वीं जयंती 13 अगस्त 2023 को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा नर्मदा अंचल राठौर क्षत्रिय समाज के पूर्व अध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर ने अपनी राजनीतिक इच्छा शक्ति एवं ताकत का खूब बढ़िया प्रदर्शन किया। बीते लगभग डेढ़ दशक से गौरेला एवं पेंड्रा में आयोजित होने वाले राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती कार्यक्रम के सूत्रधार बृजलाल सिंह राठौर ही माने जाते रहे हैं तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वे कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ते जिसकी परिणीति स्वरूप यह कार्यक्रम लगातार साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है तथा इस कार्यक्रम में प्रायः भाजपा के दिग्गज नेताओं की उपस्थिति रहती रही है। इस बार भी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौड़ की 386 सी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बृजलाल सिंह राठौर ने पूरी ताकत झोंक दी तथा अपनी राजनीतिक इच्छा शक्ति का जोरदार प्रदर्शन किया जिसकी परिणीति रही की कोटा विधानसभा क्षेत्र के दूर-दूर गांव के हिंदूवादी भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हालांकि यह कार्यक्रम सामाजिक रुप से भी प्रचलित है तथा इसमें जिले के सभी दलों के नेता शामिल होते रहे हैं वर्तमान में नर्मदा अंचल राठौर क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष जीवन सिंह राठौर हैं जो कांग्रेस से जुड़े हुए हैं उसके बावजूद इस कार्यक्रम के सूत्रधार बृजलाल सिंह राठौर ही माने जाते हैं।

उल्लेखनीय है कि बृजलाल सिंह राठौड़ बीते तीन दशक से ज्यादा समय से भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में एक जमीनी कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं तथा भाजपा संगठन के विभिन्न पदों पर रहे हैं एवं गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले सहित कोटा विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं का बड़ा वर्ग उन्हें जन एवं मानने वाला है। छत्तीसगढ़ राज्य बने के बाद हुए विधानसभा के सभी चुनाव में बृजलाल सिंह राठौर कोटा विधानसभा चुनाव मैं भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने के इच्छुक रहे हैं तथा हर चुनाव में यह चर्चा होती रही है कि इस बार के चुनाव में वे भाजपा से कोटा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी हो सकते हैं ऐसे में जब छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को सिर्फ 4 महीने ही बाकी है स्वाभाविक रूप से राजनीतिक इच्छा शक्ति से ललबरेज बृजलाल सिंह राठौर ने छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष अरुण साव की उपस्थिति एवं मुख्य आतिथ्य में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन करा कर अपनी राजनीतिक ताकत का एक बार फिर प्रदर्शन किया है जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि श्री राठौर की छवि भाजपा में हिंदूवादी नेता के रूप में मानी जाती है तथा वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं अभी कुछ दिन पूर्व ही प्रदेश व्यापी भाजपा के किसान मोर्चा के प्रदर्शन में उन्होंने अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन जिस तरह से किया था उसे देखते हुए राजनीतिक गलियारों में स्वाभाविक रूप से यह चर्चा हो रही है कि कोटा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में बृजलाल सिंह राठौर की तैयारी पक्की है। गौरेला के मरीमाता मंदिर से गौरेला पेंड्रा भ्रमण करते हुए ऐतिहासिक रैली का आयोजन उनके नेतृत्व में किया गया जो पेंड्रा नया बस स्टैंड स्थित राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर चौक में आम सभा के रूप में समाप्त हुआ।



### चोरी की दुपहिया बेचने की फिराक में धराया

तखतपुर, 13 अगस्त (देशबन्धु)। चोरी की दूपहिया वाहन बेचने के लिए ग्राहक तलाशते हुए पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर लिया। नया बस स्टैण्ड के पास एक व्यक्ति दूपहिया वाहन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दिनेश खरे पिता रामचरण खरे को पकड़ कर पुछताछ की।

### श्रीमती शशिलता पाठक का निधन

**तखतपुर।** ग्राम बीजा निवासी रमेश पाठक की धर्म पत्नि श्रीमती शशिलता पाठक 60 वर्ष का 12 अगस्त शनिवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बीजा में किया गया। वे मुकेश पाठक, योगेश पाठक और ममता शुक्ला की माता थी।



**न्यायालय आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// नोटिस //**

अपील प्रकरण क्रमांक 43/अ-6/2017-18
ग्राम डेरागढ तहसील सक्ती जिला सकरी (छ.ग.)
रामजी पिता मनीराम वगै.
विरूद्ध
पुरूषोत्तम पिता उदेराम वगै.

प्रति,
1. पुरूषोत्तम पिता उदेराम
निवासी ग्राम डेरागढ तहसील जिला सक्ती (छ.ग.)
2. जगरमति पिता उदेराम
निवासी ग्राम परसदाखुर्द तहसील सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.)

इस न्यायालय में विचाराधीन अपील प्रकरण क्रमांक 43/अ-6/2017-18 ग्राम डेरागढ तहसील सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) पक्षकार रामजी आ. मनीराम वगै. विरूद्ध पुरूषोत्तम पिता उदेराम वगै. जो न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, सक्ती के अपील प्रकरण क्रमांक 26/अ-6/2013-14 में पारित आदेश दिनांक 13/12/2017 के विरूद्ध प्रस्तुत है, में आपको उत्तरवादीगण के रूप में पक्षकार बनाया गया है। उपरोक्त अपील प्रकरण में सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 26/09/2023 नियत है। अतः उपरोक्त अपील प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 26/09/2023 को सुबह 11.00 बजे आप स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करें। प्रश्नाधीन अपील प्रकरण में उपरोक्त सुनवाई तिथि में अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।

आज दिनांक 25/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**आयुक्त**
**बिलासपुर संभाग**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

# स्नेह गुप्ता को मिली पीएचडी की उपाधि



**पेंड्रा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। पेंड्रा निवासी भरत हलवाई एवं श्रीमती रेनू गुप्ता की सुपुत्री स्नेह गुप्ता ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातिय विश्वविद्यालय अमरकंटक के भूगोल विभाग से पीएचडी की उपाधि हासिल की। विदित हो कि स्नेह गुप्ता द्वारा, रायपुर शहर की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का मूल्यांकन विषय पर शोध कार्य किया है। पेंड्रा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से विद्यालयीन शिक्षा प्राप्त करके जनजातीय विश्वविद्यालय से बीए तथा एमए की शिक्षा पूर्ण कर वर्ष 2019 में इन्होंने विश्वविद्यालय में पीएचडी में प्रवेश प्राप्त किया था, इसी दौरान वर्ष 2017 में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण किया तथा वर्ष 2020 में अन्य पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय फेलोशिप प्राप्त किया। स्नेह ने बहुत ही कम समय तथा परिश्रम से शोध कार्य पूरा करने में सफलता प्राप्त की। स्नेह बताती हैं कि सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हुए भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, परिवार और दोस्तों के सहयोग तथा शिक्षकों का निरंतर सहयोग प्राप्त हुआ है। शोध निर्देशक रहे, डॉ रामभूषण तिवारी ने शोध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निरंतर मार्गदर्शन देते रहे हैं। आर्थिक परिस्थितियां सफलता प्राप्त करने में चुनौती अवश्य बनती है किंतु अवरोध नहीं बन सकती है।

# शहर की तमाम अव्यवस्थाओं के विरोध में डॉ. उज्वला कराडे के नेतृत्व में आप का प्रदर्शन




**बिलासपुर,** 13 अगस्त ( देशबन्धु) । रविवार की शाम को डॉक्टर उज्वला कराडे प्रदेश संयुक्त सचिव आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में एक अनोखा विरोध प्रदर्शन बिलासपुर शहर के मैग्नेटो मॉल के सामने किया गया । जिसमें डॉ उज्वला कराडे एवं आम आदमी पार्टी के अन्य पदाधिकारी व सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर चौक पर खड़े नजर आए। तख्तियों मे बिलासपुर शहर की अव्यवस्था से जुड़े कई तरह के प्रश्न जैसे बिलासपुर स्मार्ट सिटी बनी क्या? बिलासपुर शहर को अच्छी सड़कें मिली क्या? बिलासपुर वासियों को पार्किंग की सुविधा मिली ? बिलासपुर वासियों को स्वच्छ पेयजल मिला क्या? इत्यादि शामिल थे।डॉक्टर उज्वला कराडे ने बताया कि यह जो सवाल हम हम पूछ रहे हैं यह सारे प्रश्न वास्तव में बिलासपुर वासियों के ही है आज पूरे बिलासपुर वासी, शहर के इन तमाम तरीकों के अव्यवस्थाओं से जूझ रहे हैं अपने रोजमर्रा की जिंदगी में व्यस्त होने के कारण इन सभी असुविधाओं को सहते आ रहे हैं और इनके खिलाफ आवाज नहीं उठा पा रहे हैं।हम बिलासपुर की जनता की आवाज को बुलंद करने व उनको इन सभी समस्याओं से छुटकारा दिलाने उनकी आवाज बनकर आज यहां विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अनोखे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को बिलासपुर की जनता ने काफी सराहा आसपास खड़े लोगों से जब उनकी राय जानी गई तो उन्होंने बताया कि यह सभी समस्याओं से वह भी काफी परेशान है और इनसे निजात पाना चाहते हैं।

**NECC**

| 14.08.2023 | अंडा | मुर्गी | कावरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.48 | 70 | 155 |
| चिल्हर | 5.50 | 85 | 180 |

डिलीवरी 4.63 सैकड़ा
दर्जन अंडा 66 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

**CHANGE OF NAME**

It is inform to the general public I Mrs komal Gurwani W/o sanjay kumar gurwani R/O D-A/vz chandela vihar, tala para priyadarshini nagar Nagar Nigam Bilaspur ( C. G) 495001 have changed my old name komal guruwani so in future I should be recognised by my new name komal gurwani w/o sanjay kumar gurwani in all government and other documents.

Komal gurwani
W/o sanjay kumar gurwani
D-A/vz chandela
vihar, Talapara ,
Priyadarshini nagar ,
Nagar Nigam Bilaspur ,
(CG ) 495001

**CHANGE OF NAME**

It is inform to the general public I Mr Sanjay kumar Gurwani S/o Prakash chand gurwani R/O D-A/vz chandela vihar tala para priyadarshini nagar Nagar Nigam Bilaspur ( C. G) 495001 have changed my old name Sanjay guruwani so in future I should be recognised by my new name sanjay kumar gurwani S/o prakash chand gurwani in all government and other documents.

Sanjay kumar gurwani
S/o Prakash chand gurwani
D-A/vz chandela vihar,
Talapara
Priyadarshini nagar ,
Nagar Nigam Bilaspur,
( CG ) 495001

**प्रथम पृष्ठ क शेष**

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की...

जल योजना से जुड़े लोगों के साथ-साथ 50-50 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, नर्स और मछुआरे भी इन विशेष अतिथियों में शामिल हैं। इनमें से कुछ विशिष्ट अतिथियों का दिल्ली में अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा करने और रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक प्रत्येक राज्य व केन्द्र-शासित प्रदेश से 75 जोड़ों को भी उनकी पारंपरिक पोशाक में लाल किला में आयोजित समारोह को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर दिल्ली में 12 स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, विजय चौक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, प्रगति मैदान, राजघाट, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन, आईटीओ मेट्रो गेट, नौबत खाना और शीश गंज गुरुद्वारा सहित 12 स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं और पहलों को समर्पित सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं।

**सरकार की मुख्य पहल भी दर्शाई जांएगी**

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सरकार की मुख्य पहल भी दर्शाई जांएगी। इनमें टीके और योग, उज्वला योजना, अंतरिक्ष शक्ति, डिजिटल इंडिया, कौशल भारत, स्टार्ट-अप इंडिया, स्वच्छ भारत, सशक्त भारत, नया भारत, पॉवरिंग इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवनमिशन शामिल हैं।

### लोरमी विधायक धरमजीत सिंह ...

लगातार जारी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ओर चहुँओर विकास के द्वार खुल रहे हैं, दूसरी ओर विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ रहा है। इसीलिए आज भाजपा के प्रति जन-विश्वास बढ़ा है और समाज के सभी वर्गों के सम्मानित जन लगातार भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं ताकि देश आगे बढ़े, देश का मान-सम्मान बढ़े और गाँव, गरीब और किसान तरक्की करें। श्री साव ने कहा कि विधायक श्री सिंह के भाजपा प्रवेश से भाजपा को और ताकत मिलेगी। यह निश्चित रूप से भाजपा की बढ़ती हुई ताकत, बढ़ते हुए कदम का परिचायक है और हमें नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश की अन्यायी, अत्याचारी, भ्रष्टचारी और वादाखिलाफी करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने में यकीनन मदद मिलेगी।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने इस अवसर पर विधायक श्री सिंह सहित सभी नव भाजपा सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश और देश का वातावरण भाजपा के अनुकूल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के आगामी विधानसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में विजय के एक बड़े लक्ष्य की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए जनता तैयार बैठी है ऐसे समय में भाजपा में प्रवेश का आज का यह कार्यक्रम इस बात का संकेत है कि प्रदेश में भाजपा के पक्ष में जबर्दस्त वातावरण बन गया है। विधायक श्री सिंह की राजनीतिक व प्रशासनिक कार्य कुशलता की चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि वह सही समय पर सही दल में आए हैं। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद विधायक श्री सिंह ने कहा, 'विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा में शामिल होना मेरे लिए बेहद गौरव का पल है।' श्री सिंह ने कहा कि भाजपा की रीति-नीति और जनकल्याणकारी योजनाओं ने न केवल छत्तीसगढ़, अपितु समूचे देश में क्रांतिकारी परिवर्तन की मिसाल पेश की है। अपनी नीति और सिद्धांतों पर अडिग रहने वाले नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का पिछले 9 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन और ग़रीब कल्याण के दृष्टिकोण से भारतीय राजनीति का स्वर्णकाल रहा है। श्री मोदी देश के 85 करोड़ गरीब परिवारों को निःशुल्क अनाज देने का काम कर रहे हैं, विश्वभर में भारतवर्ष का परचम लहरा रहे हैं। श्री मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत ने विश्व-मंच पर अपनी धाक जमाई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके उसको उसकी हैसियत बताई, देश में आतंकवाद को खत्म करने का काम किया, धारा 370 खत्म करके जम्मू-कश्मीर को शांति का टापू बनाया, ऐसे प्रधानमंत्री श्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में भाजपा के विजय-रथ की यात्रा को भारत में कोई भी नहीं रोक सकता। कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा-भानुमती का कुनबा जोड़कर चाहे जितनी कोशिश कर ली जाए, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी को देश की सेवा करने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। उन्हीं के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में भी भाजपा का झण्डा फहराएगा और आगामी नवंबर के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा की प्रदेश सरकार बनेगी। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को सौम्य, सरल-सहज हृदय व व्यक्तित्व का धनी बताते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि डॉ. सिंह ने अपने शासनकाल में गरीबों को चावल दिया, वनवासी अंचल की सेवा की, नक्सलियों पर नकेल कसी, सड़कों का जाल बिछाया, अनेक धार्मिक-सामाजिक प्रतीकों का निर्माण कराया। डॉ. सिंह के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को प्रदेश की जनता आगामी नवंबर माह में महसूस करेगी और भाजपा के पक्ष में भारी मतदान करके ईडी-सीडी की सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी। डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व वाली भाजपा की पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ को बीमारू प्रदेश की अपमानजनक स्थिति से उबारकर एक समग्र विकासशील प्रदेश के तौर पर देश में एक सम्मानजनक स्थान पर प्रतिष्ठित किया। प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार, घपलों-घोटालों पर हताशा ज़ाहिर कर विधायक श्री सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ हिन्दुस्तान का पहला राज्य है, जहाँ बड़े-बड़े व्यापारी तो जेल गए ही, आईएएस और प्रशासनिक अधिकारी तक भी जेल में हैं। इसका मतलब है कि अराजकता की पराकाष्ठा इस प्रदेश में हो चुकी है। इस अराजकता को खत्म करने के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में वह (विधायक श्री सिंह) एक विनम्र कार्यकर्ता के रूप में कार्य करेंगे।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 587/ निर्माण/ 2023 दिनांक 08.08.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत नाली बिल्डिंग एवं सीमेंट कांक्रीट रोड के मरम्मत एवं संधारण कार्य हेतु वार्षिक दर का निर्धारण (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 00.00 | 29.08.2023 (T.No. 144159) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

# देश

**उवाच**

केंद्र की भाजपा सरकार ने इंडियन पीनल कोड, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड और इंडियन इविडेंस एक्ट में आमूलचूल परिवर्तन करने के माध्यम से भारत की विविधता के मूल के साथ छेड़छाड़ करने का दुस्साहसिक प्रयास किया है जिससे भाषाई साम्राज्यवाद की बू आती है।

–एम.के.स्टालिन,तमिलनाडु के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34. | 29. |
| मुंबई | 29. | 27. |
| कोलकाता | 28. | 27. |
| चेन्नई | 32. | 28. |

# इंडिया अब अगले बड़े कदम उठाने को तैयार

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक महाराष्ट्र के मुंबई में होने जा रही है, ऐसे में सभी की निगाहें बैठक में होने वाली चर्चाओं पर टिकी हैं। हाल ही में समाप्त हुए संसद के मानसून सत्र में सभी दल एकजुट होकर काम करने में कामयाब रहे हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि रणनीति तैयार करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मलिलकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी ने हाल ही में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता शरद पवार से भी मुलाकात की थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि तीसरी बैठक के दौरान घटक दलों के बीच समन्वय समिति सहित अन्य समितियों के गठन पर चर्चा शुरू होगी। सूत्रों ने कहा कि बैठक में इंडिया के लिए राष्ट्रीय संयोजक, समन्वय समिति और अन्य राजनीतिक समितियों पर निर्णय की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु की बैठक में 11 सदस्यीय समन्वय समिति बनाने का निर्णय लिया गया है, इसलिए इस पर विस्तृत चर्चा होगी, साथ ही संयोजक पद के लिए नाम पर भी चर्चा होगी। सूत्र ने कहा कि बैठक के दौरान राहुल गांधी की सजा पर रोक पर भी चर्चा की जाएगी और भविष्य में भाजपा द्वारा किसी भी प्रतिद्वंद्वी नेता के खिलाफ ऐसी स्थिति से कैसे निपटा जाए इस पर भी विचार किया जाएगा। इंडिया गठबंधन ने एक महीने के अंतराल में 23 जून को बिहार के पटना में और 18 और 19 जुलाई को कर्नाटक के बेंगलुरु में दो बैठकें की हैं। हालांकि, पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि तीसरी बैठक के दौरान संसद के शीतकालीन सत्र में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को घेरने की रणनीति भी कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, आप के राज्य सभा सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा और लोकसभा सांसद सुशील कुमार रिंकू के निलंबन को ध्यान में रखते हुए ली जाएगी। सूत्र ने कहा कि सांसदों के निलंबन और संसद में विधेयकों को पारित करने की संसदीय प्रक्रिया को बाधित करने से विपक्ष के हाथ में एक नया हथियार आ गया है। ये सभी दल भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के रथ को रोकने के लिए एक साथ आए हैं जो 542 सीटों में से 353 सीटें जीतने में कामयाब रहा। 2019 के चुनाव में बीजेपी ने 303 सीटें जीती थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 421 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और 373 सीटों पर बीजेपी से उसकी सीधी टक्कर थी। बीजेपी ने 2019 का चुनाव 435 सीटों पर लड़ा था, जबकि बाकी सीटों पर उसके गठबंधन सहयोगियों ने चुनाव लड़ा था।

■ महाराष्ट्र के मुंबई में होने जा रही तीसरी बैठक पर सबकी निगाहें

■ 31 अगस्त व 1 सितंबर को मुंबई में होगी इंडिया की 26 पार्टियों की तीसरी बैठक




हालांकि, राहुल गांधी द्वारा मोदी के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाने के बावजूद, सबसे पुरानी पार्टी 2019 के लोकसभा चुनावों में केवल 52 सीटें जीतने में सफल रही। 2019 में बीजेपी के खिलाफ सीधे चुनाव लड़ने वाली सीटों को देखते हुए पार्टी में विस्तृत चर्चा चल रही है और वह अभी भी देश भर में कम से कम 400 सीटों पर लड़ने की कोशिश करेगी। सूत्र ने कहा कि बैठक के बाद एक सुखद तस्वीर पेश करने के बावजूद, आगे की राह बहुत आसान नहीं है क्योंकि इसके लिए बहुत सी गंभीर बातचीत की आवश्यकता है इसमें उन राज्यों में बलिदान शामिल है जहां क्षेत्रीय दल इसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं।

## एनडीए को घेरे जाने की रणनीति पर होगी चर्चा

सूत्र ने कहा कि इस प्रकार इंडिया गठबंधन के सदस्य राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों के अलावा सरकार के खिलाफ गति का उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पर भी विस्तृत चर्चा होगी और देश भर में बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को कैसे घेरा जाए, इस पर चर्चा होगी। पार्टी के एक अन्य नेता, जो 23 जून को बिहार के पटना में पहली और दूसरी विपक्षी बैठक और 17 और 18 जुलाई को कर्नाटक के बेंगलुरु में दूसरी बैठक का हिस्सा थे, ने कहा कि 26 विपक्षी दलों को एक साथ लाना लोकतंत्र और संविधान को बचाना है। विचार यह है कि भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के वोटों में विभाजन को रोका जाए।

## मणिपुर ने शहीदों की याद में मनाया देशभक्त दिवस

**इंफाल,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर ने 1891 में ब्रिटिश साम्राज्य को चुनौती देते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी शहीदों की याद में रविवार को देशभक्त दिवस मनाया। मणिपुर के लोगों ने ब्रिटिश सेना की तीन टुकड़ियों के खिलाफ बहादुरी से प्रतिरोध किया। इन्हे 1886 में तत्कालीन महाराजा चंद्रकीर्ति सिंह के निधन के बाद मणिपुर की स्वतंत्र रियासत पर नियंत्रण करने के लिए ब्रिटिश सरकार ने तैनात किया था।

युद्ध जीतने के बाद अंग्रेजों ने उन लोगों को गिरफ्तार कर लिया जो अपनी जमीन की रक्षा करने की कोशिश में शामिल थे, और प्रमुख लोगों को मौत की सज़ा सुनाई थी। 13 अगस्त 1891 को युवराज बीर टिकेंद्रजीत सिंह, थंगल जनरल और पाउना ब्रजबासी को बीर टिकेंद्रजीत पार्क में फांसी दे दी गई थी।

देशभक्त दिवस समारोह में मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने एक मैसेज में कहा कि यह अवसर बीर टिकेंद्रजीत, थंगल जनरल, चिरई नागा, पुखरंबम काजाओ, निरंजन सूबेदार और कई अन्य शहीदों जैसे वीर पूर्वजों की याद दिलाता है जिन्होंने अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए सर्वोच्च और निस्वार्थ बलिदान दिया। राज्यपाल ने कहा कि जिन्हें मणिपुर से जीवन भर के लिए निर्वासित कर दिया गया था, वे अपने राष्ट्र की स्वतंत्रता में विश्वास करते थे।

## जम्मू-कश्मीर के हर युवा को तिरंगे से है प्यार : मनोज सिन्हा

**श्रीनगर,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर का हर युवा तिरंगे के गौरव से प्यार करता है और उसकी रक्षा करेगा। यहां प्रसिद्ध डल झील में विशाल 'तिरंगा रैली' को हरी झंडी दिखाने के बाद उपराज्यपाल ने कहा कि जो लोग कह रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर में कोई भी राष्ट्रीय ध्वज नहीं उठाएगा, उन्हें एहसास हो गया होगा कि हर युवा तिरंगे से प्यार करता है। उपराज्यपाल ने कहा कि सबसे बड़ा बदलाव यह है कि हर व्यक्ति तिरंगे के गौरव की रक्षा करना चाहता है और जम्मू-कश्मीर और राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहता हैं।

सिन्हा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के अलावा सुरक्षा तथा नागरिक प्रशासन के अधिकारियों ने भी डल झील के किनारे बुलेवार्ड रोड पर तिरंगे को लहराया। उपराज्यपाल ने एक ट्वीट में कहा कि पूरे केंद्र शासित प्रदेश में पुरुषों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी देश के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। रैली डल झील के किनारे से होते हुए एसकेआईसीसी से बॉटनिकल गार्डन तक निकाली गई। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे गूंजे। रैली में जम्मू कश्मीर पुलिस के डीजीपी दिलबाग सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि इस बात पर गर्व महसूस हो रहा है कि वे भी आज तिरंगा रैली का हिस्सा बने। पिछले साल की तुलना में इस साल की रैली बड़ी थी। हम देश में शांति के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।



■ डल झील में विशाल तिरंगा रैली को दिखाई हरी झंडी

### एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है जम्मू-कश्मीर

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि एक साथ, जम्मू-कश्मीर एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है। जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग एक संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी भावना से एकजुट हैं–हमारा प्रिय और विजयी तिरंगा दुनिया में ऊंचा लहराएं। उपराज्यपाल ने कहा कि आओ साथ चलें, हमारे दिल एक साथ धड़कें, यही तो है तिरंगा यात्रा का संकल्प जो समाज के हर वर्ग को एक भाव में बांधता है। पुलवामा से पुंछ तक, कुलगाम से कठुआ तक, जम्मू से श्रीनगर तक, 20 जिलों में सभी घर जश्न मना रहे हैं और तिरंगे फहरा रहे हैं।

## सार संक्षेप

### महाराष्ट्र के सीएसएमएम अस्पताल में 24 घंटे में 18 मरीजों की मौत

**ठाणे।** ठाणे के कलवा में सरकारी छत्रपति शिवाजी महाराज मेमोरियल अस्पताल में पिछले 24 घंटे में कम से कम 18 मरीजों की मौत हो गई है, जिससे महाराष्ट्र में सार्वजनिक और राजनीतिक आक्रोश फैल गया है। इससे पहले 1 अगस्त को भी अस्पताल में पांच मरीजों की मौत हो गई थी। ठाणे नगर आयुक्त अभिजीत बांगर ने कहा कि 18 मौतों की सूचना मिली है। राकांपा प्रमुख शरद पवार ने घटना पर दुख व्यक्त किया और देरी से प्रतिक्रिया देने के लिए जिला प्रशासन की आलोचना की।

### पंजाब के तरनतारन से टूटा हुआ ड्रोन बरामद

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने विशेष सूचना पर संयुक्त रूप से रविवार को पंजाब के तरनतारन जिले में तलाशी अभियान चलाया और एक टूटा हुआ ड्रोन बरामद किया। बीएसएफ ने कहा कि ड्रोन को प्लास्टिक की बोरी में रखकर लखना गांव के पास ईंटों से बांध दिया गया था। बरामद ड्रोन एक क्वाडकॉप्टर है। एक अन्य संयुक्त तलाशी अभियान में, अमृतसर जिले के धनोए कलां गांव के खेतों से पीले चिपकने वाले टेप में लिपटा हुआ मादक पदार्थों का एक पैकेट बरामद किया गया, जिसमें 53 ग्राम हेरोइन होने का संदेह है।

### आरजीआईए हैदराबाद में 6 लाख का सोना जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने रविवार को दो हवाई यात्रियों से लगभग 6 लाख रुपए मूल्य का एक किग्रा सोना जब्त किया। रैंडम एक्स-बीआईएस (इको-5) मशीन का उपयोग करके उनके सामान की जांच की।

### चोरी के आरोपियों को पेड़ से बांधकर बाल काटे

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में सरिया चोरी के दो आरोपियों को भीड़ ने पकड़ कर पीटा फिर पेड़ से बांधा और उनके बाल भी काट दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की सिलिकॉन सिटी के पास स्थित स्टार कॉलोनी का है, जहां की एक निर्माण अधीन इमारत में कुछ युवकों ने शनिवार की रात सरिया चुराने की नीयत से धावा बोला। आसपास के लोगों को जब इस बात की जानकारी लगी तो उन्होंने द्वारिकापुरी में रहने वाले कुणाल और संतोष को पकड़ लिया। दोनों की पिटाई की मगर यह दोनों भागने लगे तो उन्हें भीड़ ने पड़कर पहले पेड़ से बांधा और पिटाई करने के साथ उनके बाल भी काटे।

### मप्र में 50 फीसदी वाले पत्र पर मचे बवाल पर भड़के कमलनाथ

# सर से पांव तक घोटालों से घिरी है मध्य प्रदेश सरकार

**भोपाल,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में 50 फीसदी वाले लेटर पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस कर्नाटक के 40 प्रतिशत की तर्ज पर प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन का मुद्दा बनाने की रणनीति के तहत आगे बढ़ रही है। वहीं, इसे भांप कर भाजपा ने भी कड़ा विरोध कर प्रदेश के सभी जिलों में शिकायत दी है। इसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत 41 जिलों में एफआईआर भी दर्ज हो गई है। वहीं, अब कांग्रेस अपने नेता कमलनाथ, प्रियंका गांधी, अरुण यादव के खिलाफ एफआईआर होने पर सड़क पर उतर कर विरोध करेगी।

सोशल मीडिया पर कमीशन संबंधी कथित पत्र वायरल होने के बाद कांग्रेस नेताओं पर दर्ज कराई प्राथमिकी को लेकर रविवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह प्राथमिकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के इशारे पर दर्ज कराई गई है। कमलनाथ ने अपने ट्वीट के माध्यम से कहा 'सर से पांव तक घोटालों से घिरी शिवराज सिंह चौहान सरकार के इशारे पर कांग्रेस की सम्मानित नेता प्रियंका गांधी, जयराम रमेश और मुझ सहित कई नेताओं पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में भाजपा नेताओं ने एफआईआर दर्ज कराई गई। जिस सरकार को मध्यप्रदेश का बच्चा-बच्चा कमीशन राज सरकार कहता है, वह सरकार भ्रष्टाचार की जांच नहीं करा सकती, बल्कि भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाने वालों पर अत्याचार कर सकती है। मैं कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता का आव्हान करता हूं कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ तन कर खड़ा हो जाए और इस 50 प्रतिशत कमीशन के राज को उखाड़ फेंके।' प्रदेश में तीन महीने बाद विधानसभा चुनाव है। इससे पहले कांग्रेस ने कर्नाटक प्लान पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाए। इसमें कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख जयराम रमेश, पूर्व सीएम कमलनाथ, पूर्व पीसीसी चीफ अरुण यादव समेत कई नेताओं ने सरकार पर 50 प्रतिशत लेने के आरोप लगाए। इसमें कांग्रेस नेताओं ने लघु एवं मध्यम श्रेणी संविदाकार संघ के एक पत्र का जिक्र किया। इस पत्र को सबसे पहले कांग्रेस नेता अरुण यादव ने शेयर किया था। पत्र में संघ के अध्यक्ष अध्यक्ष ज्ञानेंद्र अवस्थी ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन देने पर ही भुगतान मिलता है। उन्होंने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से मांग की है कि पूरे मामले की जांच हाईकोर्ट के जज से कराई जाए और हमारे लंबित भुगतान करवाए जाए।

कांग्रेस नेताओं के आरोप पर भाजपा भड़क गई। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस नेताओं ने एफआईआर के लिए आवेदन दिया। भाजपा नेताओं के आवेदन पर ग्वालियर में ज्ञानेंद्र अवस्थी के खिलाफ सबसे पहले एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद इंदौर में एफआईआर में प्रियंका गांधी, कमलनाथ और अरुण यादव का नाम जोड़ा गया। इसी तरह भोपाल में भी कांग्रेस नेताओं के उससे संबंधित ट्वीट करने वाले नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस को पत्र में दिए पते पर ना तो ज्ञानेंद्र नाम का कोई शख्स और ना ही संस्था मिली है। इसलिए पता अज्ञात लिखा गया है।




भाजपा के इशारे पर कांग्रेस नेताओं पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी : कमलनाथ

### कांग्रेस उतरी सड़क पर

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, कमलनाथ और अरुण यादव के खिलाफ एफआईआर होने पर कांग्रेस भड़क गई है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कांग्रेस नेताओं के खिलाफ की गई एफआईआर का विरोध करने के लिए कांग्रेस नेता भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध करने सड़क पर उतरे। उन्होंने प्रदेश सरकार की 50 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार की अर्थी निकाली। भोपाल शहर जिला अध्यक्ष मोनू सक्सेना ने बताया कि हमारे नेताओं के खिलाफ भाजपा सरकार के दबाव में एफआईआर की गई है। इनको अब जनता जवाब देगी। हम डरेंगे नहीं लड़ेंगे।

## केरल में बुखार से पीड़ित बच्चे को लगाया रेबीज का टीका

**तिरुवनंतपुरम,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। अंगामलाई सरकारी अस्पताल में एक अस्थायी नर्स को निलंबित कर दिया गया, क्योंकि उसने बुखार से पीड़ित एक लड़की को रेबीज का टीका लगा दिया था। सात साल की बच्ची के माता-पिता ने कहा कि नर्स ने उसके नुस्खे की जांच किए बिना इंजेक्शन लगा दिया। यह घटना 11 अगस्त को हुई थी। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने जांच के आदेश दिए थे और जांच के बाद नर्स को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। बच्चे की मां अंजलि ने मीडिया को बताया कि वह पुलिस जांच के लिए दबाव नहीं डालेंगी, क्योंकि डॉक्टरों ने उन्हें सूचित किया है कि बच्चे को कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नर्स ने परिवार से माफी मांगी है और परिवार को मामले को आगे बढ़ाने में कोई दिलचस्पी नहीं है।



■ नर्स को किया गया बर्खास्त

## परिसीमन के जरिए एआईयूडीएफ को नुकसान पहुंचाने की साजिश : अजमल

**गुवाहाटी,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने आरोप लगाया है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने परिसीमन अभ्यास के माध्यम से उनकी पार्टी को राजनीतिक रूप से दरकिनार करने के लिए विवाद की साजिश रची। अजमल ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री परिसीमन प्रक्रिया के माध्यम से राज्य में मूल लोगों के हितों की रक्षा करने की बात कर रहे हैं।

मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मुस्लिम लोग भी असम के मूल निवासी हैं। उनका आरोप है कि परिसीमन से असम विधानसभा में मुस्लिम विधायकों की संख्या कम हो जाएगी। अजमल ने कहा कि हमारी पार्टी परिसीमन में सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाली पार्टी है। विधानसभा सीटों के भूगोल में बदलाव के कारण हमारे कई विधायक अगली बार हार जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने राज्य की राजनीति में एआईयूडीएफ को खत्म करने के मकसद से ऐसा किया और कांग्रेस ने गुपचुप तरीके से उसका साथ दिया। एआईयूडीएफ नेता ने कहा कि परिसीमन आदेश के बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों खुश हैं। इससे साबित होता है कि उनमें पहले से आपसी समझ थी। आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में अजमल ने दावा किया कि उनकी पार्टी कम से कम तीन सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले हमने धुबरी, बारपेटा और करीमगंज लोकसभा सीटें जीती थीं। इस बार नागांव सीट भी हमारे लिए अनुकूल है। हम वहां पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे और उम्मीद है कि इन चार सीटों में से कम से कम तीन जीतेंगे।



■ परिसीमन से असम विस में मुस्लिम विधायकों की संख्या कम हो जाएगी

## शाह ने गुजरात में विभिन्न परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**गांधीनगर,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को मेहसाणा के चंद्रसार गांव का दौरा किया, जहां उन्होंने एक झील के चल रहे नवीनीकरण का अवलोकन किया। झील का नवीनीकरण किया जा रहा है और योजना में एक एम्फीथिएटर व एक ओपन लाइब्रेरी का एकीकरण शामिल है, जो स्थानीय निवासियों के लिए समृद्ध सामुदायिक स्थानों का वादा करती है। अमित शाह ने एक नए सब-रजिस्ट्रार दफ्तर का भी उद्घाटन किया। यह 2 करोड़ रुपये का निवेश संपत्ति से संबंधित कार्यों में तेजी लाने, निवासियों के लिए दक्षता और आसानी सुनिश्चित करने के लिए तैयार है।



अमित शाह ने पिछले 9 वर्षों में देश भर में सड़क निर्माण की गति को दोगुना करने में मोदी सरकार के सराहनीय प्रयासों की सराहना की। शाह ने गुजरात में भाजपा के मजबूत डबल इंजन शासन पर प्रकाश डाला, जिसने सड़कों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से कनेक्टिविटी और विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। इस परियोजना का अनुमानित बजट 40 करोड़ रुपए है। यह रणनीतिक कदम स्थानीय गतिशीलता को बढ़ावा देने और यातायात लचीलेपन को बढ़ाने के लिए निर्धारित है, जो व्यापक विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक सच्चा प्रमाण है।

## लोगों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही पुलिस : लिंगराज

**भुवनेश्वर,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। एक दशक से अधिक समय से ओडिशा के कालाहांडी और रायगडा जिलों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशील नियमगिरि पहाड़ियों में बॉक्साइट खनन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे एक आदिवासी निकाय ने अपने सदस्यों के खिलाफ यूएपीए मामलों को तत्काल वापस लेने की मांग की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह मांग कथित तौर पर वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का विरोध करने के लिए नियमगिरि सुरक्षा समिति (एनएसएस) के नौ सदस्यों के खिलाफ सख्त गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत आरोप तय करने के बाद की गई है। एक संवाददाता सम्मेलन में एनएसएस नेता लिंगराज आजाद ने शनिवार को यूएपीए के प्रावधान के तहत आदिवासी निकाय के नौ सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए राज्य सरकार और रायगडा जिला पुलिस की आलोचना की। आजाद ने दावा किया कि पुरुषों और महिलाओं के एक समूह ने छह अगस्त को कल्याणसिंहपुर पुलिस स्टेशन के सामने प्रदर्शन किया था, जिसमें दो ग्रामीणों का पता मांगा गया था, जिन्हें कथित तौर पर पुलिसकर्मियों ने लांजीगढ़ हाट से उठाया था।उन्होंने दावा किया, शुरुआत में पुलिस ने दोनों का पता नहीं बताया। बाद में एक ग्रामीण पर 2018 में हुए दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया और दूसरे को रिहा कर दिया गया।



■ आदिवासियों ने की यूएपीए मामलों को वापस लेने की मांग


**तैयारी** — *कश्मीर घाटी में स्वतंत्रता दिवस समारोहों को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में*

# 33 साल बाद बिना किसी प्रतिबंध के मनेगा स्वतंत्रता दिवस

**श्रीनगर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। कश्मीर घाटी में 33 साल के लंबे इंतजार के बाद सही मायने में सामान्य परिस्थितियों में स्वतंत्रता दिवस समारोहों का आयोजन होगा। अधिकारियों ने घाटी में स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच 15 अगस्त और उसके आसपास नागरिक आवाजाही पर सभी प्रतिबंध हटाने व मोबाइल फोन तथा इंटरनेट के सुचारू संचालन की घोषणा की है।**

कश्मीर संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने 15 अगस्त के आसपास मोबाइल फोन और इंटरनेट को निलंबित करने से इनकार कर दिया है। यह पिछले कई वर्षों के विपरीत है जब अधिकारी 15 अगस्त के आसपास घाटी में मोबाइल फोन और इंटरनेट दोनों सेवाओं को निलंबित कर देते थे। डिविजनल कमिश्नर ने यह भी कहा कि 15 अगस्त के आसपास और उस दिन घाटी में कहीं भी सार्वजनिक आवाजाही पर किसी भी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। कश्मीर के एडीजीपी विजय कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के सुचारू संचालन के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा ग्रिड स्थापित किया गया है, जबकि ड्रोन निगरानी और हवाई रेकी नए सुरक्षा उपायों का हिस्सा होगी। एडीजीपी ने रविवार को यहां बख्शी स्टेडियम में आयोजित फुल-ड्रेस रिहर्सल के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हवाई रेकी और ड्रोन निगरानी इस साल 15 अगस्त को की गई सुरक्षा व्यवस्था का नवीनतम आयाम है। घाटी में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह कई वर्षों के बाद बख्शी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पिछले कई साल से यह समारोह शहर के सोनवार इलाके में शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा था। एडीजीपी ने कहा है कि बख्शी स्टेडियम क्रिकेट स्टेडियम से कहीं बेहतर स्थल है। उन्होंने कहा कि यहां हमारे पास उचित पार्किंग सुविधा और आवास सुविधा है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए लोगों को बड़ी संख्या में आना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा श्रीनगर में मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और सलामी लेंगे, जबकि विभिन्न जिला विकास आयुक्त अपने जिलों में समारोह का नेतृत्व करेंगे। पुलिस, सेना, अर्धसैनिक बलों, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा बल तथा स्कूली बच्चों की टुकड़ियां बख्शी स्टेडियम में परेड का हिस्सा होंगी। सोमवार को सभी स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थलों पर विविधता में एकता को उजागर करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के चलते सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है।



■ स्वतंत्रता समारोह के सुचारू संचालन के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा ग्रिड किया गया स्थापित

■ नागरिक आवाजाही पर सभी प्रकार के प्रतिबंध हटाने की घोषणा की

देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार 14 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# संसद पर मोदी का एकाधिकार

हाल की अनेक सियासी घटनाओं ने इस खतरे के साफ संकेत दे दिये हैं कि देश की संसद पर सत्ता का लगभग एकाधिकार हो गया है। बहुमत के बल पर संविधान में सरकार बनाने के तो प्रावधान पर हैं लेकिन उसके शब्दों व भावना में कभी भी सर्वोच्च विधायिका पर सत्तारुढ़ दल का एकाधिकार संविधान निर्माताओं व देश के राजनैतिक पुरखों ने सोचा तक नहीं था। दुखद तो यह है कि ऐसा देश की आजादी के हीरक जयंती वर्ष के तत्काल बाद किया गया जिसे 'अमृतकाल' कहकर खूब प्रचारित और महिमामंडित किया गया। यह भी सर्वाधिक त्रासदीपूर्ण है कि ऐसा देश के मुखिया यानी प्रधानमंत्री के हाथों हो रहा है जिसका कर्तव्य संसद की उपयोगिता और प्रासंगिकता को बनाये रखना है। वैसे तो मोदी अपने पहले कार्यकाल के प्रारम्भ (2014) से ही सिर्फ संसद ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण व्यवस्था पर एकछत्र राज करने के उपाय करते आये हैं, लेकिन 2019 में विशाल बहुमत पाने के बाद वे पूर्णत: अनियंत्रित हो गये हैं। मंगलवार को पड़ रहे 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनके कामों की समीक्षा करना इसलिये बेहद प्रासंगिक व आवश्यक बन पड़ता है।

यूं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकतंत्र विरोधी कामों की लम्बी फेहरिस्त है और उन पर हमेशा से चर्चा होती भी रही है पर इसी शुक्रवार को समाप्त हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान उनके द्वारा अपनाया गया व्यवहार सिर्फ असंसदीय ही नहीं था बल्कि अलोकतांत्रिक भी रहा। पिछले कुछ समय से उनके कामों की देश-विदेश में हो रही आलोचनाओं और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों की होती लामबन्दी से बौखलाये मोदी के तेवर प्रतिपक्ष के प्रति अत्यंत अपमानजनक और गरिमाहीन होते जा रहे हैं। संसद से चुन-चुनकर मुखर विपक्षी सदस्यों को निकाल बाहर करना, सवालों के जवाबों से कन्नी काटना, व्यवस्था में मनचाहा बदलाव आदि हाल के ऐसे मामले हैं जो देशवासियों की नागरिक आजादी के लिये बड़े खतरे हैं। इस प्रवृत्ति के खिलाफ़ देश भर में आवाज़ उठनी आवश्यक है।

जिस मणिपुर की हिंसा और महिलाओं के उत्पीड़न पर पूरा देश हिल उठा है, उसे लेकर मोदी और उनकी सरकार ने जैसा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार दिखाया है, वह अपने आप में बेहद शर्मनाक है। पहले तो संसद में इस पर चर्चा कराने के लिये सरकार तैयार ही नहीं थी। बड़ी मुश्किल से इस पर अविश्वास प्रस्ताव के तहत तीन दिवसीय चर्चा हुई तो मोदी स्वस्थ संसदीय परम्परा को धता बताकर पूरी बहस के दौरान आये ही नहीं। वे वैसे भी संसद में कम ही आते हैं। आये भी उन्होंने ऐसे जवाब नहीं दिये जिनमें विपक्ष के सवालों के तथ्यपरक स्पष्टीकरण हों। उत्तर की बजाय अपने सहयोगियों से नारेबाजी कराई तथा विपक्ष को कोसते रहे। अधिक आपत्तिजनक यह है कि मणिपुर की चर्चा से भागने वाले मोदी मध्यप्रदेश की एक सभा में कहते फिर रहे थे कि सत्ता दल गम्भीर चर्चा करना चाहता था परन्तु विपक्ष भाग (बॉयकॉट) गया। सवाल यह है कि अगर सत्ता दल चर्चा करना ही चाहता था तो उसे किसने रोका था? मोदी तो सदन के बाहर पहले भी चर्चा कर सकते थे। मोदी ने स्वयं क्यों नहीं सवा दो घंटे का उपयोग ठोस जवाब के लिये किया। जो बिंदुवार प्रश्न कांग्रेस के गौरव गोगोई ने रखे थे वे उनका सिलसिलेवार जवाब देते। मोदी ने केवल दो-ढाई मिनट इस विषय को दिये और भावनात्मक बातें ही कीं। उन्होंने कहा कि 'मणिपुर में शांति का सूर्य निकलेगा', पर यह नहीं बताया कि वह कैसे निकलेगा तथा उसमें सरकार की भूमिका क्या रहेगी। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि अमित शाह और मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह की दंगों को रोकने में क्या भूमिका रही।

मोदी दरअसल संसद पर ही नहीं वरन एक तरह से समग्र लोकतांत्रिक प्रणाली पर ही अपना एकाधिकार कायम कर रहे हैं। बगैर चर्चा के थोक में कानून बदले जा रहे हैं। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिये बनने वाली समिति से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को बाहर कर दिया गया है। अब प्रधानमंत्री तथा विपक्ष के नेता के अलावा उनके द्वारा नामांकित एक कैबिनेट मंत्री कमेटी के सदस्य होंगे। अपने एकाधिकार के बारे में मोदी कितने आश्वस्त हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मध्यप्रदेश के एक मंदिर का शिलान्यास करते वक्त उन्होंने कह दिया है कि 'इसका लोकार्पण भी मैं ही करूंगा।' क्या मोदी जी को बतौर तीसरी बार पीएम का चेहरा उनकी पार्टी ने मान लिया है? क्या वे इस कदर शक्तिशाली हो गये हैं कि खुद के बारे में भी सब कुछ तय कर रहे हैं? ये भी सवाल हैं।

मणिपुर के अलावा नूंह (मेवात) में हुई हिंसा और जयपुर-मुंबई ट्रेन का वह हादसा जिसमें एक व्यक्ति द्वारा खास सम्प्रदाय के तीन लोगों की हत्या करना यह बतलाता है कि उनका विधायिका पर ही नहीं, कार्यपालिका पर भी ऐसा मजबूत नियंत्रण है कि प्रशासन सरकार को बचाने के लिये या तो मौन है अथवा तथ्यों की तोड़-मरोड़ करने, अपारदर्शिता और गैर जिम्मेदारी का प्रदर्शन कर रहा है। संसद में कही जाने योग्य बातों को सदन के बाहर और बाहर कही जाने वाली बातों को सदन के भीतर कहते-बोलते मोदी ने संसद को अपनी सुविधा और मूड का मंच बना लिया है। हाल के मामलों में उनके जवाब अपरिपक्वता की निशानी तो हैं ही, वे पद की गरिमा भी गिरा चुके हैं। उनकी नज़रों में संसद का अर्थ सिर्फ शक्तियां पाना और राज करना है।

# नेहरू ने बिना शिकायत शून्य से भारत को शिखर तक पहुंचाया



शकील अख्तर

**आंकड़े देखना चाहिए। पूरे तो अगर लिखने लगें तो एक लेख में क्या समाएंगे, पूरी किताब बन जाएंगी। मगर आज 15 अगस्त, 2023 को 76 साल में देश ने कितनी प्रगति की यह समझने के लिए एक आंकड़ा। शिक्षा का। शिक्षा ही है और आधुनिक शिक्षा जो किसी भी देश और समाज को बनाती है। तो आजादी के समय देश में साक्षरता केवल 12 प्रतिशत थी। और महिलाओं की तो केवल 9 प्रतिशत। मतलब 1947 में आजादी के समय 11 में से केवल एक महिला साक्षर थी।**

देश का सबसे बड़ा दिन 15 अगस्त। हर साल कई तरह से याद किया जाता है। नास्टेलजिया (पुरानी अच्छी यादें) होता है। स्कूल के वह दिन सुबह बहुत जल्दी मुंह अंधेरे निकलकर प्रभात फेरी। पूरे गांव, कस्बे या स्कूल के आसपास, शहर का गांधी, नेहरू, सुभाषचन्द्र बोस, भगतसिंह के जिन्दाबाद नारे लगाते हुए, देशभक्ति के गीत गाते हुए चक्कर और फिर बच्चों का सबसे पसंदीदा प्रोग्राम बूंदी के लड्डू मिलना।

वह दिन भी खत्म हुए। मगर अभी भी उत्साह पैदा कर देते हैं। तैयारियां केवल बच्चों की नहीं होती थीं, मां-बाप भी खुश होकर इंतजाम करते थे। सबसे मुश्किल काम होता था। सफेद टेनिस शू (कैनवास) की पालिश करके उसे सुखाना। गीली चॉक या वह सफेद रंग की टिकिया पालिश से जूते गीले हो जाते थे। और अगस्त का महीना बरसात का जूते सूखने का नाम नहीं लेते थे। और कभी किसी साल उस दिन से पहले नए सफेद कैनवास शू मिल जाते थे तो कहना ही क्या! लगता था सबसे अलग आप ही हैं।

मगर यह सब भावनात्मक यादें हैं। अच्छी हैं। और बिला नागा हर साल आती हैं। रील सी पूरे दिमाग में घूम जाती है। लेकिन आजादी एक अलग ठोस तत्व है। जिस पर सोचना और बात करना अब लगातार कम होता जा रहा है। 76 साल हो रहे हैं। बहुत बड़ा अरसा। सच है बहुत काम हुआ है। आज की सरकार माने या न माने देश इन 76 सालों में बहुत आगे बढ़ा है। यह प्रगति इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण है कि शून्य से शुरू हुई थी।

अभी भी वे लोग हैं जो 1947 में किशोर हो रहे थे। उन्हें यादें हैं कि कितने कम स्कूल थे। अस्पताल थे। नौकरियां तो बहुत लिमिटेड हुआ करती थीं। मगर नेहरू ने वाकई चमत्कार किया। नकारात्मक बातें करने के बदले जैसा आज की सरकार करती है देश को बनाने में लग गए। कभी नहीं कहा कि अंग्रेजों ने क्या छोड़ा। जैसा आज हर बात में कहा जाता है कि सत्तर सालों में क्या हुआ वैसा कभी नहीं कहा कि पहले क्या हुआ।

सही है अगर वही करते रहते तो उन्हें भी बिना एम्स बनाए झूठ बोलना पड़ता कि दिल्ली में बना दिया। कह दिया कि दरभंगा में बना दिया। लाख बिहार सरकार कहती रहे, दरभंगा की जनता कहती रहे कि नहीं है यहां एम्स, मगर क्या फर्क पड़ता है। कह दिया। और भक्त लोग मान गए। कईयों ने तो आंकड़े भी दे दिए कि इतने लोग इलाज करवा कर ठीक होकर आ भी गए।

नेहरू ने काम किया। आज बातें की जा रही हैं। महाराष्ट्र की कलावती के लिए कह दिया कि राहुल ने कुछ नहीं किया। भक्त मान गए। कांग्रेस कहती रहे। खुद कलावती कहती रहे कि राहुल ने पूरी मदद की। मगर मीडिया लिख चुका कि भाजपा सरकार ने की थी।

पहले पत्रकार फैक्ट फाइंडिंग करते थे। दरभंगा जाकर वहां से लिखते थे कि नहीं है एम्स। कलावती से मिलकर लिखते थे कि उसकी मदद भाजपा सरकार ने नहीं राहुल ने की है। मगर आज जो सरकार कह दे वही सही। नाले के गैस से चाय बनना आविष्कार है। रडार बादलों में काम नहीं करता नया तथ्य है। कबीर, गुरु नानक और गोरखनाथ का समकालीन होना नया इतिहास है। और भारत 1947 में नहीं 2014 में आजाद हुआ नई खोज है। ऐसी बहुत सारी बातें होंगी। खुद को महान साबित करने के लिए ऐसी काल्पनिक बातों की कोई सीमा नहीं है। कभी मनोवैज्ञानिक इस पर लिखेंगे। आज तो किसी की हिम्मत नहीं है।

मगर नेहरू इन चक्करों में नहीं पड़े। उन्होंने देश की प्राथमिकताएं तय कीं और उनमें लग गए। आराम हराम है का नारा नेहरू ने ही दिया था। 16 घंटे काम वे ही करते थे। और झूठ देश को कितना नुकसान पहुंचा सकता है। अंदर से खोखला कर सकता है वे जानते थे इसीलिए अफवाहें देश की सबसे बड़ी दुश्मन हैं का आह्वान किया था।

नेहरू भी चाहते तो झूठ और अफवाहों के जरिए अपनी सरकार चला सकते थे। आजादी के आंदोलन का नेतृत्व करने का बड़ा आभा मंडल उनके पास था। विपक्ष कहीं था ही नहीं। संघ (जिसकी राजनीतिक शाखा आज भाजपा है) आज जो नेहरू की सबसे ज्यादा आलोचना करता है, उस समय आजादी के आंदोलन में शामिल नहीं होने के कारण जनता में बहिष्कृत था। नेहरू के पास सिर्फ चुनाव का ही नहीं आजादी के आंदोलन से निकला एक बड़ा जन समर्थन था। जैसी चाहे कहानियां बना सकते थे। मगर उन्होंने देश का ठोस निर्माण करने का फैसला किया।

कुछ आंकड़े देखना चाहिए। पूरे तो अगर लिखने लगें तो एक लेख में क्या समाएंगे, पूरी किताब बन जाएंगी। मगर आज 15 अगस्त, 2023 को 76 साल में देश ने कितनी प्रगति की यह समझने के लिए एक आंकड़ा। शिक्षा का। शिक्षा ही है और आधुनिक शिक्षा जो किसी भी देश और समाज को बनाती है। तो आजादी के समय देश में साक्षरता केवल 12 प्रतिशत थी। और महिलाओं की तो केवल 9 प्रतिशत। मतलब 1947 में आजादी के समय 11 में से केवल एक महिला साक्षर थी।

तो आप समझ सकते हैं कि नेहरू ने किस तरह जीरो से शुरूआत की। अगर वे भी बातें बनाते रहते तो देश की साक्षरता दर आज 12 प्रतिशत से 82 प्रतिशत नहीं होती। महिला साक्षरता 9 प्रतिशत से 77 प्रतिशत तक नहीं पहुंचती। सबसे बड़ा काम था लोगों को पढ़ाना लिखाना। स्कूल थे नहीं। बहुत सारे लेखकों ने, अन्य लोगों ने लिखा है कि कैसे वे मीलों दूर पढ़ने जाया करते थे। उस समय पूरे देश में करीब एक लाख ही स्कूल थे। जिनमें से भी अधिकांश शहरों में। गांवों में तो स्कूल थे ही नहीं। नेहरू ने सबसे ज्यादा ध्यान इस पर दिया। स्कूल खोलने से लेकर टीचर ट्रेनिंग तक पर। केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं थी अच्छी शिक्षा भी जरूरी थी। और ऐसे ही उच्च शिक्षा भी।

नेहरू इसका महत्व कितना समझते थे यह इसी से समझ सकते हैं कि विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (यूजीसी) 1949 में ही बना दिया था। आजादी के समय देश में केवल 27 ही विश्वविद्यालय थे। नेहरू, गांधी, सुभाष चन्द्र बोस सबको पढ़ने के लिए विदेश जाना पड़ता था। और आज विदेशों में हर बड़े विश्वविद्यालय में भारतीय पढ़ा रहे हैं। पढ़े-लिखे लोगों के खिलाफ भाजपा इसीलिए है कि दुनिया भारत को इन पढ़े- लिखे लोगों के द्वारा ही जानती है। मनमोहन सिंह की बहुत आलोचना की जाती है।

मगर कैम्ब्रिज में, जिसके बारे में बताने की जरूरत नहीं कि कितनी प्रतिष्ठित अन्तरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी हैं मनमोहन सिंह के नाम पर ही फेलोशिप दी जाती है। इसी तरह किसी भी देश के बनने के लिए दूसरा जो सबसे बड़ा आधार होता है वह है स्वास्थ्य। आज भारत की जीवन दर 70 वर्ष है। मतलब हर व्यक्ति औसतन 70 साल तक जीता है। मगर आजादी के समय यह क्या थी? केवल 32 साल। इसे बढ़ाने के लिए देश में स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा विकसित किया गया। बहुत विस्तृत बात है। मगर संक्षेप में उस समय केवल 28 मेडिकल कालेज थे और आज करीब 612। तभी असली एम्स नेहरू ने 1961 में ही बना दिया था।

भारत ने बड़ी प्रगति की है। 76 साल में क्या हुआ या 2014 से पहले भारत में जन्म लेना शर्म की बात थी कहना आसान है मगर देश को बनाने का जो बीड़ा नेहरू ने उठाया था उसमें बाद के भी सभी प्रधानमंत्रियों ने अपनी-अपनी समझ के हिसाब से हाथ बंटाया। कम ज्यादा, सकारात्मक, नकारात्मक फैसला इतिहास करेगा। इतिहास भक्तों के हिसाब से, गोदी मीडिया के हिसाब से व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के हिसाब से नहीं लिखा जाएगा। वह तो ऐसा ही होता है जो तथ्य और सत्य पर आधारित होता है जिसमें से अभी यह बहुत थोड़ा सा हिस्सा निकालकर हमने आपको बताया।

# महाराजा का दरबार नहीं, 140 करोड़ लोगों की आवाज है संसद



संदीप सिंह

**आज संसद में खुलेआम सत्तापक्ष और विपक्ष में भेदभाव किया जाता है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने 37 मिनट का भाषण दिया लेकिन संसद टीवी के कैमरे ने उन्हें सिर्फ 14 मिनट 37 सेकेंड दिखाया, बाकी टाइम कैमरा लोकसभा अध्यक्ष को दिखाता रहा। इसके उलट, नरेंद्र मोदी या अमित शाह के भाषण के दौरान संसद टीवी ने ऐसा नहीं किया।**

संसद वह सर्वोच्च संस्था है जो देश के 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। इसका काम ये सुनिश्चित करना है कि देश संविधान के मुताबिक चले। देश और जनता के हित को सुरक्षित रखने के लिए संसद संविधान बदलने से लेकर हर तरह के फैसले ले सकती है। मौजूदा संसद सत्र खत्म होने के साथ यह सवाल पूछा जाना लाजिमी है कि क्या हमारी संसद ने देश की ज्वलंत समस्याओं को हल करने की पहल की? इसका जवाब बहुत निराशाजनक है।

चार महीने से जल रहे मणिपुर का मंजर, भयावह है। प्रधानमंत्री समेत केंद्र सरकार ने इसमें अब तक कोई हस्तक्षेप नहीं किया है। हत्या, बलात्कार, आगजनी और सामुदायिक विभाजन ने मणिपुर को लगभग चीरकर रख दिया है। संसद में विपक्ष ने प्रधानमंत्री से सदन में मणिपुर पर बयान की मांग की लेकिन इस मांग को ठुकरा दिया गया। मजबूरन विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव पेश करना पड़ा। प्रधानमंत्री को संसद में बयान देने आना पड़ा, लेकिन मणिपुर के लोगों को उन्होंने निराश किया। दो घंटे के भाषण में उन्होंने सबसे अंत में मणिपुर का जिक्र किया, जिसमें भी ठोस कुछ नहीं था। इस सारी कार्रवाई से मणिपुर की जनता को क्या मिला?

संसद चाह ले और प्रधानमंत्री चाह लें तो मणिपुर की समस्या दो दिन में हल हो सकती है। संसद चाहे तो विभिन्न राज्यों में फैले सांप्रदायिक तनाव को तुरंत रोका जा सकता था। प्रधानमंत्री चाह लें तो दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर हो रहा अत्याचार तुरंत रोका जा सकता है। संसद चाह ले और प्रधानमंत्री चाह लें तो महंगाई कम हो सकती है। प्रधानमंत्री चाह लें तो बेरोजगारी दूर हो सकती थी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

मणिपुर तीन महीने तक जलता रहा। राज्य की भाजपा सरकार इसे रोकने में नाकाम रही। केंद्र सरकार मौन। हिंसा और बर्बादी के बीच प्रधानमंत्री की चुप्पी से उकताकर मणिपुर की सभी पार्टियों के नेता प्रधानमंत्री से मिलने दिल्ली आए थे। प्रधानमंत्री ने उन्हें मिलने का वक्त नहीं दिया और विदेश यात्रा पर चले गए। जब प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव के जरिये संसद में आकर बोलने के लिए मजबूर किया गया तब भी वे दायें-बायें की बातें करते रहे, हंसी-मजाक-तंज करते रहे, इतिहास बांचते रहे और झूठ बोलते रहे।

क्या देश के 140 करोड़ लोग संसद से इतनी भी उम्मीद नहीं रख सकते कि जिस समय वे कोई अभूतपूर्व संकट झेल रहे हों तो संसद उसमें सकारात्मक हस्तक्षेप करे? भाजपा को यह याद रखना चाहिए कि संसद किसी महाराजा का दरबार नहीं है। यह 140 करोड़ लोगों की प्रतिनिधि संस्था है जिसके पास सर्वोच्च शक्ति है और जनकल्याण के लिए फैसला लेने की ताकत है। लेकिन भाजपा सरकार ने संसद में मौजूद इस 140 करोड़ लोगों की सारी शक्ति को एक व्यक्ति के चरणों में डाल दिया है। 'जो तुमको हो पसन्द हो वही बात कहेंगे' अब संसद का तराना है। अन्यथा विपक्षी सांसदों को आवाज उठाने के जुर्म में निष्कासित कर दिया जाता है। मौजूदा सत्र के दौरान विपक्ष के कई सांसदों को अनुचित ढंग से निष्कासित कर दिया गया।

आज संसद में खुलेआम सत्तापक्ष और विपक्ष में भेदभाव किया जाता है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने 37 मिनट का भाषण दिया लेकिन संसद टीवी के कैमरे ने उन्हें सिर्फ 14 मिनट 37 सेकेंड दिखाया, बाकी टाइम कैमरा लोकसभा अध्यक्ष को दिखाता रहा। इसके उलट, नरेंद्र मोदी या अमित शाह के भाषण के दौरान संसद टीवी ने ऐसा नहीं किया। विपक्षी नेता लगातार इस तरह के भेदभाव की शिकायतें लोकसभा अध्यक्ष से करते रहे हैं लेकिन यह बंद नहीं हो रहा है।

फरवरी में जब राहुल गांधी ने संसद में अडाणी और मोदी सरकार की साठगांठ से चल रहे भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया तो उनके खिलाफ एक बंद पड़े केस को खोल दिया गया और मात्र दो सुनवाई में दो साल की सजा दे दी गई। इस सजा के बाद लोकसभा की भूमिका बेहद चौंकाने वाली रही। सजा सुनाने के 24 घंटे के अंदर ही लोकसभा सचिवालय ने इसे आधार बनाकर राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द कर दी, जबकि खुद कोर्ट ने राहुल गांधी को अपील करने के लिए 30 दिन का वक्त दिया था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुच्छेद-103 के अनुसार, किसी संसद सदस्य की सदस्यता पर सवाल उठने की स्थिति में यह मामला राष्ट्रपति को भेजा जाता है। राष्ट्रपति चुनाव आयोग की राय लेकर फैसला करते हैं। राहुल गांधी के मामले में लोकसभा सचिवालय ने ऐसा फैसला लिया जिसका उसे अधिकार ही नहीं है। भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ।

ओम बिरला से पहले भाजपा सरकार ने सुमित्रा महाजन को लोकसभा अध्यक्ष बनाया था जो कि नरेंद्र मोदी के भाषण पर मेज थपथपाने लगती थीं। मंत्रियों के फंसने पर अपनी ओर से राय देने लगती थीं। वे इतना खुलकर पक्षपात करती थीं कि मीडिया में खबरें छपीं कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में सुमित्रा महाजन का व्यवहार भाजपा कार्यकर्ता की तरह है।

जीवी मावलंकर देश की पहली लोकसभा के अध्यक्ष थे। एक बार प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू बोलने के लिए खड़े हुए तो जीवी मावलंकर ने उन्हें टोक दिया क्योंकि यह नियम के विरुद्ध था। उनके टोकने पर नेहरू ने शालीनता से सिर झुकाया और बिना बोले ही बैठ गए। एक और घटना है जब पंडित नेहरू लोकसभा में एक अध्यादेश लाना चाहते थे। इस पर मावलंकर ने कहा, 'यह काम करने का लोकतांत्रिक तरीका नहीं है। सरकार को अपवाद की स्थिति में ही अध्यादेश का सहारा लेना चाहिए। यह तभी किया जाना चाहिए, जब ऐसा करना बहुत जरूरी हो।' पंडित नेहरू ने हमेशा लोकसभा अध्यक्ष के आदेश का सम्मान किया। इसका मतलब यह था कि संसद प्रधानमंत्री से बड़ी है। लेकिन आज लोकसभा अध्यक्ष पार्टी के कार्यकर्ता और एक व्यक्ति के गुणगान के लिए काम करते दिखते हैं।

पंडित नेहरू कहते थे, 'अध्यक्ष सदन की गरिमा तथा उसकी स्वतंत्रता का प्रतिनिधित्व करता है और चूंकि सदन राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है इसलिए अध्यक्ष एक प्रकार से राष्ट्र की स्वतंत्रता और स्वाधीनता का प्रतीक होता है।' आज हमारे लोकसभा अध्यक्ष और सत्ता में बैठी भाजपा मिलकर विपक्ष के साथ भेदभाव करके उस गौरवशाली संसदीय परंपरा को अपमानित करते हैं जिसकी शुरुआत पंडित नेहरू, सरदार पटेल, डॉ अंबेडकर और जीवी मावलंकर जैसे महापुरुषों ने की थी।

(लेखक कांग्रेस से हैं और जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष रहे चुके हैं।

## गुरवाणी विचार

### जो सुख को चाहे सदा शरण राम की लेह

इह जगि मीत न देखियो कोई  
सगल जगत अपनै सुखि लागिए।  
दुख में संग न होई (रहाओ)  
दारा मीत पूत संबंधी सगरे धन सिउ लागे।।  
जब ही निरधन देखिये नर कउ संग छाडि सभ भागे।  
कहौ कहाधिआ मन बउरे कउ इनसिउ नेहु लगइस।  
दीना नाथ सकल मैं भजन जस ताको बिसराइए।  
सुआन पूछ जिओ भयो न सूधो बहुत जतन मैं कीनो।।  
नानक लाज बिरद की राखौ नाम तुहारो लीनो।।

गुरुवाणी की यह पंक्तियां राग सोरठि से ली गई है जो गुरुग्रंथ साहिब के 633 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा नौंवे नानक गुरु तेगबहादुर समझा रहे हैं कि इस संसार में कोई किसी का हितैषी नहीं है। सारा संसार अपने ही सुखों के साधन जुटाने में लगा है। दुख में कोई किसी का साथ नहीं देता। केवल हर इंसान का प्रभु परमात्मा है जो आखिरी सांस तक हमारे साथ है इसलिए गुरुवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि उस प्रभु परमात्मा की सिमरन बंदगी करते रहो क्योंकि वही हमारा सच्चा दोस्त है-

सृजन सेई नालि मैं चलदियां नालि चलनि।  
जिथे लेखा मंगिये तिथे खड़े दिसनि।।

हम जिन्हें अपना मित्र समझते हैं जैसे अपनी पत्नी और सगे संबंधी सब मतलब के दोस्त हैं। जब तक पैसा है तभी तक वे सभी दोस्त हैं, निर्धन हो जाने पर कोई भी साथ नहीं देता सब छोड़ छाड़ के भाग जाते हैं। अगर बहुत ही सच्चे साथी होंगे तभी तक साथ देंगे जब तक शरीर है। जब शरीर ने साथ छोड़ा ज्यादा से ज्यादा शमशान भूमि तक साथ देंगे। आगे कोई साथ जाने वाला नहीं है साथ में वही हमारे जाएगा जो हमने प्रभु सिमरन कर संचित किया होगा। वही प्रभु परमात्मा ही सच्चा साथी होगा जो हमें आखिरी दम तक साथ देगा। अपने सच्चे दरबार में भी ले जाकर स्थान देगा। जहां फिर हमें सदा आनंद ही आनंद की प्राप्ति होगी।

इसलिए समझा रहे हैं कि ऐ मेरे भूले हुए मन क्यों सांसारिक विषय विकारों में फंसा हुआ है प्रभु परमात्मा जो तेरा सही मायने में मित्र है जिसने अंत तक तेरा साथ देना है उसी की सिमरन भक्ति में मन लगाने पर हम इस संसार में आकर उस प्रभु परमात्मा को बिसार बैठे हैं। इसलिए दुख पाते रहते हैं। तभी तो गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है-

जो सुख को चाहे सदा शरण राम की लेह।

हमें प्रभु सिमरन भक्ति करते रहना है और सच्चा धन एकत्र करना है जो हमेशा हमारे साथ जाएगा। धन दौलत तो हमारे साथ जाने वाला नहीं है। यह सब हमारे लिए ऐशोआराम का साधन इकत्र कर सकती है पर अंत समय में हमारे किसी भी काम में आने वाला नहीं है भले ही इसे संचित करने में हर प्रकार के उपाय करते रहते हैं। जब कुछ धन संचित हो जाता है तब और चाहिए और चाहिए इस तरह कितना भी हमारे पास धन हो जाए तृष्णा कभी खत्म नहीं होती।

विपत्ति आ जाए तो धन हमारी कोई मदद नहीं कर पाता। सिकंदर ने पूरे विश्व पर विजय प्राप्त कर ली पर अंत समय में उसने कहा जब मेरा जनाजा निकाला जाए तो मेरे दोनों हाथ और दोनों पैर कफन से बाहर रखें ताकि लोगों को पता हो कि विश्व विजेता सिकंदर भी नंगे पांव और खाली हाथ जा रहा है। इसलिए हमें सच्चा धन प्राप्त करने के लिए सिमरन भक्ति करना है जिसे ना कोई चोरी कर सकता है न ही कोई हमसे छीन सकता है-

साचा एह हरि धन अगनी तस करै पाणिये।  
जमदूते किसे का गवाइया न जाई।।  
हरि धन कउ उचका नेड़ि न आवई  
जम जागति डंड न लगाई।।

इसलिए गुरवाणी में हमें बार-बार समझाया गया है- हरि धन सांचीअै भाई जि हलति पलति हरि होइ सखाई।।

गुरदेव फरमा रहे हैं कि जिस तरह कुत्ते की पूंछ को कितने ही जतन कर लिया जाए सीधा नहीं किया जा सकता। इसलिए परमात्मा के सिमरन में जो लापरवाह होते हैं। परमात्मा सिमरन से बेमुख होते हैं वे समझाने पर भी नहीं समझते वे भी सब संसार में आकर खाओ-पीयो और मौज मस्ती में लगे रहते हैं जो अंत समय में उनके काम नहीं आ सकती। तब वे बहुत पछताते हैं।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### वे आ रहे हैं दूध पिलाने,सावधान रहें!

हरिशंकर परसाई जी ने लिखा है -'साल-भर सांप दिखे तो उसे भगाते हैं। मारते हैं। मगर नागपंचमी को सांप की तलाश होती है, दूध पिलाने और पूजा करने के लिए। सांप की तरह ही शिक्षक दिवस पर रिटायर्ड शिक्षक की तलाश होती है, सम्मान करने के लिए।' बहरहाल यह बात आज की राजनीति पर बिल्कुल फिट बैठती है पिछले दिनों साहिब जी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से बड़े जोशखरोश के साथ कहा कि वे रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर मुस्लिम बहनों को रक्षा सूत्र बांधें यानि उनकी रक्षा का वचन दें। उन्हें इस अवसर पर चढ़ावा बतौर कुछ देना तो ज़रूरी होता है वह दिए बिना रक्षा-बंधन अधूरा होगा।

आप जानते हैं इस इंवेंट को भाजपा ने प्रदेश की 74 विधानसभा सीटों को ध्यान में रखकर यह डिजाइन बनाया है। इनमें 35 सिम अनुसूचित जाति के लिए हैं बाकी 19 सिम सामान्य है लेकिन इस पर दलित वाटर निर्णायक भूमिका में है और जिस गांव बड़तूमा को चुना, वह इन अनुसूचित जातियों के रहवास के बीच में, लगभग पड़ता है।

संत रविदास तो संत कबीर के समकालीन व गुरूभाई माने जाते हैं। स्वयं कबीरदास जी ने 'संतन में रविदास' कहकर इन्हें मान्यता दी है। राजस्थान की कृष्णभक्त कवयित्री मीराबाई उनकी शिष्या थीं। वहीं चित्तौड़ में संत रविदास की छतरी बनी हुई है। बनारस में उनके नाम का एक मंदिर और मठ भी है। काशी में जन्मे और वहीं अपनी देह समाप्त की। अपने दोहों और पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर उन्होंने बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी- मूर्ति पूजा तीर्थयात्रा जैसे दिखाओ में उनका बिल्कुल विश्वास नहीं था। वह व्यक्ति की आंतरिक भावनाओं और आपसी भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानते थे। उनका हाथ में निवेदन निभाओ और सहज भक्ति पाठक के हृदय को उद्वेलित करते हैं कबीर की तरह रैदास के बहुत से पद सिखों के पवित्र ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में मौजूद हैं विशेष बात यह कि संत रविदास देशभर में जाने जाते हैं। पंजाब में उन्हें रविदास, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान में रैदास। गुजरात ,महाराष्ट्र में रोहिदास। बंगाल में रूईदास के नाम से जाना जाता है। विशेष बात ये कि कुछ क्षेत्रों में उनकी चमार जाति को रैदास नाम से भी जानते हैं। उन्होंने लिखा है - पराधीनता पाप है, जान लेहु रे मीत। रैदास दास पराधीन सौं, कौन करै है प्रीत॥

तुलसीदास भी यही बात दूसरे अंदाज़ में कहते हैं- पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं। अफसोसनाक यह कि कि 15वीं शताब्दी में कही गई इन शिक्षाओं का खासा कोई असर दिखता नहीं। भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा को मंदिर से ज्यादा अहमियत दी। हालात आज तक नहीं बदले। संत रविदास के मंदिर बनाने के पीछे इन्हें भक्ति पथ दिखाकर संतुष्ट करने का जो उपक्रम किया जा रहा है उसे समझना ज़रूरी है। यह दूध पिलाने से कमतर नहीं है।

इसी कड़ी में साहिब जी ने लाखा बंजारा का नाम लिया जिन्होंने सागर में विशाल तालाब का निर्माण किया। वे आज याद आए जब वह तालाब एक छोटे ताल में बदल गया। जो कभी सागर हुआ करता था जिसके कारण शहर का नाम सागर हुआ। यह भी एक विशेष जनजाति को उपकृत करने के इरादे से।

देश ही नहीं प्रदेश में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति आज सरकार की कितनी अधिक उपेक्षा झेल रही है वह किसी से छिपा नहीं है। सीधी का पेशाब कांड माथे पर कलंक है। दलित दूल्हा आज भी घोड़ी नहीं चढ़ सकता। इन सभी अत्याचार मामले में प्रदेश अव्वल है। महिला उत्पीड़न भी कम नहीं। इसलिए तरह-तरह के लोक-लुभावन कार्यक्रम लेकर वे आ रहे हैं। सावधान रहें। चार साल जिसके साथ अनुचित और अमानवीय व्यवहार हो उसकी इस तरह खुशामद करना ठीक वैसा ही है जैसा हरिशंकर परसाई ने बताने की कोशिश की है। यकीन है आदिवासी व्यक्ति की पूजा हो, रैदास की पूजा हो या रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर मुस्लिम बहनों को राखी बांधना, लाड़ली बहनों को गिफ्ट देना छलावा है इसे समझें और समझदारी से काम लें।

**सुसंस्कृति परिहार**

उल्टा पुल्टा

लड़का-हर सन्डे के दिन आपके चेहरे पर रंग यों लगा होता है
लड़की-अरे मैं हर सन्डे होली खेलती हूं
लड़का- यों ?
लड़की-अरे हमारे स्कूल में टीचर ने बताया है कि Sunday मतलब Holiday.

# रेत के अवैध खनन पर करें सख्त कार्रवाई

## वन संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण होगा दर्ज, वाहन किए जाएंगे राजसात

### कलेक्टर संजीव झा ने ली जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक




**बिलासपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह की उपस्थिति में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के संबंध में चर्चा हेतु जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक मंथन सभाकक्ष में संपन्न हुई।

बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों से खनिज चोरी पर की गई कार्रवाई एवं इस संबंध में नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी ली। कलेक्टर ने रेत उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में खनिज विभाग को रेत चोरी का मामला पुलिस में दर्ज कराने के संबंध में निर्देश दिया गया, जिससे रेत चोरों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो सके। कलेक्टर ने वन विभाग को भी वन संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करते हुये ज्यादा से ज्यादा वाहन राजसात करने के निर्देश दिये। अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में जब्त किये जा रहे वाहनों पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा परिवहन नियमों के तहत सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) की संयुक्त पेट्रोलिंग टीम गठित कर लगातार रेत अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर निरंतर निगरानी एवं कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने खनिज विभाग द्वारा किसी भी कार्रवाई हेतु पुलिस दल की आवश्यकता होने पर संयुक्त अभियान की बात कही। बैठक में खनिज विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, राजस्व विभाग एवं पर्यावरण विभाग ने अपने-अपने विभाग द्वारा अवैध उत्खनन पर कार्यवाही के प्रावधानों के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत, एडीएम आर.ए. कुरूवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर एवं ग्रामीण), उप वन मण्डलाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर, कोटा, बिल्हा, तखतपुर एवं मस्तूरी, उप संचालक (ख.प्रशा.) खनिज शाखा, परिवहन अधिकारी, पर्यावरण विभाग एवं खनिज विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का किया गया फुल ड्रेस रिहर्सल

### कलेक्टर और एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में डॉ.रश्मि सिंह करेंगी ध्वजारोहण

**बिलासपुर** 13 अगस्त (देशबन्धु)। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल आज सवेरे 09 बजे पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया। कलेक्टर संजीव कुमार झा और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने अंतिम रिहर्सल में शामिल होकर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। कलेक्टर ने राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुकूल कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाते हुए ध्वजारोहण किया। फाइनल रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, स्वागत, ध्वजारोहण, परेड सलामी, मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डों से परिचय, पुरस्कार वितरण आदि का रिहर्सल किया गया। उल्लेखनीय है कि संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि अशीष सिंह जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगी। इस वर्ष स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।




गौरतलब है कि जनसंपर्क विभाग द्वारा राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं और विकास कार्यों पर आधारित 05 दिवसीय छाया चित्र प्रदर्शनी पुलिस परेड ग्राउंड में 15 अगस्त से लगाई जाएगी। रिहर्सल के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## संपादकीय

### यहां संभावनाओं के साथ चुनौतियां भी

*अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के लिए दलबदल कोई नई बात नहीं है, लेकिन समय जब चुनावों का हो तो इस दलबदल का भावी चुनाव परिणामों पर क्या असर पड़ेगा, इसके कयास भी लगने लगते हैं। छत्तीसगढ़ में दलबदल का सिलसिला चल पड़ा है। आए दिने खबरें आ रही है कि फलां जगह लोग भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए तो फलां जगह भाजपा छोड़कर कांग्रेस में या अन्य पार्टी में शामिल हो गए। ऐसे वक्त में किसी विधायक का किसी दल में शामिल होना अलग महत्व रखता है। लोरमी विधानसभा सीट से विधायक धर्मजीत सिंह भाजपा में शामिल हो गए। कुछ माह से उनके कांग्रेस या भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थीं। वे तीन बार विधायक चुने जा चुके हैं। वर्ष 2018 में अजीत जोगी के कांग्रेस से अलग होकर नई पार्टी बनाने के बाद वे कांग्रेस छोड़कर जोगी कांग्रेस में आ गए थे। जोगी कांग्रेस की ही टिकट पर उन्होंने चुनाव लड़ा और विधायक चुने गए। अजीत जोगी के निधन के बाद पार्टी को एकजुट रखने और उसे आगे बढ़ाने का काम थम सा गया। स्व.श्री जोगी की जगह उनके बेटे अमित जोगी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और उनकी पत्नी डा.रेणु जोगी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पार्टी को संभालना शुरू किया। इस बीच धर्मजीत सिंह से उनके रिश्ते बिगड़ते गए। बात यहां तक आई कि धर्मजीत सिंह पार्टी विधायकों को एक साथ पार्टी छोड़ने के लिए लामबंदी कर रहे हैं। इन्हीं आरोपों के बीच धर्मजीत को जोगी कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया। तभी से अटकलें लगाई जा रही थी कि धर्मजीत सिंह कांग्रेस से अपने पुराने रिश्ते की लिहाज से कांग्रेस में दोबारा आ सकते हैं या भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवं केन्दीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव एवं पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह की उपस्थिति में उन्होंने भगवा गमछा धारण कर लिया। कुछ माह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा. महंत से धर्मजीत सिंह की एक मुलाकात ने उनके कांग्रेस में शामिल होने की बात को हवा दे दी थी। लोरमी से लगे हुईं विधानसभा सीटों पर भी धर्मजीत सिंह का प्रस्ताव माना जाता है। उन्होंने जोगी कांग्रेस के नेता के रूप में इस क्षेत्र में काम भी किया था। जाहिर है उनकी अपनी महत्वाकांक्षा में कुछ सीटें भी हों, जिन पर वे अपने लोगों को उम्मीदवार बनाने की इच्छा रखते हों। शायद कांग्रेस में ये बात न बनी हो और भाजपा में उनकी बात मान ली गई हो। उनके भाजपा में शामिल होने के साथ इस प्रश्न का स्वाभाविक रूप से जवाब तलाशने की कोशिश शुरू हो गई है कि वह चुनाव कहां से लड़ेंगे? राजनेताओं के लिए नए दल में जहां नई संभावनाएं बनती है वहां चुनौतियां भी कम नही रहतीं। सत्तारूढ़ पार्टी हो या मुख्य विपक्षी पार्टी, चुनावों का समय आने पर लोग अपनी उम्मीदवारी को लेकर सक्रिय हो जाते हैं। जाहिर है धर्मजीत सिंह जिस भी सीट से उम्मीदवार बनाए जाएंगे उस सीट से भाजपा का कोई भावी उम्मीदवार पहले से तैयारी कर रहा होगा। आज की राजनीति में पार्टी या किसी व्यक्ति के लिए त्याग वाली भावना कम ही रह गई है। लोग विद्रोह में खड़े जाते हैं। चुनावों में अक्सर देखा जाता है कि अगर उम्मीदवार नहीं बनाया गया तो पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ सीधे मैदान में न उतरा जा सके तो लोग भितरघात से बाज नहीं आते। धर्मजीत सिंह जोगी कांग्रेस से निष्कासित किए जा चुके थे इसलिए उनका किसी न किसी पार्टी में जाना तो तय ही था। अब उन्हें अपनी चुनावी रणनीति पर काम करना होगा और इसमें पार्टी और उसके नेता किस रूप में उनका साथ देते हैं यह आगे दिखाई देगा।*

## सार-संक्षेप

### मतदाता जागरूकता अभियान बच्चों ने बनाई मनमोहक रंगोली



बिलासपुर, 13 अगस्त (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के बच्चे कार्यक्रम से जुड़कर मतदाता जागरूकता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। इसी क्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरकंडा में रंगोली, पोस्टर, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की होनहार छात्राओं ने मनमोहक रंगोली, चित्रकला एवं पोस्टर बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश प्रस्तुत किया। मस्तूरी ब्लॉक के द्रोणाचार्य संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनसरी में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली, पोस्टर एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना कला का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य कुंजल राम पटेल ने बताया कि भारत एक लोकतंत्रात्मक देश है एवं निर्वाचन उसकी जननी है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया कि मतदान केवल अपना मत देना नहीं बल्कि आने वाले भविष्य के प्रतिनिधि जो देश को अग्रिम विकास की ओर ले जाएंगे उनका चुनाव करने का सुअवसर है। इस बीच विद्यालय के प्राचार्य फिरतू राम पैकरा, श्रीमती नीतू जायसवाल, श्रीमती दुर्गेश्वरी साहू, लखराम पटेल, ओमकार प्रसाद पटेल, शिव कुमार पटेल, विजय कुमार पटेल, श्रीमती सत्यवती पैकरा, श्रीमती रीता श्रीवास, श्रीमती किरण पटेल, श्रीमती आशा देवी पटेल एवं सुश्री गीता चौहान उपस्थित रहे।

### श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन पौधारोपण कर देखभाल का लिया संकल्प



**बिलासपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन के द्वारा कृष्णापुरम कालोनी में पौधरोपण किया गया। आज फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा कृष्णापुराम कालोनी में पौधरोपण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संजीवनी हॉस्पिटल के डॉक्टर विनोद तिवारी डी सी टी रियल स्टेट डेवलपर के डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह राजपूत डॉक्टर रमेश वैष्णव व फाउंडेशन के मेम्बर द्वारा पौधरोपण किया गया। फाउंडेशन का मकसद एक पेड़ एक जिंदगी है आने वाले पीढ़ी के लिए बहुत जरूरी है पेड़ लगाना। पेड़ ही हमको हर समस्या से बचाते है आप देखेंगे कि आने वाले समय मे पानी दिनो दिन निचे जा रहा इसका मुख्य कारण पेड़ो का कटना है बहुत लोग नही जानते पेड के कारण ही पानी ऊपर रहता है वाटर लेबर को निचे जाने नही देता चारो तरफ पेड़ जरूरी है इसलिये फाउंडेशन के डायरेक्टर गौरव शुक्ला का संकल्प है की चारो तरफ पेड़ लगे ताकि हम एक खुशहाल जीवन जी सके। आज पौधरोपण के दौरान गौरव शुक्ला आमना राजगीर टिकेश्वर साव रमेश वैष्णव जया साहू सोनम देवांगन एवं टीम मौजूद थी।

# संवर गया भारतीय नगर का माधव तालाब

### स्मार्ट सिटी परियोजना से पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण

### आकर्षक लाइटिंग, पाथ वे, किड्स प्ले एरिया, जिम, प्लांटेशन



**बिलासपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। तालाबों के संवर्धन और पुनर्विकास की दिशा में काम करते हुए बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड शहर वासियों को भारतीय नगर माधव तालाब के रूप में एक नया टूरिस्ट स्पॉट की सौगात देने जा रहा है। जहां शहरवासी शहर में ही रहकर एक स्वच्छ वातावरण में क्वालिटी टाइम व्यतीत कर सकेंगे। जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा भारतीय नगर तालाब पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण के बाद निखर गया है, जिससे तालाब की खूबसूरती बढ़ गई है, रात के समय में यें और भी खूबसूरत दिख रहा है। सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए है, शीघ्र ही लोकार्पण किया जाएगा।

लगभग साढ़े तीन एकड़ में फैले भारतीय नगर तालाब को स्मार्ट सिटी परियोजना में शामिल करते हुए बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 4 करोड़ 38 लाख 89 हजार की लागत से विकास कार्य और सौंदर्यीकरण किया गया है। तालाब के चारों ओर बाउंड्रीवाल बनाकर परिसर को सुरक्षित किया गया है। तालाब के अंदर रिटेनिंग वॉल भी बनाया गया है। प्रवेश द्वार बनाए गए है, बैठने के लिए अलग-अलग प्रकार के चेयर और स्क्रप्लचर लगाई गई है। इसके अलावा बाउंड्रीवाल में अंदर की तरफ आकर्षक टू डी, थ्रीडी पेंटिंग बनाया गया है, पूरे परिसर का रंग रोगन कर कारपेट और पेवर घास लगाए गए है। इसके अलावा लैंड स्केपिंग, गेट फूटपाथ पेवर ब्लाक, प्लांटेशन, रेलिंग, टॉयलेट का निर्माण किया गया है।

पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण के तहत तालाब के चारो ओर आकर्षक लाइट लगाए गए है। भारतीय नगर तालाब पहुंचने वालों को जो सुविधाएं मिलेगी उसमें प्रमुख तौर पर फूड कोर्ट, चलने के लिए वॉकवे बनाया गया है। ओपन जिम और बच्चों के लिए विशेष तौर पर किड्स प्ले एरिया तैयार किया गया है, जहां झूले लगाए गए है। इसके अलावा सेल्फी जोन और फूड कोर्ट के लिए भी जगह तैयार की गई है।

### 15 केएलडी क्षमता का एसटीपी

भारतीय नगर तालाब में पहुंचने वाली पानी के लिए 15 केएलडी क्षमता का एसटीपी बनाया गया है, जो पानी ट्रीट करके तालाब में छोड़ेगी, इससे शुद्ध पानी तालाब पहुंच रहा है।

### लोकार्पण की तैयारी

भारतीय नगर तालाब पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण के लगभग सारे काम पूर्ण कर लिए गए है, लोकार्पण की तैयारी की जा रही है। जल्द ही शहरवासियों को क्वालिटी टाइम बिताने का स्थान मिलेगा।

**कुणाल दुदावत**
**एमडी, बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड**

# सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग के लिए आवेदन 29 तक

**बिलासपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। राजीव युवा उत्थान योजना के तहत् संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु ऑनलाईन आवेदन 29 अगस्त तक आमंत्रित किए गए हैं। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति के 25, अनुसूचित जाति के 15 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 1 कुल 5 युवाओं को कोचिंग दिया जाएगा। प्रत्येक वर्ग में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित है। अभ्यर्थी की आयु 1 अगस्त 223 की स्थिति में न्यूनतम 2 वर्ष तथा अधिकतम 3 वर्ष एवं मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों के लिए आय सीमा का कोई बंधन नहीं है। अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों के पालकों की कुल वार्षिक आय क्रीमीलेयर के लिए निर्धारित आय सीमा तक होगी।

उक्त योजना से संबंधित समस्त नियम एवं निर्देश की जानकारी एवं आवेदन पत्र (ऑनलाईन) विभाग की वेबसाइड से अवलोकन एवं डाऊ नलोड कर सकते हैं।

# कलेक्टर-एसपी ने किया बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण



### नये भवन में जल्द शिफ्ट करने दिए निर्देश

### ओपन स्कूल के जरिए मिलेगी शिक्षा

**बिलासपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर संजीव कुमार झा एवं एसपी संतोष सिंह ने संयुक्त रूप से आज नूतन चौक स्थित बाल संप्रेक्षण गृह एवं बाल गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। वर्तमान में बाल संप्रेक्षण गृह में 11 एवं विशेष गृह में 5 विधि से संघर्षरत बच्चे निरूद्ध हैं। कलेक्टर ने नये बने भवन में संप्रेक्षण गृह को शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यहां निवासरत पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को ओपन स्कूल के जरिए शिक्षा जारी रखने की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने बार-बार बिजली के चले जाने की समस्या के समाधान के लिए इनवर्टर भी रखने के निर्देश दिए। विधि से संघर्षतस्त तीनों संस्थाओं में पैरामेडिकल का पद रिक्त होने के कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पैरामेडिकल स्टाफ उपल कराये जाने का निर्देश कलेक्टर जिला बिलासपुर द्वारा दिया गया।

कलेक्टर ने देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों हेतु संचालित शासकीय बाल गुरु बालिका में ऐसी बालिकाए जिनका आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पुत्र नहीं बना है 14 अगस्त को शासकीय बाल गृह बालिका में कैम्प लगाकर प्रमाण पत्र बनाये जाने एसडीएम को निर्देशित किया गया। शासकीय बाल गृह बालिका में बच्चों के शयन वास में मच्छर से रोकथाम हेतु जाली लगाये जाने अधिक्षिका को निर्देशित किया गया। साथ ही जिले में संचालित अन्य बाल देखरेख संस्थाओं जिनमें विरोधिकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण मातृछाया सेवा भारती एवं समर्पित खूला आश्रय गृह की जानकारी जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी से प्राप्त की गयी।

निरीक्षण दौरान निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, एसडीएम सुभाष सिंह राज, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी उमाशंकर गुप्ता, राहुल पवार बाल संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई उपस्थित थे।

# सफल उद्यमी बनने का सपना साकार कर रही रीपा योजना

### रीपा से मिला रोजगार, बना जीवन का आधार

### आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बढ़े कदम



**बिलासपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना ''रीपा'' ने न केवल ग्रामीणों के जीवन में परिवर्तन लाया है बल्कि उनके सफल उद्यमी बनने के सपनों को भी साकार कर रही है। केवल खेती-किसानी और मजदूरी तक सीमित रहने वाले इन किसानों को रीपा योजना से जोड़कर उद्यमियता को बढ़ावा दिया जा रहा है। रीपा योजना के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नये-नये व्यवसाय की जानकारियां लेकर इनकी बारीकियां सीख रहे है।

जिले के मस्तूरी ब्लॉक के बेलटुकरी रीपा केंद्र में बिहारी लाल और राजू सिदार के द्वारा फेब्रिकेशन वेल्डिंग इकाई का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। जिससे जुड़कर ग्रामीण युवा आमदनी का एक अच्छा हिस्सा प्राप्त कर रहे है। रीपा योजना के तहत उद्यमियता को बढ़ावा मिलने के साथ ही युवाओं को रोजगार का एक जरिया मिल गया है। फेब्रिकेशन वेल्डिंग इकाई से इन उद्यमियों के द्वारा सात महीने में 12 लाख 44 हजार रुपये का आय अर्जित किया गया, जिससे उन्हें 2 लाख 60 हजार रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।

वर्तमान में इन्हें खिड़की, दरवाजा, ट्रैश, जाली, शटर एवं पंचायत इत्यादि कार्य के आर्डर भी प्राप्त हुए है। जिससे इनके आय में 3 लाख रुपये की और बढ़ोतरी होगी।

इस प्रकार रीपा योजना से जुड़कर ये उद्यमी सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं एवं आर्थिक रूप से सशक्त होकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे है। शासन की इस कल्याणकारी योजना से जुड़कर एक सफल उद्यमी बनने का इनका सपना साकार हुआ है।

## सार-संक्षेप

### प्रभारी मंत्री आज लेंगे समीक्षा बैठक



कोरबा, 13 अगस्त (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन और जिले के प्रभारी मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया 14 अगस्त को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

### जन सहयोग से जर्जर धरसा मार्ग को सुगम बनाया,सीसी रोड की मांग



**कोरबा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत पोड़ी में प्रवाहित टाटीनाला नदी क्षेत्रीय ग्रामीणजनों के लिए वरदान है। इस नदी के कुम्हार पारा तथा लीमघाट पारा तट से ग्रामीण जनों का हमेशा से निस्तारी होता रहा है। नदी जाने के लिए लगभग 100 साल पहले से कुम्हार पारा मार्ग में धरसा बना हुआ है, जहाँ से सभी वर्गों के लोगों के साथ-साथ किसानों को निरंतर नदी पार कर मवेशी चराने तथा खेत खलिहान जाना होता है। बरसात के दिनों में यह धरसा उबड़-खाबड़ तथा पुर्ण रुप से दलदल कीचड़ से भर जाता है जिसके कारण इस धरसा मार्ग से आवागमन पूरी तरह बंद हो जाता है तथा लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इस दलदल से भरे तथा बड़-खाबड़ जर्जर धरसा मार्ग को आवागमन युक्त तथा सुगम बनाने क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य कय्यूम बेग के आह्वान पर मरम्मत करने मोहल्ला वासियों के साथ-साथ ग्राम वासियों ने लगातार 8 घंटे की मेहनत कर समतल बनाया। श्री बेग ने कहा है कि इस धरसा मार्ग को भविष्य में सुगम बनाने की दिशा में प्रयास किया जायेगा तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों के हित में संचालित धरसा उन्मूलन योजना के तहत पक्का मार्ग बनाने की दिशा में सीसी रोड निर्माण की मांग की जायेगी। इस दौरान ठिबुराम भानु, चंदलाल श्याम, दिलीप प्रजापति, कैलाश प्रजापति, इतवार सिंह, शिवा धनुहार, मुखीराम प्रजापति, दिलेश्वर ठाकुर, केजुराम प्रजापति सहित ग्रामीण शामिल हुए।

### गुरुगद्दीधाम में मनाई गई मिनीमाता की पुण्यतिथि



**कोरबा**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। श्री गुरुगद्दी धाम एवं सतनाम विकास समिति पताढ़ी में मिनीमाता की पुण्यतिथि श्रीमती नीलिमा लखन घृतलहरे सभापति जिला पंचायत के मुख्य अतिथि तथा श्रीमती फुलेश्वरी बंजारे प्राचार्य हाईस्कूल पताढ़ी की अध्यक्षता में मनाई गई।

नीलिमा लखन घृतलहरे ने श्रीमती फुलेश्वरी बंजारे प्राचार्य हाई स्कूल पताढ़ी, श्रीमती संजना बंजारे उद्यान अधीक्षिका पताढ़ी, श्रीमती सुषमा कुर्रे उच्च वर्ग शिक्षिका पूर्व माध्यमिक शाला पताढ़ी, श्रीमती नम्रता राय डहारिया व्याख्याता हायर सेकेण्डरी स्कूल सरगबुन्दिया, श्रीमती सुनीता कुर्रे प्रधान पाठिका प्राथमिक शाला मुड़ापार को शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान राजमहंत जेपी कोशले, रामचन्द्र पाटले, रामायण प्रसाद रात्रे, मनीराम रात्रे, आत्मा राम पन्ना, जवाहर डहारिया, रेवाराम टंडन, लखन लाल लहरे, गेसराम मिरी, प्रदीप रात्रे, विरेन्द्र चंदन, कमलसाय भारती, मतंग भारद्वाज, होरिल रात्रे, अमृत अनंत, अनिल अनंत, कृपाराम पाटले, दवनसाय राय, संतराम रात्रे, श्याम लाल दिवाकर, संतराम टंडन, गनेशराम बघेल, कमलेश अनंत, अनंद राम सोनवानी, सुरेश महिलांगे सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सडक़ पर घूम रहे पशुओं के मालिकों पर सख्ती बरतने के निर्देश



**कोरबा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कतिपय पशुपालको द्वारा अपने पालतू पशुओ को सडक़ो एवं सार्वजनिक स्थलों मे विचरण हेतु छोड़ दिया जाता है जिससे गंभीर दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है तथा मवेशियो के जीवन एवं अंगों के लिए भी खतरा है। इसी को ध्यान मे रखते हुए जिला प्रशासन के सख्त निर्देश के बाद जनपद पंचायत कटघोरा मे भी तत्सम्बन्ध मे सचिवों की बैठक लेकर ऐसे पशुपालको को पहले समझाईश देने एवं दुबारा गलती करने पर उनके विरुद्ध आर्थिक जुर्माना की कार्यवाही करने के निर्देश जनपद सीईओ भूपेंद्र सोनवानी द्वारा दिया गया। सभी पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायको को इस संबंध मे नेशनल हाइवे के किनारे उन स्थानों को चिन्हांकित करने हेतु निर्देशित किया गया है जहाँ पालतू व आवारा पशु विचरण करते हैं उस गांव के राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों के साथ एक टीम गठित कर लगातार ऐसे जगह की मानिटरिंग करने को कहा गया है। इसके साथ ही पशु पलकों को समझाईस देने व बार-बार इस तरह की गलतियां होने पर 1000 रुपये आर्थिक जुर्माना वसूलने हेतु भी निर्देशित किया गया है अभी तक ढेलवाडीह से 3, अरदा से 2 व भिलाईबाजार से 3 पशुपालको से जुर्माना की राशि पंचायत द्वारा आर्थिक दंड के रूप में ली गई है आवारा पशुओ को निकटतम कांजी हाउस या निकटतम गौठान मे ले जाने हेतु कहा गया है।

### विमला देवी जायसवाल का निधन



**कोरबा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पंचायत पाली के प्रतिष्ठित नागरिक व वार्ड क्रमांक 8 निवासी नंदलाल (सेठ) जायसवाल की धर्मपत्नि श्रीमती विमला देवी जायसवाल का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार को पाली मुक्तिधाम में किया गया। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शान्ति और शोक संतप्त परिवार को इस दुख से लडऩे संबल प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की।

# गौरव पथ को भारी वाहनों से मुक्त कराने अनशन

## उमा व बंशी के समर्थन में कई सामाजिक संगठन व पार्टी के लोग साथ आए



**कोरबा-दीपका,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद दीपका अंतर्गत गौरव पथ पर अवैध रूप से कोल परिवहन संचालन और परिवहन कोयला प्रेक्षण को जनहित में स्थाई प्रतिबंध लगाकर क्षेत्रवासियों के जान-माल की सुरक्षा तथा मार्ग की आजादी के लिए शासन-प्रशासन और दीपका गेवरा प्रबंधन से मांग की गई है। मांग पूरा नहीं होने पर आज से समाजसेवी उमा गोपाल व बंशी दास महंत आंदोलन की शुरुआत करेंगे।

गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद अंतर्गत दीपका थाना चौक पेट्रोल पंप से रेलवे क्रॉसिंग दीपका तक आमजनों के आवागमन के लिए गौरव पथ का निर्माण नगर पालिका परिषद के द्वारा कराया गया है, परंतु इस सडक़ का इस्तेमाल कोल वाहनों के लिए किया जा रहा है। कुछ महीने पहले आंदोलनों व चर्चा के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों व एसईसीएल अधिकारियों के बीच जानकारी दी जाती रही कि निजी कंपनी एसीबी प्राइवेट लिमिटेड के पावर प्लांट में कोयला परिवहन करने का यही एकमात्र मात्र मार्ग है व दूसरा कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है किंतु दीपका गेवरा व एसीबी कंपनी और प्राइवेट ट्रांसपोर्टर अपने हितों को साधने के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति में दिए हुए शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं।

समाज सेवी उमा गोपाल व बंशी दास महंत ने बताया कि गौरव पथ मार्ग के लिए लगातार संघर्ष करते आ रहे हैं। प्रशासन और एसईसीएल सार्थक पहल कर सकारात्मक निर्णय नहीं ले लेता, तब तक शांतिपूर्ण अनवरत अनशन धरना प्रदर्शन आंदोलन जारी रहेगा। जरूरत पडऩे पर एसईसीएल के कोयला खदानों को भी बंद किया जाएगा। आंदोलन को ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष सपूरन कुलदीप एवं उनकी पूरी टीम, भीम रेजीमेंट एलिस दिवाकर, महावीर यादव, गणेश सिंह ऊईके, सेत मसीह, जान सिंह, चंद्र भूषण महतो, गोपाल ऋषिकर भारती, दिलीप बंजारे और विशाल केलकर ने समर्थन करते हुए गौरव पथ मार्ग को दीपका के आम आवाम के लिए मुक्त करने की मांग की है।

### प्रदूषण से गंभीर बीमारियां हो रहीं

क्षेत्र के आवासीय ग्रामों के बीच से कोल परिवहन के कारण से भयंकर प्रदूषण हो रहा है एवं क्षेत्रवासी अत्यंत प्रदूषित वातावरण में रहने को मजबूर हैं। समाजसेवी उमा गोपाल और बंशी दास ने बताया कि दुर्घटना के अलावा बिना तारपोलिन ढंके कोयला परिवहन से भारी मात्रा में कीचड़, धूल, वायु प्रदूषण से क्षेत्र के लोग स्ट्रोक इस्केमिक, हृदय रोग, क्रानिक आब्सट्रक्टिव, पल्मनरी डिजीज, फेफड़े का कैंसर, निमोनिया और मोतियाबिंद आदि गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं।

### विधानसभा अध्यक्ष आज जिले के प्रवास पर



कोरबा, 13 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत 14 अगस्त को कोरबा जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रातः 11 बजे सक्ती से सडक़ मार्ग से प्रस्थान कर ग्राम कनकी में 1 बजे श्री महंत का आगमन होगा। दोपहर 1:30 बजे वे कनकी से कोरबा के लिए प्रस्थान कर 2 बजे कोरबा पहुंचेंगे। 2 बजे से स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 3:30 बजे कोरबा चिरमिरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

## स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह के आयोजन का हुआ अंतिम रिहर्सल

### जिला सीईओ एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का लिया जायजा



**कोरबा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप एवं पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण ने सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले परेड, पीटी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतिम रिहर्सल व तैयारियों का जायजा लिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल डिप्टी कलेक्टर सरोज महिलांगे मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप साहू उपस्थित थे।

सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। सीईओ श्री विश्वदीप ने सीएसईबी ग्राउण्ड पहुंच कर मुख्य समारोह हेतु बैठक व्यवस्था, मंच निर्माण, बेरीकेट्स तथा सुरक्षा आदि की व्यवस्था का जायजा लिया और अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर उपस्थित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बारिश को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, पी.टी.प्रदर्शन एवं अन्य तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में स्वतंत्रता दिवस समारोह की गरिमा का ध्यान रखने के निर्देश सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी को दिए।

### सांसद सीएसईबी ग्राउंड में करेंगी ध्वजारोहण



**कोरबा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कोरबा जिले में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहेंगी। श्रीमती महंत सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगी और सलामी लेंगी। मुख्य अतिथि श्रीमती महंत द्वारा जिलेवासियों के लिए प्रेषित मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रातः 8 बजे के पूर्व सम्पन्न कर लिए जाएंगे ताकि उन कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी जिले के मुख्य समारोह में शामिल हो सके। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मार्च-पास्ट एवं परेड का निरीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही गरिमामय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को रात्रि में जिले के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा एवं बड़े गांवों में गांव के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण किया जाएगा तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा।

### पावर इम्पेरिया में मना सावन उत्सव, नीता बनी सावन क्वीन



**कोरबा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। सावन माह के अवसर पर पावर इंपेरिया की महिलाओं ने डांस प्रतियोगिता एवं विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके पश्चात सावन क्वीन प्रतियोगिता हुई। रोचक मुकाबले में श्रीमती नीता डोजेडा सावन क्वीन बनी और दूसरे नंबर पर स्वाति अग्रवाल, वहीं दिशा चौधरी एवं डॉ. अलका फिलिप क्रमशः तीसरे और चौथे नंबर पर रहीं। कार्यक्रम में श्रीमती कल्पना मिश्रा, तारा सोनी, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, अनिता इंडा, रश्मि डोजेडा, रेनू यादव, रिंकू मीदिया, शिला साहू, जागृति गुप्ता, रजनी इंडा, जागृति सिन्हा, स्वाति अग्रवाल, राज कौर, विनीता सोनी, आरती पालीवाल, नितू अग्रवाल, गायत्री देवांगन, चिनाशा मिश्रा, अर्चना सिंह, रेखा श्रीवास्तव, चूकी शुक्ला, असलेखा, रुमित गुलाटी, अनु, डॉली, दिव्या भल्ला, प्रीति चौरसिया, सरिता अग्रवाल, श्रीमती मोटवानी, नीता डोडेजा, नीतू पालिवाल, मीका अग्रवाल, परी अग्रवाल, रंजीत कर, दिशा चौधरी, मधु चौधरी, किरण एवं श्रीमती गुहा ने भाग लिया।

## विवादित पंचायत सचिवों के खिलाफ जांच की फाइल खुलेगी

**कोरबा,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने चार्ज लेने के साथ ही व्यवस्थाओं में कसावट लाने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों के विरूद्ध लंबित विभागीय जांच को लेकर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आदेशित किया है। 18 अगस्त तक समस्त लंबित विभागीय जांच प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने कहा गया है जिससे ग्राम पंचायत सचिवों में हडक़ंप मच गया है।

जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने ग्राम पंचायत सचिवों के खिलाफ लंबित विभागीय जांच को पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कोरबा, करतला, कटघोरा, पाली व पोड़ी-उपरोड़ा मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आदेशित किया है। इस संबंध में जारी पत्र में कहा गया है कि पंचायत सचिवों के विरूद्ध संस्थित विभागीय जांच के तहत उनको जांचकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। संस्थित विभागीय जांच आदेश के तहत तीन माह के भीतर विभागीय जांच पूर्ण करते हुए अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन मुख्य कार्यपालन अधिकारियों ने कई वर्षों से विभागीय जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया है जिससे संबंधित कर्मचारी के संबंध में उचित कार्यवाही पर निर्णय नहीं लिया जा सका है।

### इन सचिवों के खिलाफ हैं जांच लंबित

लगभग 50 से अधिक पंचायत सचिवों के खिलाफ जांच कार्यवाही लंबित बड़ी हुई है। इनमें तत्कालीन ग्राम पंचायत लालपुर के सूरज जायसवाल, इंद्रपाल मरकाम रामपुर, श्यामलाल मिरी अखरापाली, चंद्रमोहन सिंह सिदार नकटीखार, विनोद कुमार राठिया लबेद, देवशंकर सिंह कंवर गोपालपुर, अमीर सिंह मरावी नानपुलाली, कृष्णकुमार तंवर देवपहरी, सुरेश कुमार राठिया गिरारी, सुकुल सिंह कारीमाटी, भंवर सिंह श्याम पसान, पत्थर सिंह मानिकपुर, कांशीराम पुटीपखदना, जगतपाल विंध्यराज नवापारा, श्यामसुंदर खुरसेंगा नुनेरा, भगवान सिंह कुटेसर नगोई, चंद्रिका प्रसाद पोर्ते अमझर, भागवत सिंह भांवर, सुधाकर सिंह कटोरी नगोई, उदय सिंह आयाम सिर्री, विनोद मिश्रा बांझीबन, कैलाश सिंह बनिया, भुजबल सिंह पतुरियाडांड, अशोक निषाद लालपुर, बाबू सिंह तानाखार, बलराम केरकेट्टा सेमरा, विरेन्द्र कुमार साहू कटोरी नगोई, कमल सिंह कंवर लबेद, परदेशी राम निषाद पसरखेद, गणेशराम बिंझवार उमरेली, सुरेश चंद्र सिंह कंवर धनगांव, कन्हैयालाल नेताम रेंकी, राजकुमार कश्यप चोढ़ा, जान सिंह राज पटपरा, रविशंकर जायसवाल तेलसरा, चंद्रिका प्रसाद कंवर रथखंडी, दिनेश सिंह तंवर, ममता सोनी, रामसिंह, रतन सिंह कंवर, विजय कुमार कंवर, प्रवीण कुमार, हिंगलाज सिंह, कृपाल सिंह, रामेश्वर सिंह, रामसेवक सिंह राठौर, चंद्रपाल सिंह मरावी, राकेश कुमार चुवन लमना, कौशल प्रसाद सिंह, मघन सिंह कंवर, अनिल कुमार कैवर्त, संतोष दीवान व ईश्वर धिरहे रजगामार शामिल है।

## तिरछी नज़र

■ राजेन्द्र जायसवाल

### जय-जय शिव शंकर

अधिक मास के कारण इस बार सावन 2 माह का है लेकिन भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं है। व्रत रखने वाले भी 4 सोमवार की जगह 8 सोमवार का व्रत रख रहे हैं। अधिक मास सबके लिए फलदायी हो, यहीं कामना चहुंओर भोलेनाथ से हो रही है। आम और खास भोले की भक्ति में लीन है तो दर्री रोड के हमालों ने रेत से शिवलिंग स्थापित कर अपनी आस्था प्रकट की है।

### आजादी का जश्न

गुलामी की जंजीरों से भारत की आजादी का जश्न मनाने के लिए एक बार फिर देश और ऊर्जाधानी तैयार है। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक में तिरंगा ध्वज फहराने और लहराने के प्रति उमंग और उत्साह अभी से देखा जा रहा है। देशभक्ति का एक अनदेखा जज्बा लोगों के दिलों में है जिसे 15 अगस्त को जाहिर करने की उनमें बेताबी है। मां भारती और वीर सपूतों को नमन करने का यह पर्व देशप्रेम के साथ-साथ हमें अनेकता में एकता के रंग से रंगता है।

### गरीबों का मसीहा शहर में

कभी पुलिस की कार्यवाही से बचने और इसका शिकार होने पर अंधा कानून का राग अलापने से लेकर गरीबों का मसीहा बनने तक का सफर पूरा करने वाले रज्जाक ने कोरबा विधानसभा में ताल ठोंक दिया है। शहर के खास इलाके को अपने पोस्टर से पाट दिया है। अब यह तो वक्त बताएगा कि इसके कुछ मायने भी निकलेंगे या फिर गांव से निकल कर शहर में हो हल्ला मचाने का प्रोपेगंडा हो रहा है।

### महापौर को घेरने विपक्ष की रणनीति

महापौर राजकिशोर प्रसाद के बहुप्रतिक्षित अविश्वास प्रस्ताव आखिरकार विपक्ष ने आगे आकर पेश कर दिया। महापौर को घेरने की रणनीति काफी दिनों से तैयार की जा रही थी। समय देख कर विपक्ष ने जिले के मुखिया के सामने नाकामियों की लंबी फेहरिस्त पेश कर समय देने की गुजारिश कर डाली।

### नेता प्रतिपक्ष का भी घेराव

महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के अगुवा नेता प्रतिपक्ष भी अविश्वास से अछूते नहीं हैं बल्कि एक वक्त ऐसा भी आया कि उन्हें प्रतिपक्ष की कुर्सी से हटाकर दूसरे को बिठाने के लिए विपक्ष के ही लोगों ने घेराबंदी कर दी थी। अब मामला कहां से और कैसे मैनेज हुआ, यह तो भीतर की बात है लेकिन सत्ता पक्ष की कुशल रणनीति के निशाने पर तो प्रतिपक्ष के नेता भी आ ही गए हैं।

### महापौर और विकास की फोटो

अविश्वास प्रस्ताव के कारण निगम की गरमाई राजनीति के बीच महापौर के साथ विपक्षी दल के पूर्व पार्षद और पार्षद पति विकास अग्रवाल की काफी करीब से गुफ्तगू करती फोटो वायरल हो गई। दोनों के बीच जो भी खिचड़ी पकी हो, यह तो वे दोनों ही बता सकते हैं लेकिन आम आवाम और दलों के बीच यह सवाल अब भी कायम है कि आखिर ये रिश्ता क्या कहलाता है...?

### तिरंगा लाईट

शहर के स्ट्रीट लाइटों के खंभों को तिरंगा एलईडी से रौशन करने का जज्बा अब जज्बा ही रह गया। बमुश्किल माह भर भी एलईडी लाइट अपने पूरे तीन रंग में नहीं जल सकी और इस बीच साहब का भी तबादला हो गया। बीच-बीच में बुझी हुई एलईडी को बदलने की कवायदें भी हुई लेकिन अंततः तिरंगा लाइट भी बदहाल व्यवस्था की भेंट चढ़ गई।

### रज्जाक के लिए कंवर वरदान

पूर्व जनपद सदस्य रज्जाक के लिए कंवर समाज के नेता किसी वरदान से कम नहीं। जब और जैसा मौका देखा, इनके साथ हो लिए और जब मन चाहा तब छोड़ दिया। काका श्यामलाल कंवर के प्रति इनके मन में आदर सम्मान तो है लेकिन नौकरी छोडक़र आए अमृत कंवर को टिकट दिलाने का सब्जबाग दिखाया। इसके बाद अमृत को छोड़ अब जनपद अध्यक्ष के समर्थन में माहौल बना रहे हैं। चर्चा है कि इनके बाद किसकी बारी होगी।

### रतन के दो अनमोल रतन

नगर पालिका कटघोरा के अध्यक्ष रतन मित्तल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए तारीख अभी नहीं आई है। इससे पहले बड़ी उठापटक में उन्होंने अपने लिए दो अनमोल रतन खोज लिए। भाजपा पार्षद शैल बाई आर्मो कभी हां-कभी ना करते-करते आखिरकार कांग्रेस में आ गई। उनके साथ-साथ पति भी कांग्रेस में शामिल हो लिए। दो अनमोल रतन के बूते रतन अपनी कुर्सी बचा लेने के प्रति आश्वस्त हैं।

### एक सवाल आप से

संख्या बल के आधार पर अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त हो जाने की पूरी संभावना के बाद भी आखिर भाजपा नेता कांग्रेस के किन-किन पार्षद के कहने पर यह रिस्क उठाया है?

### अफवाह यह भी

अब अफवाह कौन फैला रहा है कि कोरबा में तबादलों की फेहरिस्त में अभी और भी कई नाम है जिनका लिस्ट जारी होना है।

### और अंत में...

शहर व जिले की सुरक्षा में खलल और अशांति की वजह बनने वालों को जिला बदर करने की तैयारी चल रही है। चुनाव से पहले आदतन अपराधी और अपनी आदतों में सुधार नहीं लाने वाले बदमाश जिलाबदर किए जा सकते हैं। सवाल है कि अगला नंबर जिलाबदर के लिए किसका होगा?

# सार-संक्षेप

## व्ही क्लब के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**मनेन्द्रगढ़,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब ऑफ इंडिया के अंतर्गत वी क्लब मनेंद्रगढ़ समर्पण का शपथ ग्रहण समारोह मुख्य अतिथि वॉइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनीता फरमानिया ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। एरिया एडवाइजर बी इंदिरा सेंगर, एरिया सचिव पम्मी अरोड़ा जीएवं सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से वी प्रीति जायसवाल अध्यक्ष, वी बबिता अग्रवाल, सचिव एवं वी प्रीति अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली।

इस अवसर पर सभी सदस्यों के द्वारा सावन उत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें वी अनीता फरमानिया , को सावन सुंदरी के ताज से नवाजा गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर क्लब सदस्य रश्मि जायसवाल, कविता शेट्टी, हेमा गायकवाड , नीलम कालरा , सविता अग्रवाल जी ज्योति अग्रवाल, ज्योति मजूमदार, बेबी मखीजा, कमलेश अरोड़ा रजनी अग्रवाल, श्वेता पोद्दार, माधुरी गायकवाड, प्रतिभा अग्रवाल, इंदु सैनी, ,दविंदर कौर, लीना शाह, निधि अग्रवाल, उपस्थित रही.

## ईवीएम मशीन एवं वीवी पैट की लोगों को दी गई जानकारी




**मनेंद्रगढ़,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा के मार्गदर्शन में मतदाताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में विभिन्न जनजागरुकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। रविवार को झगराखंड में स्वीप कार्यक्रम के तहत जनजागरूकता शिविर का आयोजन गया। इस दौरान झगराखंड सीएमओ और मंडल संयोजक संजय श्रीवास्तव ने मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवी पैट मशीन के बारे में जानकारी प्रदान की। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में 18 वर्ष से अधिक उम्र के नवीन मतदाताओं एवं वरिष्ठ मतदाताओं को तिलक लगाकर स्वागत करते हुए उन्हें ईवीएम मशीन में मत सत्यापन रिकार्ड करने वाली वीवी पैट के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित मतदाताओं के द्वारा ईवीएम मशीन एवं वीवी पैट का अवलोकन करते हुए मतदान किया गया और मतों का गणना कर जानकारी प्राप्त किए। इस प्रकार डेमो के द्वारा मतदाताओं को वोट डालने की प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है।

## चोरी की 2 बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़** 13 अगस्त (देशबन्धु)।थाना पूंजीपथरा में 24 जुलाई 2023 को तराईमाल, पूंजीपथरा के बीएस स्पंज प्लांट से मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस सीजी 13 ए0ई0 6562 तथा कल थाना घरघोड़ा 10 अगस्त को स्टेट बैंक घरघोड़ा के सामने से एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल सीजी 12 ए0एल0 6755 के चोरी की रिपोर्ट मोटर सायकल मालिक द्वारा दर्ज कराया गया था। बाइक चोरी में लगी साइबर सेल की टीम द्वारा कल मुखबीर सूचना पर थानों के स्टाफ के साथ संदेही राजेश श्रीवास निवासी छाल और प्रिंस कुमार चंद्रवंशी निवासी गेरवानी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी राजेश श्रीवास पिता विनय श्रीवास्तव उम्र 19 साल निवासी छाल हाल मुकाम तराईमाल पूंजीपथरा ने बीएस स्पंज प्लांट से मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस सीजी 13 ए0ई0 6562 की चोरी एवं आरोपी प्रिंस कुमार चन्द्रवंशी (19 साल) निवासी गेरवानी ने स्टेट बैंक घरघोड़ा के सामने से एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल सीजी 12 ए0एल0 6755 की चोरी कर छिपाकर रखना बताये। दोनों आरोपियों से चोरी की बाइक बरामद कर घरघोड़ा और पूंजीपथरा पुलिस द्वारा वाहन चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत आयोजनों की श्रृंखला जारी



**बैकुण्ठपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कोरिया एवं एम सी बी जिले के सभी जनपद पंचायत में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में गांव गांव में विभिन्न स्थानों पर अलग अलग गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आम नागरिक उल्लास के साथ अपने जन्मभूमि की मिट्टी को लेकर पांच प्रतिज्ञा ले रहे हैं। अमृत सरोवर तटों के चिन्हित स्थानों पर 75 देशी पौधों का रोपण किया जा रहा है। देश के लिए जान निछावर करने वाले सपूतों के नाम के शिलापलक्म भी लगाए जा रहे हैं। जिनमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी लिखा गया है। इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के प्रथम चरण में पांच जनपद पंचायत में निर्मित 153 अमृत सरोवर तटों पर वसुधा वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण किया जा रहा है साथ ही और मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत देश की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों के नामों का उल्लेख कर शिलालेख भी लगाए जा रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष ने बताया कि कलेक्टर कोरिया और कलेक्टर एमसीबी के निर्देशन में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत निरन्तर गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है। अमृत सरोवरों के किनारे देशी प्रजाति के 75 पौधों का रोपण करते हुए उनकी सुरक्षा व्यवस्था भी कराई जा रही है। विकासखण्ड सोनहत के ग्राम पंचायत अकलासरई में 75 पौधों का पौधरोपण कर अमृत वाटिका में पंच प्रण की शपथ ली गई।

# आई फ्लू के उपचार के लिए विशेष शिविर लगेंगे

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए निर्देश

**अंबिकापुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश अनुरूप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एन. गुप्ता की अध्यक्षता में रविवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

समीक्षा बैठक में समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा ली गई, जिन विकासखंडों की लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि कम पाई गई है, उन्हें सुधारने व लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं में कमी को भी ध्यान में रखकर प्रत्येक विकासखंडों के अधिकारियों को पूर्ण करने हिदायत दी गई है, व प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारियों को मुख्यालय में रहकर कार्य करने के लिए आदेशित किया गया। प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थाओं में आई फ्लू के मरीजों



के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए विशेष शिविर आयोजित कर उपचार करने, आवश्यकतानुसार औषधियों का भंडारण के साथ-साथ संस्थागत प्रसव पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। जिस सेक्टर की उपलब्धि कम पाई गई उसे विशेष रूप से निगरानी कर उपलब्धि बढ़ाने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी को कहा गया। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य संस्थाओं में नियमित भ्रमण कर पाई गई कमियों को दूर करने के लिए निर्देशित किया गया।

सीएमएचओ डॉ. आर.एन.गुप्ता ने बैठक में ब्लॉक में संचालित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम, योजना व आयु फ्लू के संक्रमण के बचाव की अब तक की स्थिति के बारे में चिकित्सा कर्मियों से चर्चा कर समीक्षा की साथ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने बताया की गर्भवती महिला व बच्चों का टीकाकरण से वंचित नही रहे इसलिए शतप्रतिशत चिन्हांकित करते हुए टीकाकरण का कार्य आंगनबाड़ी केन्द्र व चिकित्सा संस्थान पर टीकाकरण समय पर करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता को मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सतर्कता बरते। साथ ही एन्टीलार्वल गतिविधियों पर अधिक ध्यान देने एवं मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए पानी के ठहराव वाले स्थानों पर एम.एल.ओ. डलवाने के निर्देश दिय। साथ ही मलेरिया स्लाइड के वार्षिक लक्ष्य को पूर्ण करने व पिने के पानी स्रोतों के सैंपल लेने के ब्लॉक के स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बताया की ब्लॉक के सभी चिकित्साकर्मी अपने मुख्यालय पर रहे कर टीम भावना के साथ कार्य कर सरकार की योजनाओं के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मरीजों को इसका लाभ दिलाने का प्रयास करें। सीएमएचओ डॉ. गुप्ता ने ब्लॉक स्तरीय बैठक में कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देशन में आई फ्लू के मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित उपचार एवं दवाइयां वितरण तथा स्वास्थ्य संस्थाओं के समय अनुसार खोलने एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य केन्द्रों में उपस्थित होने के निर्देश दिये। इसके साथ ही माँ एवं बच्चे के स्वास्थ्य की देखभाल की कमियों को पूर्ण करने हेतु एकीकृत प्रयास ब्लॉक के समस्त चिकित्सा अधिकारी, एलएचवी, ए.एन.एम. को प्रशिक्षित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा अधिकारीयों को परिवार कल्याण के साधन अपनाने वाले लाभार्थी को समय पर प्रोत्साहन राशि देने के आवश्यक निर्देश दिये। सीएमएचओ ने ब्लॉक बैठक में गर्भवती महिला की अनिवार्य 4 जाँच समय रहते करना आवश्यक व संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना साथ गर्भवती महिला व बच्चों का टीकाकरण शत प्रतिशत करना साथ एचएमआईएस पोर्टल में समय पर एंट्री करवाने के सभी चिकित्साकर्मी को निर्देश दिये।

# पुलिस ग्राउंड में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का हुआ फाइनल रिहर्सल



**उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव होंगे समारोह के मुख्य अतिथि**

**अंबिकापुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का फाइनल रिहर्सल रविवार को पुलिस ग्राउंड में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ध्वजारोहण करेंगे व परेड की सलामी लेंगे। इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव की समाप्ति के अवसर पर समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा।

रविवार को हुए रिहर्सल में मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुए अपर कलेक्टर टीसी अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के बाद परेड की सलामी ली गई। जिला पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल के जवानों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट एवं परेड का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुए श्री अग्रवाल सहित नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला द्वारा सफेद जिप्सी में परेड का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही समारोह के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम का अभ्यास किया गया तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का अभ्यास किया गया। इस दौरान वीवीआइपी, वीआईपी, शहीदों के परिजनों, मीडिया तथा आमजनों के बैठक व्यवस्था, प्रवेश, वाहन पार्किंग आदि की जानकारी ली गयी और संबंधितों को बेहतर व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया।

### बृहस्पत सिंह करेंगे ध्वजारोहण

**बलरामपुर,** रामानुजगंज विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री बृहस्पत सिंह ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेगें। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल पर प्रात: 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, प्रात: 9.00 बजे ध्वजारोहण, सलामी एवं राष्ट्गान, प्रात: 9.05 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण एवं प्रात: 9.10 बजे मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

## सविप्रा के उपाध्यक्ष बृहस्पत सिंह फहराएंगे तिरंगा

**बलरामपुर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023 का राष्ट्रीय पर्व समारोह के गरिमामयी आयोजन के लिए आज जिला मुख्यालय बलरामपुर के पुलिस ग्राउंड में फाइनल रिहर्सल किया गया। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम का फाईनल रिहर्सल किया गया साथ ही की जा रही तैयारियों का जायजा लेकर समय पर सभी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र होगा।

कार्यक्रम में 12वीं वाहिनी छ.ग. सशस्त्र बल रामानुजगंज, 10वीं वाहिनी छ.ग. सशस्त्र बल ए एवं बी कम्पनी कैंप सामरी पाठ, जिला पुलिस बल पुरूष एवं महिला, नगर सेना, वन एवं जलवायु विभाग, एनसीसी शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर, स्वामी आत्मानंद हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम बलरामपुर, तथा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर, संत जोसेफ स्कूल दर्रीडीह बलरामपुर, सरस्वती शिशु मंदिर बलरामपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल पर परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक श्री



विमलेश कुमार देवांगन एवं परेड टू आईसी उप निरीक्षक श्री अश्विनी दिवान के नेतृत्व में आकर्षक मार्च-पास्ट एवं शस्त्रधारी जवानों ने तीन चक्र में हर्ष फायर किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी पूर्वाभ्यास किया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस.एस. पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्री शशि चैधरी, अनुविभागीय अधिकारी बलरामपुर श्री करूण कुमार डहरिया, जिला स्तरीय एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण तथा विभिन्न स्कूलों के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## निर्वाचन कार्य में ढोरम प्रधान पाठक की लापरवाही

**रायगढ़** 13 अगस्त (देशबन्धु)। 12 अगस्त को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन मतदान केन्द्रों में किया जाना है। किन्तु अधोहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी के आज दिनॉक को निरीक्षण के दौरान पाया गया। प्रधान पाठक अपने निर्धारित मतदान केन्द्र क्रमांक 178 पूर्व माध्यमिक शाला ढोरम में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे। सूचना करने बाद भी विशेष दिवस में मतदान केन्द्र में उपस्थित होने संबंधी जानकारी नहीं होना बताया गया। पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है जवाब नही देने की दिशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## भारत निर्वाचन आयोग न की सराहना

**रायगढ़,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता के लिए जिले में स्वीप कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं। जिसे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार सराहा जा रहा है। युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नये मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत बोईरदादर स्टेडियम में बड़ी संख्या में कालेज एवं स्कूली बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से न्यू वोटर्स एवं भारत निर्वाचन आयोग के प्रतीक चिन्ह की आकृति तैयार की गई थी।

## विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत होंगे स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

**मनेंद्रगढ़,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा और पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने रविवार प्रात: 8 बजे 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के रिहर्सल और तैयारियों का जायज़ा लिया। 77 वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन आमाखेरवा के मिनी स्टेडियम ग्राउण्ड में आयोजित होगा जहां मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ध्वजारोहण करेंगे। इसके पश्चात गार्ड ऑफ ऑनर होगा। तत्पश्चात प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का संदेश वाचन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर श्री दुग्गा की उपस्थिति में अंतिम रिहर्सल में मुख्य समारोह के अनुरूप मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम का अभ्यास किया गया तथा स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कतिक प्रस्तुतियों का अभ्यास किया गया। शासन के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस पर परेड तथा स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जायेंगे। कलेक्टर श्री दुग्गा ने मुख्य मंच की साज-सज्जा, बैठक व्यवस्था तथा सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्व सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देश दिया।

# नए मतदाताओं ने कहा प्रयोग करेंगे अपना मताधिकार

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर जुटे नए मतदाता, मतदान का लिया संकल्प

बोईरदादर स्टेडियम में हुआ कार्यक्रम, कलेक्टर ने दिलाई शपथ

रायगढ़ 13 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में शनिवार को बोईरदादर स्टेडियम में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां करीब एक हजार कॉलेज एवं स्कूली बच्चों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक करते हुए 18 वर्ष के युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर ने मतदाताओं एवं स्कूली बच्चों को मतदान हेतु शपथ दिलवाई एवं अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को प्रेरित करने की बात कही। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट भी उपस्थित रहें।




मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में कॉलेज एवं स्कूली बच्चों ने फ्लेक्स, तख्तियों को लेकर रैली भी निकाली एवं जनसामान्य को शत-प्रतिशत वोटिंग की अपील की। आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नये मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वा कर मतदान के लिए प्रेरित करना एवं लोगों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करना था। उल्लेखनीय है कि 02 अगस्त से निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ हुआ हैं, जो 31 अगस्त तक चलेगा। इस बीच जिनकी आयु 1 अक्टूबर की स्थिति में 18 पूर्ण होती है, वो अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती ऋतु हेमनानी, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, तहसीलदार रायगढ़ लोमस मिरी, प्राचार्य राजेश डेनियल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में विद्या विकास स्कूल, सेंट टेरेसा, संस्कार पब्लिक स्कूल, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम, सरदार वल्लभभाई हिंदी माध्यम विद्यालय तिलक स्कूल, साईं बाबा आदर्श विद्यालय, डिग्री कॉलेज, कृषि महाविद्यालय एवं हायर सेकेंडरी स्कूल टारपाली के विद्यार्थी शामिल हुए।

## 3 करोड़ के टेंडर को लेकर जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर व विधायक से की शिकायत

**रायगढ़** 13 अगस्त (देशबन्धु)। बरमकेला नगर पंचायत में 3 करोड रुपए राशि की टेंडर प्रक्रिया को लेकर जनप्रतिनिधि ने जिला कलेक्टर और विधायक से शिकायत की है।

बरमकेला नगर पंचायत टेंडर का मामला इन दिनों सुर्खियों पर है। नगर पंचायत में पार्षदों के बिना जानकारी के 3 करोड़ के टेंडर निकाले गए और वे आरोप लगा रहे हैं कि नगर पंचायत अध्यक्ष केवल अपने ही एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे है। आपको बता दे की निविदा कार्य 3 करोड़ का टेंडर कुछ पार्षदों के बिना जानकारी के टेंडर पास करवा देना सीधा शासन को नुकसान पहुंचाना और एवब में निविदा से ठेकेदार को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

बरमकेला में मरम्मत कार्य हो या नव निर्माण कार्य हो गुणवत्ता विहीन किया गया है, जिसकी समस्त निविदा निरस्त एवं गुणवत्ता विहीन कार्यों की जांच और निविदा निष्पक्ष करने की मांग को लेकर वरिष्ठ कांग्रेसी और पार्षदगण क्षेत्रीय विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन देकर जांच कर उचित कार्यवाही की मांग किया गया है। जिसमे कलेक्टर महोदया द्वारा आश्वासन दिया की जल्द जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# मिलेट फसलों की खेती से युवा किसान अभिषेक ने की अच्छी कमाई

**अंबिकापुर** 13 अगस्त (देशबन्धु)। प्राकृतिक सौंदर्य व खूबसूरत वादियों का नजारा जहां हरियाली, ठंडकदार मिट्टी की सौंध महक चारों ओर फैली रहती है। मैनपाट के आत्मनिर्भर युवा किसान अभिषेक यादव 17 वर्ष की उम्र से ही पढ़ाई के साथ-साथ कृषि कार्य जैसे धान, मक्का, आलू, कोदो, कुटकी सहित स्थानीय फसल टाऊ की खेती बड़े पैमाने में कर रहे हैं।

किसान अभिषेक कहते हैं कि आज किसान कोदो-कुटकी की खेती से भी आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं क्योंकि अब सरकार समर्थन मूल्य पर कोदो



कुटकी की खरीदी कर रही है। वे कहते हैं कि पहले फसल बेचने में दिक्कत होती थी, अब छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मिलेट मिशन योजना के तहत कोदो कुटकी (मिझरी) फसल को यही बेच रहे हैं। आने-जाने के खर्च में बचत हो रही है और रेट भी अच्छा मिल रहा है। उन्होंने किसान युवा साथियों को कहा है कि खेती बाड़ी को भी रोजगार की तरह देखना चाहिए।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन के चलते राज्य में कोदो, कुटकी और रागी (मिलेट्स) की खेती को लेकर किसानों का रूझान बहुत तेजी से बढ़ा है। पहले औने-पौने दाम में बिकने वाला मिलेट्स अब छत्तीसगढ़ राज्य में अच्छे दामों में बिकने लगा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की विशेष पहल के चलते राज्य में मिलेट्स की समर्थन मूल्य पर खरीदी होने से किसानों को करोड़ों रूपए की आय होने लगी है। छत्तीसगढ़ देश का इकलौता राज्य है, जहां कोदो, कुटकी और रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी और इसके वैल्यू एडिशन का काम भी किया जा रहा है। कोदो-कुटकी की समर्थन मूल्य पर 3000 प्रति क्विंटल की दर से तथा रागी की खरीदी 3377 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जा रही है।

# भूपेश की सरकार ने वादा पूरा करके दिखाया - खड़गे

## जांजगीर में आयोजित 'भरोसे के सम्मेलन' में उमड़ी भारी भीड़

**जांजगीर**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के खोखरा में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां भरोसा का सम्मेलन इसलिए हो रहा है क्योंकि जो भरोसा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार ने आपको दिया था उसे पूरा करके दिखाया। छत्तीसगढ़ सरकार निडर होकर गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों का उत्थान करने के संकल्प को पूरा करने का कार्य कर रही है। आज यहां का प्रत्येक नागरिक संतुष्ट है।

मुख्य मंच पर श्री खड़गे का गजमाला सहित जांजगीर-चांपा की प्रसिद्ध कोसा शाल और खुमरी पहनाकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुश्री कुमारी शैलजा, राज्य के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, सांसद दीपक बैज सहित अतिथियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रीगण और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिकगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मल्लिकार्जुन खड़गे ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद से हमारी सरकार ने एम्स बनाया, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी खोली। बड़े बड़े कारखाने, टेक्सटाइल यूनिट बनाए, औद्योगीकरण को बढ़ावा दिया। देश को आगे बढ़ाने का काम किया। पंडित जवाहर लाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल ने पब्लिक सेक्टर को मजबूती देने का काम किया। भांगड़ा नागल, हीराकुंड बांध से लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र हमारी सरकार ने बनाया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाकर गरीब एवं आम जनता को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य किया, किसानों का कर्ज माफ किया। छत्तीसगढ़ सरकार न्याय योजना पर बेहतर ढंग से कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ की सरकार न्याय योजनाओं से समाज के अलग अलग वर्गों को सीधे लाभान्वित करने का काम कर रही है। पूरे देश में इस तरह की यह अपने आप में अकेली योजना है।

## हमने जनता से किया अपना हर वादा निभाया - बघेल



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि किसान, मजदूर, गरीब, महिला, युवा सभी वर्गों के उत्थान का कार्य हमारी सरकार कर रही है। हमने छत्तीसगढ़ के सभी वर्गों और समाज के संरक्षण और उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया है। विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग पौने 2 लाख करोड़ रूपए की राशि हितग्राहियों के खाते में डायरेक्ट ट्रांसफर हुई है। कोई बीच का आदमी नहीं है, हमने लोगों की जेब में सीधे पैसे डाले। इस साल हमने 107 लाख मीट्रिक टन धान किसानों से खरीदा। तीसरे दिन ही खाते में पैसे पहुंच जाते थे। इस साल 20 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदेंगे।

श्री बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ पूरे देश में इकलौता राज्य है जहां मजदूरों को भी 7 हजार रुपए की सालाना सहायता राशि दी जा रही है। 13 लाख परिवार से हम तेंदूपत्ता 4000 रुपए प्रति मानक बोरा की दर पर खरीद रहे हैं। पूरे देश में गोबर कहीं नहीं खरीदा जाता लेकिन हमारे छत्तीसगढ़ में हम 2 रुपए प्रति किलो में गोबर खरीद रहे हैं। 42 लाख परिवारों को हम बिजली बिल हाफ योजना का लाभ दे रहे हैं। अब हम हर ब्लॉक में जैतखाम बनाएंगे। ग्राम पंचायत के माध्यम से सरपंच इसका निर्माण करवाएंगे। आज ऐसा कोई समाज नहीं है जो यह कह सके कि सरकार ने हमें जमीन या भवन निर्माण के लिए पैसे नहीं दिए हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में अपने उद्बोधन में कहा कि विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी हमने जनता से किया अपना वादा निभाया। हमारी सरकार किसानों के साथ खड़ी है। कर्जमाफी, धान खरीदी का वादा हमने निभाया। उन्होंने कहा कि 20 अगस्त को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की अगली किश्त किसानों के खातों में आएगी। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद दीपक बैज, श्रीमती ज्योत्सना महंत, मंत्रीगण ताम्रध्वज साहू, मोहम्मद अकबर, डॉ. शिवकुमार डहरिया, जयसिंह अग्रवाल, अमरजीत भगत, श्रीमती अनिला भेंड़िया, कवासी लखमा, उमेश पटेल, मोहन मरकाम, गुरु रुद्रकुमार, राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव, विधायकगण, विभिन्न आयोग बोर्ड निगम के अध्यक्ष, जिला कांग्रेस प्रभारी अर्जुन तिवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह, प्रदेश सचिव इंजिनियर रवि पांडे, जिला पंचायत सदस्य अजीत साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

## मेडिकल कॉलेज का नाम प्रथम महिला सांसद मिनीमाता के नाम



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 'भरोसे के सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि जांजगीर-चांपा में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का नामकरण प्रथम महिला सांसद मिनीमाता के नाम पर होगा। उनका निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा रहा है। यहां 25 एकड़ में मेडिकल कॉलेज बनेगा। इससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने मंच संचालन करते हुए उक्त मांग रखी।

## टैबलेट पाकर युवाओं के खिले चेहरे

भरोसे के सम्मेलन कार्यक्रम में जिले में दसवीं और बारहवीं की प्रवीण्य सूची में मेरिट में आने वाले बच्चों को टैबलेट वितरित किया गया। टैबलेट पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आधुनिक संचार क्रांति के इस दौर में यह टैबलेट हमारे लिए उपयोगी साबित होगा। बारहवीं की प्रवीण्य सूची में पहला स्थान हासिल करने वाली सुश्री कृति अग्रवाल , दूसरा स्थान हासिल करने वाले श्री गोविन्द आदित्य को टैबलेट दिया गया। इसी तरह दसवीं की प्रवीण्य सूची में क्रमश: पहला दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वाले श्री रविन्द्र कुमार साहू, सुश्री सौम्या साहू, सुश्री पायल यादव को भी टैबलेट का वितरण किया गया।

## प्रदेश के किसानों की स्थिति हुई मजबूत

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को आज एक नई पहचान मिली है। रामायण महोत्सव, राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव, युवा महोत्सव जैसे आयोजन हम कर रहे हैं। खेती किसानी की तरफ लोग लौट रहे हैं। 12 लाख से बढ़कर अब 26 लाख किसान प्रदेश में राजीव गांधी किसान न्याय योजना से जुड़े हैं। धान के साथ अन्य फसलों को भी योजना के दायरे में लाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 साल पूर्व किसानों की हालत खराब थी भ्रष्टाचार एवं कमीशन खोरी का बोलबाला था। हमने किसानों की स्थिति को मजबूत बनाया। पूर्व सरकार में बेरोजगारी भत्ता केवल 3 रूपये मिलता था हमने 1 लाख 22 हजार बेरोजगारो को 112 करोड रुपए दिए।

राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे सहित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल में लगाए गए विभिन्न विभागीय योजनाओं के स्टॉलों एवं प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वयं स्टॉल में प्रदर्शित शासन की योजनाओं और विकास कार्यों के बारे में श्री खड़गे को जानकारी दी।

## तालाब के पट्टे, कोसा धागाकरण , सिलाई मशीन सहित अन्य सामग्रियों का किया गया वितरण

आज आयोजित भरोसे के सम्मेलन में जहाँ जिलेवासियों को 467 करोड़ 32 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिली, वही जिले के बेरोजगार, जरूरतमंद हितग्राहियों को रोजगार, आत्मनिर्भर होने और अपने पैरों में खड़े होने का अवसर भी मिला। मुख्य अतिथि श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, नेताप्रतिपक्ष राज्यसभा और सांसद, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के हाथों हितग्राहियों को अनेक योजनाओं के अंतर्गत सामग्रियां वितरित की गई। कार्यक्रम में 219 हितग्राहियों को मशीन में अनुदान 21लाख 90 हजार रुपये दिया गया। इसी तरह रेशम विभाग द्वारा 1940 हितग्राहियों को सिल्क समग्र योजना अंतर्गत कोसा धागाकरण के लिए 1 करोड़ 94 लाख



रुपए की मशीनें दी गई। ग्राम पेंड्री की श्रीमती मां कुमारी और गोविंदा की कलाबाई पटेल बताया कि कोसा धागाकरण मशीन मिलने से अब उनका काम आसान हो गया है। उन्होंने बताया कि वे पहले थाई से धागाकरण करती थीं, अब मशीन से क्वालिटी के साथ कम समय में भी आसानी से धागाकरण कर लेंगी। कार्यक्रम में श्रम, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि सहित अन्य विभागों की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

## दर्शकों को मंच नजर नहीं आ रहा था

जिला मुख्यालय में आयोजित भरोसा का सम्मेलन के लिए जिले सहित पड़ोसी जिलों से भी हजारों की भीड़ कार्यक्रम स्थल पहुंची थी, जहां बनाए गए विशाल पंडाल के नीचे बैठे दर्शकों को मंच एवं अतिथियों का चेहरा देखने मशक्कत करनी पड़ी। यही वजह है की कार्यक्रम के दौरान ही कई दर्शक उठकर जाते नजर आए। बताया जा रहा है की मंच के सामने कैमरामैनों के लिए बनाया गया स्टेज काफी बड़ा था जिस पर 2 से 25 कैमरे लगाए गए थे, इस वजह से दर्शकों को मंच नजर नहीं आ रहा था।



## सार-संक्षेप


### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**खरसिया** 13 अगस्त (देशबन्धु)। हादसे की डगर कहे जाने वाले रायगढ़-खरसिया एनएच 49 में काशीचुंआ के पास शनिवार की शाम तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। घटना में बाइक सवार की मौत हो गई और कार व बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी है। यह हादसा भूपदेवपुर थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़-खरसिया नेशनल हाईवे 49 में शनिवार की शाम करीब 4:45 बजे काशीचुंआ के पास रायगढ़ की ओर आ रही तेज रफ्तार कार सीजी 04 एनएस 6248 ने बाइक सवार ग्रामीण दिगंबर राठिया पिता गंगाराम राठिया उम्र करीब 35 वर्ष निवासी रक्शापाली जो खरसिया की ओर जा रहा था उसे सामने से जोरदार टक्कर मार दी।

कार की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण सड़क पर गिरकर लहूलुहान हालत में तड़पने लगा। गंभीर चोट की वजह से चंद मिनटों में ग्रामीण की सांसों की लड़ियां टूटकर बिखर गई। दुर्घटना में कार सामने से क्षतिग्रस्त हो गई है, वहीं बाइक के परखच्चे उड़ चुके हैं। घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया है। राहगीरों ने 112 के जरिए पुलिस को सूचना दी तो पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल भिजवाया। आसपास खोजबीन के दौरान पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को दबोच लिया है।

### भाजपा का शक्ति केंद्रों में लाभार्थी सम्मेलन



**सारंगढ़**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी सारंगढ़ नगर मंडल द्वार शक्ति केंद्र 1 में आज लाभार्थी सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें लाभार्थी सम्मेलन के प्रभारी राम कुमार धुरिया सालर मल्दा मंडल महामंत्री, मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल जिला कार्यकारिणी सदस्य जीवन रात्रे पार्षद मयूरेश केसरवानी, नगर मंडल महामंत्री यश कुमार यादव, नगर मंडल उपाध्यक्ष राम अवतार यादव, मछुआरा प्रकोष्ठ के संयोजक धनुषधारी आदित्य, रामदरस निषाद, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका सिंह ठाकुर, नगर मंडल मंत्री रागनी केसरवानी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा केसरवानी, महिला मोर्चा नगर महामंत्री मनीषा मघरिया इत्यादि ने लाभार्थी सम्मेलन में उपस्थित नागरिकों को केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और इनका उचित लाभ लेने की अपील की और इनके सम्बंधित किसी जानकारी या समस्या समाधान के लिए आसपास के कार्यकर्ताओं से मिलने की बात भी कही।

### स्वतंत्रता दौड़ अपरिहार्य कारणों से स्थगित

**जांजगीर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड का आयोजन कलेक्ट्रेट चौक जांजगीर से शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर तक 14 अगस्त को प्रात: 07 बजे से किया जाना था। यह कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

## आरा मशीन में लगी आग, लाखों का नुकसान

**डभरा**, 13 अगस्त (देशबन्धु)। डभरा क्षेत्र के ग्राम कोटमी में एक आरा मशीन में अचानक आग लगने से लाखों रुपए की लकड़ी, मोटर मशीन व सामान जलकर खाक हो गई। आग लगने का कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आरा मशीन के पास लगे एलटी लाइन का तार टूट कर नीचे गिर कर पड़ा हुआ हैं।

बता दें कि ग्राम कोटमी रामेश्वर प्रसाद पटेल कई सालों से आरा मशीन लकड़ी चीरने का एवं आटा चक्की मशीन चलते आ रहे हैं। 12 अगस्त की रात्रि लगभग 11:00 बजे रामेश्वर प्रसाद पटेल को फोन पर गांव के युवको ने बताया की आरा मशीन में आग लग गई है, जब तक किसान सो कर उठे आग भयावह हो चला था। उनका निवास भी इसी से लगा हुआ है। इसकी सूचना तत्काल ग्रामीण एवं



डीबी पावर कंपनी एवं आरकेएम पावर जेन कंपनी के फायर ब्रिगेड को दी गई, कंपनी की फायर ब्रिगेड भी तत्काल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम किया। आग की लपेटे इतनी भयानक थी कि पूरी मशीन, आटा चक्की, कटर मशीन, नापतौल मशीन सहित कई कीमती लकड़ी सभी सामान जलकर खाक हो गए। लगभग 8 घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया।

### मदद के लिए नहीं पहुंची 112 वाहन

यह बताना लाजिमी होगा कि 112 वाहन को आग लगने की सूचना दी गई परंतु कर्मचारियों ने आने से मना कर दिया, इतनी बड़ी आगजनी घटना में भी 112 मदद के लिए नहीं पहुंची। जबकि भूतपूर्व प्रत्याशी गीतांजलि पटेल ने आगजनी स्थल में जाकर लगातार आग बुझाने के लिए सहयोग करते रहे।


## वेतन विसंगति को लेकर सहायक शिक्षक हड़ताल पर

**जांजगीर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। वेतन विसंगति दूर करने की एक सूत्री मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के आह्वान पर सहायक शिक्षक 10 अगस्त से हड़ताल पर चले गए हैं। आंदोलन की शुरुआत ब्लाक स्तर से की गई है। सहायक शिक्षकों की हड़ताल से एक बार फिर बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। सहायक शिक्षकों के द्वारा 5 सालों से वेतन विसंगति दूर करने की मांग लगातार की जा रही है। जिससे सभी प्रकार का प्रशिक्षण प्रभावित हो रहा है। जिले के स्कूलों में एक बार फिर बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। सहायक शिक्षक फेडरेशन ने संघर्ष मोर्चा के साथ मिलकर आंदोलन की घोषणा की थी परंतु इस बार उससे अलग होकर स्वतंत्र आंदोलन कर रहे हैं। नवागढ़, अकलतरा, बलौदा, पामगढ़ विकास खंड में अनिश्चितकाल हड़ताल शुरू हो गया है। फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने बताया कि पूर्व में किए गए आंदोलन के दौरान शासन की वेतन विसंगति दूर करने का आश्वासन दिया गया।

## आज निकलेगी भाजपा की तिरंगा यात्रा

जांजगीर, 13 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय जांजगीर में 14 अगस्त को भारतीय जतना पार्टी द्वारा रेल्वे स्टेशन चौक जांजगीर-नैला से शाम 4 बजे तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। इस यात्रा में विशेष रूप से छ.ग. विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल उपस्थित रहेंगे। आजादी के अमृत महोत्सव के असवर पर यह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है, इसके साथ ही भाजपा कार्यकर्ता "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के तहत सभी नागरिकों से अपील करेंगे कि वे अपने-अपने घरों में तिरंगा अवश्य लगाये ताकि आम जनता के मन में देश भक्ति का भाव और अधिक मजबूत व प्रगाण हो। भाजपा की यह तिरंगा यात्रा रेल्वे स्टेशन चौक से प्रारंभ होगी जो तहसील चौक, शहीद स्मारक पर समाप्त होगा तथा सभी लोग देश के लिए शहीद हुए वीर सपूतों के प्रति अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। भाजपा जांजगीर-नैला नगर मण्डल अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, चाम्पा मण्डल अध्यक्ष गणेश श्रीवास, नवागढ़ मण्डल अध्यक्ष जगदीश कश्यप, जांजगीर-ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू ने विधान सभा क्षेत्र व अंचल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से इस तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

## बाबा कलेश्वरनाथ मंदिर में होगी विशेष पूजा अर्चना



**जांजगीर चांपा** 13 अगस्त (देशबन्धु)। बाबा कलेश्वर नाथ की नगरी पीथमपुर में हर सावन सोमवार को सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ लगने लगती है। सावन सोमवार को शुभ मुहूर्त में सुबह से ही विशेष पूजा अर्चना की इस बार भी की जाएगी। इस बार सोमवार को बोलबम कांवड़िया समिति हथनेवरा के बैनर तले बाबा कलेश्वर नाथ की नगरी पीथमपुर के मंदिर परिसर में खिचड़ी सहित अन्य प्रसाद का वितरण किया जाएगा।सावन के महीने में वैसे हर रोज यहां शिव भक्त पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं, लेकिन हर सोमवार को यहां शिव भक्तों की अपार भीड़ रहती है। सावन सोमवार के मौके पर सुबह से ही यहां भक्त पहुंचने लगते हैं। हसदेव नदी में स्नान करने के बाद जल लेकर शिवजी का जलाभिषेक भी किया जाता है। बता दें कि भगवा वस्त्र पहने शिवभक्तों का जत्था जांजगीर, चांपा, अफरीद, कमरीद, सारागांव, सिवनी, आसपास के क्षेत्र के मंदिर दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

इस संबंध में समाजसेवी और शिव भक्त दुष्यंत सिंह चंदेल ने बताया कि सावन सोमवार के मौके पर बोलबम कांवड़िया समिति हथनेवरा द्वारा बाबा कलेश्वर नाथ की नगरी पीथमपुर के मंदिर परिसर में खिचड़ी सहित अन्य प्रसाद का वितरण किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने प्रसाद वितरण संबंधी पूरी तरह से तैयारियां पूरी कर ली है। इस अवसर पर कल 13 अगस्त को दुष्यंत सिंह के साथ उनके समिति के सदस्य मंदिर में प्रसाद वितरण करेंगे।

## सालभर बाद भी नए भवन में शिफ्ट नहीं हो पाई हमर लैब

**जांजगीर,** 13 अगस्त (देशबन्धु)। जिला अस्पताल में हमर लैब सालभर भी तैयार नहीं हो पाया है। जिला अस्पताल में ऊपरी मंजिल में अलग से नया कक्ष बनकर तैयार है मगर जरुरी संसाधनों की सप्लाई होनी बाकी है। इसके चलते हमर लैब का संचालन अभी पुराने पैथोलैब से ही किया जा रहा है। जहां समुचित जगह नहीं होने से जांच के लिए पहुंचे मरीजों और स्टाफ को भी परेशानी हो रही है।

गौरतलब है कि जिला अस्पतालों में राज्य सरकार की योजना के तहत मरीजों को सस्ती दर में विभिन्न प्रकार की टेस्ट की सुविधा दिलाने हमर लैब बनाने की शुरुआत की। इसी कड़ी में जिला अस्पताल जांजगीर में भी हमर लैब की स्वीकृति मिलने पर वर्ष 2022 में मरीजों की सुविधा को देखते हुए इसे




पुराने पैथोलैब को ही हमर लैब का भी संचालन शुरु कर दिया गया। वहीं अस्पताल के ऊपरी मंजिल में हमर लैब के लिए नए भवन तैयार बनाने की शुरुआत हुई। जहां भवन बन जाने के बाद हमर लैब के सारे मशीनों को वहां इंस्टाल किया जाना है लेकिन भवन बन जाने के बाद भी हमर लैब वहां शिफ्ट नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि फर्नीचर समेत जरुरी उपकरण, एसेसीरिज आदि सामान आने शेष है जो रायपुर से आएंगे। इसलिए फिलहाल शिफ्टिंग का काम नहीं हो पा रहा है।

**90 प्रकार की जांच की सुविधा:** हमर लैब की स्थापना के बाद जिला अस्पताल में ही 90 प्रकार की जांच की सुविधा मरीजों को मिलनी है। हालांकि हमर लैब के लिए काफी सारी नई मशीनें-उपकरण उपलब्ध करा दी गई है लेकिन पैथोलैब में पर्याप्त जगह नहीं है इस कारण कुछ मशीनें भी इंस्टाल नहीं हो पा रही है और जांच भी नहीं कर पा रहे हैं। इधर अस्पताल में हमर लैब खुल जाने के नाम से मरीजों की संख्या बढ़ गई है लेकिन जगह का अभाव में जांच में परेशानी हो रही है। सैंपलिंग के समय पैथोलैब के सामने लंबी लाइन लग जाती है। इससे स्टाफ और मरीज दोनों को परेशानी होती है।

### सामानों के लिए मांगपत्र शासन को भेजा गया

हमर लैब के लिए भवन बनकर तैयार हैं। कुछ संसाधन, जनरेटर समेत जरुरी सामानों के लिए मांगपत्र शासन को भेजा जा चुका है। जल्द ही मिलने की उम्मीद है। फिर हमर लैब को नए भवन में शिफ्ट कर दिया जाएगा। हालांकि मरीजों को सभी प्रकार के जांच की सुविधा मिल रही है।

**डॉ. अश्वनी राठौर,** ब्लड बैंक प्रभारी

# देश विदेश

## बांग्लादेश में पक्षियों के टकराने दो विमान क्षतिग्रस्त

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो विमानों से पक्षियों के टकराने की घटना के बाद उड़ानों को रोका गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ढाका-बैंकॉक मार्ग पर बंगलादेश की एयरलाइंस के एक विमान के शनिवार को पक्षी के टकराने के कारण उड़ान भरने से रोकना पड़ा, विमान का एक टायर फट गया। एयरलाइंस के एक वरिष्ठ पायलट ने प्रमुख स्थानीय समाचार पत्र डेली स्टार को बताया कि विमान के यात्रियों को टैक्सीवे पर उतरना पड़ा। उन्होंने बताया कि बाद में अधिकारियों ने यात्रियों के लिए बैंकॉक जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है।

# पीएमएल-एन ने नवाज शरीफ को अपना पीएम चेहरा नामित किया

**इस्लामाबाद,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना उम्मीदवार नामित किया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास पर एक प्रेस वार्ता के दौरान पीएमएल-एन प्रमुख शहबाज शरीफ ने कहा कि चुनाव अधिनियम में किए गए संशोधन ने नवाज शरीफ को किसी भी अयोग्यता से मुक्त कर दिया है, जिससे उनकी वापसी में भी बाधा दूर हो गई है। नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ ने कहा, पार्टी अध्यक्ष के रूप में मैंने नवाज शरीफ को पीएमएल-एन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया है।

- नवाज शरीफ को किसी भी अयोग्यता से मु  त किया गया
- पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ की वापसी में भी बाधा हो गई है दूर



एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आम चुनाव की तारीख पर अंतिम निर्णय पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) पर निर्भर करता है, साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जल्द से जल्द चुनाव कराना चाहती है। पीएमएल-एन नेता इशाक डार ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि नवाज शरीफ की अयोग्यता की अवधि 26 जुलाई को समाप्त हो गई। इस सप्ताह की शुरुआत में एक साक्षात्कार में शहबाज़ शरीफ़ ने कहा था कि नवाज़ शरीफ़ सितंबर में लंदन से पाकिस्तान लौटने वाले हैं और अपने लंबित अदालती मामलों का सामना करेंगे।

## डेर अल-जौर में बस हमले के लिए अमेरिकी सेना जि  मेदार : सीरिया



**दमिश्क,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। सीरिया ने कहा है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) द्वारा डेर अल-ज़ौर में उसकी सैन्य बस पर किये गए हमले के लिए अमेरिका दोषी है। इस हमले में सीरिया के 33 सैनिक मारे गए थे। सीरिया के विदेश मंत्रालय ने शनिवार रात जारी एक बयान में कहा कि यह हमला सीरिया की संप्रभुता और स्वतंत्रता के खिलाफ चल रहे अमेरिकी अभियान का एक हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका सीरिया को अस्थिर करने के लिए आईएस का समर्थन कर रहा है।

मंत्रालय ने हमले और सीरिया के तेल और कृषि संसाधनों के निरंतर अमेरिकी दोहन का भी उल्लेख किया। बयान के अनुसार यह आर्थिक दबाव अमेरिकी कब्जे को बढ़ाने और क्षेत्रीय सुरक्षा को अस्थिर करने में मदद करता है। बयान में कहा गया है कि सीरिया आतंकवाद का मुकाबला करने और इसके प्रभावों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सभी की नवाज शरीफ के स्वदेश लौटने पर निगाहें

**इस्लामाबाद।** लगभग 16 महीनों तक 13-पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के बाद, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 10 अगस्त को पद छोड़ दिया और नेशनल असेंबली को भंग कर दिया। जिससे अगले 90 दिनों में आम चुनाव होने का रास्ता साफ हो गया। हालांकि, उनकी सरकार के रिपोर्ट कार्ड में मतदाताओं के सामने प्रस्तुत करने के लिए लगभग कुछ भी नहीं है, फिर भी कुछ फैक्टर हैं, जो उन्हें सत्ता में लौटने में मदद कर सकते हैं। शहबाज शरीफ ने 11 अप्रैल 2022 को अपने पूर्ववर्ती इमरान खान को अविश्वास मत के माध्यम से अपदस्थ करने के बाद पदभार ग्रहण किया था, जो पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) गठबंधन बनाने वाले तत्कालीन विपक्षी दलों की सियासी चालबाजी के माध्यम से तैयार किया गया था। शहबाज़ शरीफ एक राजनेता के रूप में उभरे।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 14 अगस्त , 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 12**

### राशिफल

मेष -आपकी आत्मीयता अधिक संवेदनशील बनेगी। किसी की वाणी या बर्ताव से आपके मन को चोट पहुंचेगी। मानसिक भय और शारीरिक अस्वस्थता से आप बेचैन रहेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृषभ -चिंता के बोझ से राहत मिलने से स्फूर्ति और उत्साह का अनुभव करेंगे। भावुकता के प्रवाह में ज्यादातर समय कल्पना में रहेंगे। परिजनों की तरफ विशेष ध्यान देंगे। मित्रों के साथ प्रवास का आयोजन होगा। आर्थिक आयोजन पूरे होंगे।

मिथुन -आज आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी। इसमें थोड़ा विलंब होगा, लेकिन उस संबंध में प्रयास जारी रखने से उन्हें पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजनों में दिक्कत हो सकती है। नौकरी-धंधे में सहकर्मियों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

कर्क -शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। मित्रों और स्वजनों के साथ आज का दिन खूब आनंद और उल्लास से व्यतीत होगा। आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी के प्रति विशेष आकर्षण अनुभव करेंगे।

सिंह -चिंता के कारण स्वास्थ्य को हानि पहुंचेगी। उग्र दलीलों या वाद-विवाद से किसी के साथ संघर्ष होगा। कोर्ट-कचहरी के कामों में सावधानीपूर्वक कदम उठाएं।

कन्या -तन-मन की स्वस्थता के साथ आज का दिन खुशहाल साबित होगा। व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को आर्थिक लाभ होगा। अधिकारी के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

तुला -आज आपके कार्य सरलतापूर्वक पूरे होंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों की तरफ से प्रोत्साहन मिलने पर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापारियों को व्यापार में तथा आय में वृद्धि होगा।

वृश्चिक -थकान, आलस और चिंता के कारण काम का उत्साह मंद पड़ा हुआ प्रतीत होगा। विशेष रूप से संतान के कारण चिंता होगी। कार्यक्षेत्र में भी अधिकारी का नकारात्मक व्यवहार आपके अंदर हताशा पैदा करेगा।

धनु -अनिच्छनीय घटनाएं, बीमारी, क्रोधावेश से आपका मानसिक व्यवहार हताशपूर्ण रहेगा। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें। किसी कारण समय पर भोजन नहीं मिलेगा। अत्यधिक खर्च पर अंकुश लगाएं।

मकर -कार्यभार और मानसिक तनाव से राहत पाकर आज का दिन मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ खुशी से व्यतीत करेंगे। किसी नए व्यक्ति के प्रति आकर्षण अनुभव करेंगे। उत्तम वैवाहिक सुख प्राप्त होगा।

कुंभ -आपको आज कार्यभार में सफलता के साथ यश भी मिलेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता रहेगी। नौकरी धंधे में सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।

मीन -आज आपकी कल्पनाशक्ति पूरे निखार पर होगी। आज का दिन साहित्य सृजन के लिए उत्तम है। विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। आपके स्वभाव में भावुकता और कामुकता अधिक रहेगी। पेट दर्द की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इजराइल में न्यायिक सुधार के विरोध में प्रदर्शन

**तेल अवीव,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के न्यायिक सुधार के विरोध में लगातार 32वें सप्ताह शनिवार को हजारों लोगों ने तेल अवीव की सड़क पर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन का आयोजन करने वालों ने बताया कि देश भर में 12 से अधिक रैलियां निकाली गई। हालांकि प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने न्यायिक सुधार में बदलाव का वादा किया है। तेल अवीव का वह इलाका जहां सरकारी इमारतें हैं वहां फिर से यातायात निर्धारित सीमा से अधिक हो गया है। यरूशलम पोस्ट ने बताया कि तीन फिलिस्तीनियों को अवैध रूप से इजरायल में प्रवेश करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर दक्षिणपंथी सरकार उन सरकारी फैसलों को पलटने की न्यायाधीशों की क्षमता को सीमित करने की अपनी विवादास्पद योजना पर बल देती है, जिन्हें वे अनुचित मानते हैं, तो राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था ठप हो जाएगी। विपक्षी नेता येर लैपिड नेतन्याहू की सरकार से कानून का पालन करने की मांग को लेकर शनिवार के प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान उन्हें कपलान स्ट्रीट पर भीड़ के साथ चलते हुए देखा गया।

# ब्रिटेन जा रहे प्रवासियों की नाव पलटने से छह अफगानियों की मौत, कई लापता

**कैलाइस,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन जा रही एक प्रवासी नाव के इंग्लिश चैनल में डूबने से अफगानिस्तान के छह निवासियों की मौत हो गयी है जबकि कई लोग लापता हैं, जिनता तलाश की जा रही है। फ्रांस के अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा शनिवार तड़के हुआ। फ्रांस के तटीय शहर बोलोग्ने के उप लोक अभियोजक फिलिप सबेटियर ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि मरने वाले सभी छह अफगानी पुरुष थे, जिनकी उम्र 30 के आसपास थी। उन्होंने कहा कि बाकी यात्रियों में से ज्यादातर अफगानी और कुछ सूडानी थे।

इनमें अधिकतर वयस्क और कुछ नाबालिग थे। श्री सबेटियर ने कहा कि 49 लोगों को जीवित बचाया गया है, जनमें से 36 को फ्रांसीसी तटरक्षकों द्वारा और 13 को ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा बचाया गया। अभियोजक के कार्यालय के अनुसार पाँच से 10 यात्री अभी भी लापता हैं। उन्होंने बताया कि लापता यात्रियों की तलाश के लिए दो ब्रिटिश जहाजों के साथ, तीन फ्रांसीसी जहाज, एक हेलीकॉप्टर और एक विमान को उत्तरी फ्रांस में सांगाटे के पास के क्षेत्र में लगाया गया है।



- इंग्लिश चैनल में डूबी प्रवासियों की नाव

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, एचएम कोस्टगार्ड वर्तमान में चैनल में एक छोटी नाव से जुड़ी घटना को लेकर राहत एवं बचाव कार्य में फ्रांसीसी अधिकारी ग्रिस नेज़ की सहायता कर रहा है।

वहीं, फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिज़ाबेथ बोर्न ने कहा कि उनकी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ हैं। उन्होंने राहत एवं बचाव टीमों के प्रयासों की सराहना की। मानवतावादी समूह यूटोपिया56 के एक प्रवक्ता ने इस त्रासदी के लिए सीमा पर दमन को दोषी ठहराया।

## चीन में भूस्खलन से चार लोगों की मौत



**बीजिंग,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के शानक्सी प्रांत में हुए भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने शनिवार को जारी रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार को शीआन शहर जिले में हुई भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य लापता हैं। स्थानीय टेलीविजन रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल 81 लोगों को निकाला गया है, जबकि मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। रिपोर्टों के अनुसार, भूस्खलन में कई घर, सड़क और पुल भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। खोज एवं बचाव अभियान जारी है।

## चीन में बाढ़, तूफान से निपटने के प्रयास जारी

**बीजिंग ।** चीन के अधिकारियों ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देश में बारिश, पानी और भूवैज्ञानिक आपदा स्थितियों के साथ-साथ तूफान के कारण होने वाले संभावित प्रभावों तथा असरों पर चर्चा की। बैठक का आयोजन सरकारी बाढ़ नियंत्रण और सूखा राहत मुख्यालय के कार्यालय तथा आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय की ओर से किया गया था। इसमें चीन मौसम विज्ञान प्रशासन, जल संसाधन मंत्रालय और प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय भी शामिल थे। बैठक में विशेष रूप से तियानजिन, लियाओनिंग, चोंगकिंग और शानक्सी जैसे प्रमुख स्थानों पर बाढ़ और तूफान से बचाव की व्यवस्था की गई। बैठक में कहा गया कि सोंगहुआ नदी के कुछ क्षेत्रों में जल स्तर अभी भी चेतावनी के निशान से ऊपर है, जबकि हैहे नदी बेसिन में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है।

## हवाई में लगी आग से मरने वालों की संख्या 89 हुई



**वाशिंगटन,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के हवाई में माउई द्वीप के जंगलों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 89 हो गई है। एनबीसी न्यूज ने हवाई के गवर्नर जोश ग्रीन के हवाले से शनिवार को यह रिपोर्ट दी है। उन्होंने बताया कि माउई जंगल की आग आधुनिक अमेरिकी इतिहास की सबसे भीषण आग है। यह आपदा आधिकारिक तौर पर 2018 में कैलिफोर्निया के कैंप फायर से भी अधिक भीषण है, जिसमें कि 85 लोग मारे गए थे। इससे पहले शनिवार को माउई काउंटी ने एक बयान में कहा कि लहानिया, पुलेहु/किहेई और अपकंट्री माउई में आग बुझाने के प्रयास जारी हैं, जबकि कि मृतकों की संख्या 80 बताई गई थी।

## आज का इतिहास

1862- बंबई उच्च न्यायालय की स्थापना।
1908- इंग्लैंड के फोकेस्टोन में पहली सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन।
1917- चीन ने जर्मनी और आस्ट्रिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1924- प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार कुलदीप नैयर का जन्म।
1938- बीबीसी की पहली फीचर फिल्म (स्टूडेंट ऑफ प्राग) टेलिविजन पर प्रसारित।
1945- जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों के सामने आत्मसमर्पण किया
1947- भारत का विभाजन, पाकिस्तान पृथक राष्ट्र बना।
1968- मोरारजी देसाई पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान-ए-पाकिस्तान से सम्मानित।
1971- बहरीन को 110 वर्ष के बाद ब्रिटिश शासन से आजादी मिली।
1975- पाकिस्तानी सेना ने राष्ट्रपति मुजीब उर-रहमान का तख्तापलट किया।
2001- मेसेडोनिया सरकार तथा अल्बानियाई विद्रोहियों में समझौता, आयरिश रिपब्लिकन आर्मी द्वारा निशस्त्रीकरण से इन्कार।
2002- पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ ने कश्मीर के चुनावों को ढोंग करार दिया।
2003- पूर्वी अमेरीका और कनाडा में लंबे समय तक बिजली आपूर्ति ठप्प, जिसका असर न्यूयॉर्क और ओटवा जैसे बड़े शहरों पर भी पड़ा।
2006- संयुक्त राष्ट्र की पहल पर इजरायल और दक्षिणी लेबनान में पांच सप्ताह से जारी संघर्ष थमा।
2006- इराक के कहतानिया में बमबारी में 400 लोग मारे गये।
2011- प्रसिद्ध हिन्दी फ़िल्म अभिनेता शम्मी कपूर का निधन।
2012- महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख का निधन।

**विरोध** चीन ने ताइवान के उपराष्ट्रपति विलियम लाई की निंदा की

# ताइवान के उपराष्ट्रपति के अमेरिका में रुकने पर चीन नाखुश

**बीजिंग,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को ताइवान के उपराष्ट्रपति विलियम लाई के अमेरिका में रुकने की निंदा की और उन्हें समस्या पैदा करने वाला बताया।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, लाई दक्षिण अमेरिका में ताइवान के एकमात्र राजनयिक सहयोगी पराग्वे के रास्ते शनिवार को न्यूयॉर्क पहुंचे, जहां उनका 15 अगस्त को पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना के साथ उद्घाटन समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम है।

स्टेट काउंसिल ताइवान अफेयर्स कार्यालय के प्रवक्ता झू फेंग्लियन ने यह टिप्पणी तब की जब लाई के स्टॉपओवर के लिए न्यूयॉर्क पहुंचने पर टिप्पणी मांगी गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, झू ने कहा, हमने कई मौकों पर लाई के अमेरिकी रोक पर अपनी स्थिति स्पष्ट रूप से बताई है, साथ ही कहा कि चीन अपने स्वतंत्रता एजेंडे के लिए अमेरिका के समर्थन की मांग करके ताइवान को नुकसान पहुंचाने के लाई के कृत्यों का विरोध करता है। उन्होंने ताइवान की स्वतंत्रता अलगाववादियों और उनकी अलगाववादी गतिविधियों के लिए अमेरिकी मिलीभगत और समर्थन के किसी भी रूप पर कड़ा विरोध व्यक्त किया। झू ने खुद को एक व्यावहारिक ताइवान स्वतंत्रता कार्यकर्ता बताते हुए कहा, लाई ताइवान की स्वतंत्रता के लिए अलगाववादी रुख पर अड़े हुए हैं। झू ने कहा, स्टॉपओवर के बहाने, लाई अपने चुनाव के लिए स्वार्थी लाभ हासिल करने के लिए ताइवान को बेच रहे हैं, जो अंततः ताइवान के लोगों के हितों को नुकसान पहुंचाएगा और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता को कमजोर करेगा।



झू ने कहा, क्रॉस-स्ट्रेट शांति और स्थिरता और ताइवान स्वतंत्रता पानी और आग की तरह असंगत हैं। ताइवान स्वतंत्रता अलगाववादी ताकतों द्वारा उठाए गए ये कदम शांति, विकास, आदान-प्रदान और

**ताइवान मामले पर चीन का कड़ा रुख**

**बीजिंग।** रिपोर्टों के अनुसार, ताइवान के उप नेता लाई छिंगत 12 अगस्त को पराग्वे के राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए रवाना हुए। इस दौरान वे अमेरिका के न्यूयॉर्क पहुंचे। इसकी चर्चा में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने 13 अगस्त को कहा कि चीन अमेरिका और ताईवान के बीच किसी भी प्रकार की आवाजाही का कड़ा विरोध करता है। चीन अमेरिका सरकार और ताईवान के बीच किसी भी सरकारी संपर्क के भी पूरी तरह खिलाफ है। चीन ने अमेरिका द्वारा लाई छिंगत को पारगमन की व्यवस्था करने पर गहरा असंतोष व्यक्त किया और इसकी कड़ी निंदा की।

## सुडोकू 6286

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 9 | | | | | 3 |
| | 2 | | | 6 | 3 | 7 | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | 4 | 1 | | | 6 | | 2 |
| | | | | | | | | |
| 7 | | 9 | | | 6 | 3 | | |
| 4 | | | | 5 | | | | |
| | | 6 | 3 | 9 | | | 2 | |
| 3 | | | | | 7 | 9 | | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6286

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. ... के कारण, के सौजन्य से (उर्दू)
३. जिसे सुना न गया हो
५. निश्चय
६. नमन
७. कर आदि से बचने के लिए शासन से छिपा कर रखा गया रुपया
९. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१०. जो घबराया या डरा हुआ न हो
१२. कथोपकथन
१३. प्रण
१४. पूरी तरह, नितांत
१६. झुका या गिरा हुआ
१८. देह, तन
२०. दृश्य, काव्य अभिनय
२२. दुर्बल, कमजोर
२३. दुर्बल, कमजोर
२३. रिसाव होने वाला

**ऊपर से नीचे:-**
१. शक्तिदायक
२. वश में या नियंत्रण में रखना (मुहावरा)
३. अभिनेता (उर्दू)
४. सुगंध
५. उपयोग
८. जो चारों ओर से केंद्र की ओर झुका हो
१०. नामुकम्मल, अपूर्ण
११. शहजादा, पुत्र
१२. जानकारी होना
१३. पहरेदार
१४. पयार्यवाची
१५. समान कोटि का
१७. मग्न, लीन
१८. पनाह
१९. एक प्रकार का ज्योतिष
२२. होंठ

### वर्ग पहेली-6285

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | स्त | २ मि | ला | ३ प | ■ | ४ बे | गु | ५ ना | ह |
| त | ■ | थ्या | ■ | ६ रि | हा | ई | ■ | खु | ■ |
| ७ प्र | स | व | ■ | ण | ■ | ८ मा | ल | दा | ९ र |
| भ | ■ | वा | ■ | १० रा | जी | व | ■ | ■ | क्त |
| ■ | ११ ज | न | १२ ही | न | ■ | ■ | १३ शै | श | व |
| ■ | ल | ■ | न | ■ | १४ शि | थि | ल | ■ | र्द्ध |
| १५ स | ज | १६ ग | ता | ■ | क | ■ | १७ जा | १८ त | क |
| रे | ■ | ज | ■ | १९ आ | वा | २० ज | ■ | र्ज | ■ |
| २१ आ | वा | रा | ■ | क्षे | ■ | २२ ग | जा | न | २३ न |
| म | ■ | २४ ज | हां | प | ना | ह | ■ | ■ | बी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6286 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 |

## दुनिया को जानें

### चीन ने हाई-ऑर्बिट सिंथेटिक एपर्चर रडार उपग्रह किया प्रक्षेपित



**बीजिंग,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। चीन ने लॉन्ग मार्च -3बी रॉकेट के जरिए आपदाओं की निगरानी के लिए दुनिया का पहला ए-एसएआर4 01, हाई-ऑर्बिट सिंथेटिक एपर्चर रडार उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने रविवार को बताया कि शनिवार को स्थानीय समयानुसार 1:26 बजे सिचुआन प्रांत के जिचांग अंतरिक्ष केन्द्र से उपग्रह को प्रक्षेपित किया गया। प्रक्षेपण के कुछ ही समय बाद उपग्रह सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया। सीएनएसए ने बताया कि यह दुनिया का पहला हाई-ऑर्बिट सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) उपग्रह है जो परियोजना कार्यान्वयन चरण में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि यह उपग्रह चीन की प्राकृतिक आपदाओं की अंतरिक्ष निगरानी में सुधार करेगा और आपदाओं की रोकथाम और उसमें कमी लाने की क्षमताओं में वृद्धि करेगा। यह प्रक्षेपण लॉन्ग मार्च रॉकेट परिवार का 483वां मिशन था।

# खेल जगत

## वर्ल्ड कप से पहले स्टोक्स की वनडे में वापसी की उम्मीद है : मैथ्यू मॉट

लंदन, 13 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के सीमित ओवर के कोच मैथ्यू मॉट ने कहा है कि वह टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को उनकी बल्लेबाजी क्षमता के आधार पर विश्व कप टीम में शामिल करने के लिए तैयार हैं और उन्होंने खुलासा किया कि सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर स्टोक्स के साथ बातचीत करेंगे। डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड ने वर्ल्ड कप की तैयारियां शुरु कर दी हैं लेकिन उन्हें इस बार एक स्टार खिलाड़ी की कमी खल सकती है। दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में गिने जाने वाले बेन स्टोक्स वनडे से संन्यास ले चुके हैं। मगर इंग्लैंड की टीम मैनेजमेंट इस कोशिशों में जुटी हुई है कि स्टोक्स रिटायरमेंट से वापसी करके वर्ल्ड कप में खेलें। स्टोक्स ने पिछले साल जुलाई में वनडे से संन्यास ले लिया था और हाल ही में 2024 की शुरुआत में भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट होने के लिए 50 ओवर के प्रारूप से संन्यास लेने के अपने इरादे को दोहराया।



## विश्व रैंकिग में तीसरे स्थान पर पहुंची भारतीय

**मुंबई,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार खिताबी जीत के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन और ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम, एफआईएच विश्व रैंकिंग में इंग्लैंड को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। जब 7 जुलाई को एफआईएच प्रो लीग सत्र की समाप्ति पर सूची को अपग्रेड किया गया था, तब भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2746 अंकों के साथ चौथे स्थान पर थी, जो इंग्लैंड के 2761 अंकों से सिर्फ 15 अंक कम थे। वहीं पहले स्थान पर नीदरलैंड (3133) और दूसरे स्थान पर बेल्जियम (2918) का कब्जा था।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत से उन्हें काफी बढ़त मिली और टीम ने अपने अंक 2771.35 तक पहुंचा दिए और इंग्लैंड से आगे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई, जिसके अब 2763.50 अंक हैं। नीदरलैंड ने 3095.90 अंकों के साथ नंबर 1 रैंकिंग बरकरार रखी। उसके बाद ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम 2917.87 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। विश्व चैंपियन जर्मनी 2680.04 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

क्रमशः छठे से 10वें स्थान पर हैं - ऑस्ट्रेलिया (2517.86), स्पेन (2492.9), अर्जेंटीना (2350.07), मलेशिया (2041.37) और न्यूजीलैंड (1965.30)। मलेशिया, जो चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के रोमांचक फाइनल मैच में भारत से हार गया था, उसे भी एक रैंक की बढ़त मिली है। टीम ने न्यूजीलैंड को पछाड़कर एक स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर कब्जा किया। 7 जुलाई के 1953 अंक की तुलना में अब उनके 2041.37 अंक हैं।




यह इस आयोजन में भारत का चौथा खिताब है क्योंकि उन्होंने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ तीन खिताब (दो पूर्ण और एक साझा) का रिकॉर्ड तोड़ दिया, और इस आयोजन में सबसे सफल टीम बन गई। भारत ने इससे पहले ओपनिंग सीजन 2011 और 2016 में खिताब जीता था। 2018 में, उन्होंने मस्कट, ओमान में पाकिस्तान के साथ खिताब साझा किया था क्योंकि मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। टूर्नामेंट में इस रिकॉर्ड तोड़ जीत के साथ ही भारत सबसे सफल टीम बन गई।

### ऑस्ट्रेलिया की पुरुष व महिला हॉकी टीमों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** ऑस्ट्रेलियाई पुरुष और महिलाएं अपने-अपने वर्गों में अगले साल के पेरिस ओलंपिक खेलों में हॉकी के लिए सीधे क्वालीफिकेशन बर्थ हासिल करने वाली पहली टीमें बन गईं और इस मेगा इवेंट में मेजबान फ्रांस के साथ शामिल हो गईं। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष और महिला टीमें 2023 ओसनिया कप में पड़ोसी देश न्यूजीलैंड के खिलाफ शीर्ष पर रहीं, इस प्रकार ओसनिया महाद्वीपीय चैंपियन के रूप में खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई। 2023 ओसनिया कप के प्रारूप में, जिसमें ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने भाग लिया था, दोनों टीमों को तीन बार एक-दूसरे का सामना करना था। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम ने दो बार जीत हासिल की और एक बार हारकर 6 अंक हासिल किए, जबकि ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने दो मैच जीते और एक ड्रा खेला, जिससे सात अंक हासिल हुए। परिणामों के अनुसार दोनों ऑस्ट्रेलियाई टीमें ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई कर गई हैं। न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीमें अब एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 में भाग लेंगी, जहां उनके पास ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का दूसरा मौका होगा। पुरुषों की प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में 3-1 से जीत दर्ज की, कूकाबुरास ने पहले पांच मिनट के भीतर 2 गोल की बढ़त ले ली, लेकिन न्यूजीलैंड ने जल्दी ही एक गोल वापस ले लिया और अंत तक खेल में बना रहा जब 56वें मिनट में किए गए गोल ने ऑस्ट्रेलिया की जीत पक्की कर दी। दूसरे मैच में न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया पर 4-2 से जीत दर्ज कर बाजी पलट दी।

## वर्ल्ड नंबर 1 स्वीयाटेक को हराकर पेगुला फाइनल में



**मॉन्ट्रियल (कनाडा),** 13 अगस्त (एजेंसियां)। जेसिका पेगुला ने यहां वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वीयाटेक को तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर नेशनल बैंक ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। 2021 और 2022 की सेमीफाइनलिस्ट शनिवार को आईजीए स्टेडियम में कोर्ट पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहीं, उन्होंने स्वीयाटेक के अस्वाभाविक रूप से अनियमित खेल का फायदा उठाते हुए और तनावपूर्ण दूसरा सेट हारने की निराशा से उबरते हुए ढाई घंटे के खेल में 6-2, 6-7(4), 6-4 से जीत हासिल की।

दिन के पहले सेमीफाइनल की शुरुआत पेगुला से ही हुई, क्योंकि वह लगातार चार ब्रेक के बाद सर्विस बरकरार रखने वाली पहली खिलाड़ी थी, जिसने खेल की शुरुआत की जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त पोल अपनी सर्विस और अपने स्पिन फोरहैंड पर अपनी सीमा का पता लगाने में असमर्थ थी, अमेरिकी नंबर 4 वरीयता प्राप्त एक सामरिक मास्टरक्लास को अंजाम देने में सक्षम थी, स्वीयाटेक के जो भी ग्राउंडस्ट्रोक मिसफायर कर रही थी उन पर लगातार दबाव डाल रही थी और आम तौर पर सही समय के साथ अपने काउंटरपंच दे रही थी।

हालाँकि, विश्व नंबर 1 ने अपनी गुणवत्ता को लंबे समय तक अपने सामान्य मानक से नीचे नहीं रहने दिया। स्वीयाटेक, वर्तमान में लगातार 71वें सप्ताह में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर है,ने दूसरे सेट के 10वें गेम में मैच के लिए सर्विस कर रही पेगुला की सर्विस तोड़ दी और फिर बिना किसी त्रुटि के खेले गए टाईब्रेक के बाद मैच बराबर कर दिया।

जैसे ही पेगुला का संकल्प डगमगाता हुआ दिखाई दिया, स्वीयाटेक तेजी से ब्रेक लेकर आगे बढ़ी और कनाडा में अपने पहले फाइनल के दो गेम के भीतर आकर 4-2 की बढ़त बनाने में सफल रही। हालांकि- जैसा कि अधिकांश मैच में हुआ था - चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन की सर्विसिंग संबंधी समस्याएँ बनी रहीं। सातवें गेम में एक चतुर ड्रॉपशॉट विनर के बाद, जिसने बमुश्किल नेट पार किया, पेगुला ने एक और गियर में प्रवेश किया, ब्रेक हासिल कर और अपनी दो सर्विस बरकरार रख जीत से एक गेम दूर रह गयीं।

अंतिम गेम में स्वीयाटेक अपनी रेंज नहीं ढूंढ पाई - और पेगुला ने वापसी कर ली। एक आखिरी फोरहैंड वाइड गया और मैच अमेरिकी खिलाड़ी की झोली में चला गया।

## कनाडा ओपन के फाइनल में भिड़ेंगे सिनर, डी मिनौर

**टोरंटो,** 13 अगस्त (एजेंसियां) इटली के जैनिक सिनर और ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने कनाडा ओपन 2023 में अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। सातवीं सीड सिनर ने शनिवार को अमेरिका के टॉमी पॉल को 6-4, 6-4 से हराया। गैर वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने स्पेन के अलेहांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-1, 6-3 से मात दी। पिछले मैच में दूसरी सीड दानील मेदवेदेव के साथ उलटफेर करने वाले डी मिनौर ने अपने स्पैनिश प्रतिद्वंदी के खिलाफ अनुशासन का पालन किया, जबकि फोकिना लय हासिल न कर पाने के कारण 78 मिनट में ही मुकाबला हार गये। डी मिनौर ने मैच के बाद कहा, जब मैंने कोर्ट पर कदम रखा तो मुझे मालूम था कि मुकाबला मुश्किल होने वाला था। मैंने आज कोर्ट में अपनी तरफ से अनुशासनात्मक टेनिस की उम्मीद नहीं की थी।

उन्होंने कहा, मैंने बस अपने आप से कहा कि सकारात्मक रहो, चाहे कुछ भी हो मुकाबला करते रहो और तुम्हें कभी नहीं पता कि क्या होने वाला है। तो मैंने सोचा कि आज मेरी मानसिकता बहुत अच्छी थी... मैंने सर्वश्रेष्ठ टेनिस नहीं खेला, लेकिन मैंने वह किया जो इन परिस्थितियों में आज करने की जरूरत थी।

डी मिनौर इस हफ्ते से पहले किसी एटीपी 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में नहीं पहुंचे थे और अब फाइनल में उनका सामना इटली के युवा सनसनी सिनर से होगा। डी मिनौर की तुलना में सिनर को पॉल के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह अंततः दो सेट में मुकाबला जीतने में सफल रहे।

सिनर ने जीत के बाद कहा, यह लड़ाई बेहद मुश्किल थी। वह बहुत अच्छा खेल रहा था। जब मैं मैच पॉइंट पर पहुंचा तो मैं प्रार्थना कर रहा था कि जीत जाऊं।

## बाबर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक : विराट कोहली

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बाबर आजम को सभी प्रारूपों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक बताया है। विराट कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में बाबर आजम के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया और उनकी बल्लेबाजी की तारीफ भी की।

कोहली ने एक इंटरव्यू का जिक्र करते हुए कहा, मेरी बाबर से पहली बातचीत 2019 वनडे विश्व कप के दौरान मैनचेस्टर में खेल के बाद हुई थी। मैं इमाद वसीम को अंडर-19 विश्व कप के बाद से जानता हूं और उन्होंने कहा कि बाबर बातचीत करना चाहता है।

कोहली ने कहा, हम बैठे और खेल के बारे में बात की। मैंने पहले दिन से ही अपने प्रति उनमें बहुत सम्मान और आदर देखा। इसमें अब तक कोई बदलाव नहीं आया है। इसमें कोई शक नहीं है कि वो सभी प्रारूपों में दुनिया का शीर्ष बल्लेबाज है। कोहली ने कहा, वह लगातार अच्छा प्रदर्शन करता है और मैंने उसे खेलते हुए देखना हमेशा पसंद किया है।




बाबर वर्तमान में 886 रेटिंग अंकों के साथ पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष क्रम के खिलाड़ी हैं। वहीं, कोहली 705 रेटिंग अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं।

पाकिस्तान का यह बल्लेबाज टी-20 और टेस्ट रैंकिंग में भी शीर्ष पांच में है, जो एक

> **मेरी बाबर से पहली बातचीत 2019 वनडे विश्व कप के दौरान मैनचेस्टर में खेल के बाद हुई थी। मैं इमाद वसीम को अंडर-19 विश्व कप के बाद से जानता हूं और उन्होंने कहा कि बाबर बातचीत करना चाहता है: विराट**

ऑल-फॉर्मेट सुपरस्टार के रूप में उनकी स्थिति की पुष्टि करता है। वह रैंकिंग तालिका में सभी प्रारूपों में शीर्ष पांच में स्थान पाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।

भारत और पाकिस्तान 2 सितंबर को एशिया कप के ग्रुप चरण के दौरान कैंडी में आमने-सामने होंगे। पहले दौर में अपने प्रदर्शन के आधार पर अगर वो आगे बढ़ते हैं, तो वे सुपर 4 चरण में भी प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। इसके अलावा, 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में भी इन दो चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच टक्कर होगी।

## सार संक्षेप

### केरल डर्बी में ब्लास्टर्स पर भारी पड़ा गोकुलम

**कोलकाता।** गोकुलम केरल एफसी ने रविवार को खेले गये डूरंड कप के करीबी मुकाबले में चिर-प्रतिद्वंदी केरल ब्लास्टर्स को 4-3 से मात दी। मोहन बागान ग्राउंड पर इमैनुएल जस्टिन (34वां मिनट), प्रबीर दास (54वां मिनट) और एड्रियेन लूना (77वां मिनट) ने ब्लास्टर्स के गोल किये, जबकि गोकुलम ने बाउबा अमिनौ (17वां मिनट), श्रीकुट्टन संतोष (43वां मिनट), एलेक्स सांचेज़ (45+1वां मिनट) और अभिजीत (47वां मिनट) के गोलों से जीत हासिल कर ली। इस ग्रुप सी मुकाबले के पहले हाफ में चार गोल देखने को मिले, जबकि दूसरे हाफ में कुल तीन गोल हुए। गोकुलम ने दूसरे हाफ के दूसरे ही मिनट में अभिजीत के गोल से 4-1 की आरामदायक बढ़त बना ली। प्रबीर और लूना ने आखिरी सीटी बजने से पहले ब्लास्टर्स के स्कोर में दो गोल का इज़ाफ़ा किया, लेकिन गोकुलम के डिफेंस ने विपक्षी टीम को चौथा गोल जमाने का मौका नहीं दिया। गोकुलम दो में से दो मुकाबले जीतकर ग्रुप-सी की तालिका में शीर्ष पर है, जबकि अपना पहला मैच हारने के बाद ब्लास्टर्स अगले दो मुकाबले जीतने की कोशिश करेगा।

### हम स्पेन को मुश्किल समय देंगे : अस्लानी

**ऑकलैंड।** स्वीडन महिला फुटबॉल टीम की खिलाड़ी कोसोवारे अस्लानी ने फीफा महिला विश्व कप 223 सेमीफाइनल से पहले कहा है कि स्पेन का खेलने का तरीका जापान से मिलता-जुलता है और वह स्पैनिश टीम को %मुश्किल समय% देने की क्षमता रखते हैं। स्वीडन ने शुक्रवार को खेले गये क्वार्टरफाइनल में जापान को आसानी के साथ 2-1 से हराया। अस्लानी की टीम अब मंगलवार को सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगी, जो क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड को 2-1 से हराकर आ रही है। अस्लानी ने मैच से पहले फीफा से कहा, वह एक बेहद ही कुशल और तकनीकी टीम है। हम उनका और उनके खेलने के तरीके का बहुत सम्मान करते हैं। ज़ाहिर तौर पर (स्पेन की) जापान के साथ समानताएं हैं और हमें टीम में बिल्कुल उसी मानसिकता के साथ, बिल्कुल उसी तरह से खेलने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, हमने जापान के खिलाफ एक साथ काम को अंजाम दिया, एक टीम के रूप में दबाव डाला, हम द्वंद्वों में आक्रामक थे। अगर हम दोबारा ऐसा करते हैं, तो मुझे लगता है कि हम स्पेन को कठिन समय देंगे। उन्हें हमारे खिलाफ खेलने में मजा नहीं आना चाहिये। इस बीच, अस्लानी की हमवतन सोफिया जेकबसन ने भी अपनी साथी खिलाड़ी की बात से सहमति जताई। उन्होंने कहा, वह काफी हद तक जापान जैसे हैं। वह गेंद को अच्छी तरह काबू में रखते हैं। मैंने (नीदरलैंड के खिलाफ) उनका मुकाबला देखा और सोचा कि वह बहुत अच्छा खेलते हैं।

## इंग्लैंड को स्टोक्स के वनडे विश्व कप खेलने की उम्मीद

**लंदन,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के कोच मैथ्यू मॉट भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर को खेलते हुए देखना चाहते हैं। स्टोक्स ने जुलाई 2022 में एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और हालिया एशेज़ श्रृंखला के बाद उन्होंने स्पष्ट किया था कि वह 50 ओवर प्रारूप में लौटने पर विचार नहीं कर रहे हैं।

गौरतलब है कि स्टोक्स को फरवरी में न्यूजीलैंड दौरे के दौरान घुटने में चोट लग गई थी, जिसके कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग के अधिकांश सीजन में हिस्सा नहीं ले सके थे। उन्होंने पांच टेस्ट मैचों की एशेज़ श्रृंखला में इंग्लैंड की कप्तानी की, हालांकि चोट के कारण वह सिर्फ 29 ओवर ही गेंदबाजी कर सके। इस सब के बावजूद मॉट स्टोक्स को केवल बल्लेबाजी के लिये भी विश्व कप टीम में शामिल करने के लिये तैयार हैं।

मॉट ने कहा, जॉस ही इस बातचीत की अगुवाई करेंगे। बेन ने हमारे साथ बहुत सीधी बात की है। हमें देखना होगा कि वह आना चाहते हैं या नहीं। अभी तक साफ नहीं हुआ है कि वह क्या करना चाहते हैं, लेकिन हम अभी भी आशावान हैं। मैंने हमेशा कहा है कि उनकी गेंदबाजी एक अतिरिक्त लाभ होगी, लेकिन वह अपनी बल्लेबाजी से ही बहुत बड़ा फर्क पैदा करते हैं।



मॉट ने कहा, पूरी एशेज सीरीज के दौरान उन्हें देखकर लगा कि उनकी उपस्थिति बहुत अच्छी थी। जब वनडे क्रिकेट में प्रदर्शन की बात आती है तो उन्होंने वर्षों तक ऐसा किया है और इसलिए वह एक अमूल्य खिलाड़ी हैं। बेन स्टोक्स 2019 विश्व कप में इंग्लैंड के नायकों में से एक थे। उन्होंने फाइनल में अपनी यादगार नाबाद 84 रनों की पारी के लिये प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता था। फाइनल में बेहद महत्वपूर्ण सुपर ओवर फेंकने वाले जोफ्रा आर्चर मेज़बान टीम के दूसरे नायक थे, हालांकि उसके बाद से चोटों के कारण आर्चर का करियर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। ससेक्स के कोच पॉल फारब्रेस ने हाल ही में घोषणा की थी कि आर्चर विश्व कप के लिये फिट होने की राह पर हैं। मॉट ने खुलासा किया कि इंग्लैंड टूर्नामेंट के दौरान आर्चर के कार्यभार को प्रबंधित करके विश्व कप के लिये उनकी फिटनेस पर दांव खेलने को तैयार है। मॉट ने कहा, इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि हम आर्चर जैसे सिद्ध खिलाड़ी पर जोखिम उठाएंगे जो विश्व मंच पर पहले भी कमाल कर चुका है। उन्होंने कहा, हम उसे साथ ले जाने की योजना बना रहे हैं। जाहिर है, बहुत सी चीजें उसके अनुसार होनी हैं, लेकिन ऐसे खिलाड़ियों को आप हमेशा अपनी फिटनेस साबित करने का मौका देना चाहते हैं। इसलिए हम खुला दिमाग रखेंगे और ऐसा ही करेंगे। विश्व कप पांच अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुरू होगा जहां गत चैंपियन इंग्लैंड और गत उपविजेता न्यूजीलैंड एक-दूसरे से भिड़ेंगे।

## भारत-बहरीन के बीच दूसरा फुटसाल मैच आज

**ईसा टाउन,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय फुटसाल टीम सोमवार को यहां खलीफा स्पोर्ट्स हॉल में अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में बहरीन का सामना करने के लिये पूरी तरह तैयार है। मैच भारतीय समयानुसार रात 8.30 बजे शुरू होगा। भारत ने शनिवार को अपना पहला फुटसाल मैच खेला, जहां उसे मेज़बान बहरीन के हाथों 0-3 की हार का सामना करना पड़ा। हार के बावजूद, भारत के मुख्य कोच जोशुआ वाज़ टीम की प्रगति को लेकर आशावादी थे। वाज़ ने कहा, यह छोटे-छोटे अंतर हैं जो इस खेल में बड़ी तस्वीर बनाते हैं। पहले मैच में हमारे साथ यही हुआ था। हमारे लड़कों ने खेल में लंबे समय तक बहरीन की बराबरी करने के लिये शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन हमसे कुछ छोटी गलतियां हुईं। हम निश्चित रूप से उन पर काम करेंगे। वाज़ ने कहा, बहरीन एक बहुत अच्छी टीम है। हमने अभी फुटसाल में शुरुआत ही की है। हमारी टीम यहां से और बेहतर होगी। बहरीन के खिलाड़ी भी इस बात से हैरान थे कि हम कितने संगठित थे।

उल्लेखनीय है कि भारत इस साल के अंत में होने वाले एएफसी फुटसाल एशियाई कप 2024 क्वालीफायर के लिये तैयारी कर रहा है। वर्तमान में गैरवरीयता प्राप्त भारत को एएफसी फुटसाल एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप ई में म्यांमार, फिलिस्तीन और मेजबान ताजिकिस्तान के साथ रखा गया है।

## हमारी भारतीय हॉकी टीम की ताकत ही एक दूसरे पर भरोसा और तालमेल : फुल्टन

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै, 13 अगस्त (देशबन्धु)। क्रेग फुल्टन चीफ कोच के रूप भारतीय हॉकी टीम को अगले महीने हांगजू(चीन) में होने वाले एशियाई खेलों से पहले यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जिता कर पहले बड़े इम्तिहान में पास हो गए। क्रेग फुल्टन बतौर कोच भारतीय हॉकी की बागडोर संभालने के दो महीने के भीतर उसे 'स्ट्रक्चर' के अनुरूप ढालने में कामयाब रहे। भारत के यहां मलयेशिया के खिलाफ एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी फाइनल में जूझने की बाबत फुल्टन ने कहा, % हमने जापान के खिलाफ सेमीफाइनल में बेहतरीन खेल दिखाकर जीत हासिल की। भले ही मलयेशिया के खिलाफ यहां फाइनल में हमें जीत के लिए कुछ संघर्ष करना लेकिन हम उसके खिलाफ बुरा नहीं खेले। मलयेशिया ने पहले हाफ में मैच खेल अपने काबू में रखा। पिछडने के बाद हम जानते थे कि एक गोल कर लेते हैं तो हम इस फाइनल में वापसी कर सकते हैं। हम अपनी भारतीय टीम में खासतौर पर नौजवान खिलाडियों से यही चाहते हैं कि वे आपस में एक दूसरे पर भरोसा करं। हमारी टीम ने 1-3 से पिछडने के बाद जिस तरह बड़ा जिगरा दिखाया वह शानदार है। हमारी भारतीय हॉकी टीम की ताकत ही आपस में एक दूसरे पर भरोसा और तालमेल है। टीम के नौजवान खिलाडियों ने मैदान पर फाइनल में गजब की वापसी कर यह भरोसा दिखाया कि वे मैदान पर अपना काम सही ढंग से कर सकते हैं।यह एशियन चैंपियंस ट्रॉफी थी एशियाई खेल नहीं। हमें मालूम है एशियाई खेल जीतने के लिए हमें क्या करना है। मुझे अपनी टीम के खिलाडियों पर भरोसा होना है। हम बराबर आपस में चर्चा करते है लेकिन एशियाई खेलों के लिए रणनीति क्या होगी यह मैं आपसे नहीं बाटूंगा। फाइनल जीतने में हमारी टीम में सभी ने अपनी भूमिका निभाई। 1-3 से पिछड़े के बाद गजब का जीवट और जज्बा दिखाना शानदार है। हमनें एशियाई खेलों से पहले अपनी बहुत खामियों को दूर करने की कोशिश है।चाहे ओलंपिक खेल हों, विश्व कप या एशियाई खेल फाइनल में कुछ भी मुमकिन है। इसमें आपको जेहनी तौर पर मजबूती की जरूरत होती।'



> ■ फिटनेस के साथ स्ट्र चर में खेलना, र तार और हॉकी कौशल भी जरूरी
>
> ■ हमें मालूम है एशियाई खेल जीतने के लिए हमें या करना है

फुल्टन कहते हैं, %फाइनल हमेशा पेचीदा ही होता है। इसमें कुछ भी मुमकिन है। ऐसे में हमारे लिए मलयेशिया के खिलाफ एशियाई खेलों से पहले एशियन चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल जैसा बेहद संघर्षपूर्ण मैच खेलना जरूरी था। हमें अपने पैर जमीन पर रखने थे यानी मुश्किल हालात में खुद पर नियंत्रण बनाए रखना जरूरी था। हमारी टीम ने मुश्किल से उबरने का जज्बा दिखाया। फिर भी यह बात भी समझनी होगी शनिवार का फाइनल एशियाई खेल का मुकाबला नही थी। हम हमेशा और बेहतर कर सकते हैं और मजबूत हो सकते हैं। खिलाड़ी के रूप में जेहनी तौर पर आपमें यह जज्बा होना चाहिए बतौर टीम आप कुछ भी कर सकते है और किसी भी चुनौती से निपट सकते है। किसी भी काम को कर सकते हैं। फाइनल में मलयेशिया के खिलाफ हाफ टाइम में हमारे बीच अच्छी चर्चा हुई और यह कारगर रही और हमारे लड़कों बाजी पलट दी। फिट होना कोई जीत की गारंटी नहीं है लेकिन आप इसके बिना भी कतई कुछ नहीं कर सकते। जीत के लिए फिटनेस के साथ स्ट्रक्चर में खेलना, रफ्तार और हॉकी कौशल भी जरूरी है। अब जल्द ही एशियाई खेलों के लिए हमारी टीम का शिविर लगेगा। हम इस शिविर में आगे एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों की चर्चा करेंगे। हमारी टीम पिछले 12 मैचों से अब तक अजेय है।

फुल्टन ने मध्यपंक्ति में हमें खुल का खेलने की छूट दी है्मनप्रीत

अनुभवी मनप्रीत सिंह , 'मेरी बतौर खिलाड़ी और टीम कोशिश मैदान पर अपनी शिद्दत से खेल टीम को जिताने की रही। मुझे जो भी भूमिका दी जाती है मैंने उसे शिद्दत से निभा ने की कोशिश की हे।

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## मोदी सरकार में मोटे अनाजों का एमएसपी 100 से 150 प्रतिशत तक बढ़ा




**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। मोदी सरकार के पिछले नौ साल के शासनकाल में ज्वार, बाजरा और रागी के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 100 से 150 फीसदी तक की भारी बढ़ोतरी हुई। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2014-15 से 2023-24 के बीच ज्वार का एमएसपी 108 फीसदी बढ़ा। वित्त वर्ष 2014-15 में ज्वार का एमएसपी 1,550 रुपए प्रति क्विंटल था, जो 2023-24 में 3,225 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। इसी तरह बाजरे का एमएसपी 2014-15 में 1,250 रुपए प्रति क्विंटल था, जो 2023-24 में 100 प्रतिशत बढ़कर 2,500 रुपए प्रति क्विटल हो गया। रागी का एमएसपी नौ साल में 148 प्रतिशत की भारी वृद्धि के साथ 1,550 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़कर 3,846 रुपए प्रति क्विंटल हो गया। मक्का के मामले में, एमएसपी 2014-15 में 1,310 रुपए प्रति क्विंटल था, जो 2023-24 में 59 प्रतिशत बढ़कर 2,090 रुपए प्रति क्विंटल हो गया। जौ का एमएसपी 2014-15 में 1,150 रुपए प्रति क्विंटल था, जो 2023-24 में 50 प्रतिशत बढ़कर 1,735 रुपए प्रति क्विंटल हो गया।

**ज्वार, बाजरा और रागी के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 100 से 150 फीसदी तक की भारी बढ़ोतरी हुई**

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि 2023 बाजरा का अंतरराष्ट्रीय वर्ष है, केंद्र सरकार लगभग हर साल राज्यों से मोटे अनाज की खरीद और खपत को प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाने का अनुरोध करती रही है। मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि राज्यों से ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करके मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम शुरू करने और मोटे अनाज की खपत के प्रति लोगों की भोजन की आदतों को फिर से उन्मुख करने के लिए जागरूकता अभियान शुरू करने पर विचार करने का आग्रह किया गया है। राज्यों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे जिला कलेक्टरों और जिला कृषि अधिकारियों को राज्य के भीतर सार्वजनिक वितरण प्रणाली में वितरण के लिए स्थानीय उपभोग प्राथमिकता के अनुसार मोटे अनाज और बाजरा के उत्पादन को प्रोत्साहित करने का निर्देश दें। केंद्र ने राज्य सरकारों से केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार मोटे अनाज और बाजरा की खरीद करने का भी अनुरोध किया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कम होने से 04 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.5 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 3.17 अरब डॉलर कम होकर 603.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 04 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति



1.94 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 533.4 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 22.4 करोड़ डॉलर कम होकर 44.7 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 17.1 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.3 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 8.6 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 5.1 अरब डॉलर रह गई।

## निवेशक जुलाई के लिए सीपीआई डेटा पर रखेंगे नजर, वृद्धि का अनुमान




**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि मुद्रास्फीति की बढ़ती चिंताओं के बीच, निवेशक जुलाई के घरेलू सीपीआई डेटा पर करीब से नजर रख रहे हैं, इसमें बढ़ती खाद्य कीमतों के कारण उल्लेखनीय वृद्धि होने का अनुमान है। उन्होंने कहा, आर्थिक आंकड़ों पर केंद्रित सप्ताह के दौरान भारतीय बाजार में मंदी का अनुभव हुआ, क्योंकि मुद्रास्फीति की चिंताओं ने घरेलू भावनाओं को प्रभावित किया। सप्ताह की शुरुआत फार्मा और आईटी क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के कारण मध्यम लाभ के साथ हुई। हालांकि, आर्थिक डेटा रिलीज़ और आरबीआई की नीति घोषणा से जुड़ी अनिश्चितताओं ने बाधा डाली। मुद्रास्फीति की चिंताएं फिर से उभर आईं, क्योंकि आरबीआई ने अपना सीपीआई पूर्वानुमान 30 बीपीएस बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया, इससे लंबे समय तक दर में कटौती की संभावना बढ़ गई। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, वृद्धिशील सीआरआर के माध्यम से तरलता का प्रबंधन करने के आरबीआई के कदम ने बैंकिंग क्षेत्र की धारणा को प्रभावित किया, हालांकि उम्मीद के मुताबिक सीमित प्रभाव पड़ा। चीनी निर्यात में गिरावट और अमेरिकी छोटे और मध्यम आकार के बैंकों की रेटिंग में गिरावट जैसे कमजोर संकेतों के कारण वैश्विक बाजारों को अस्थिरता का सामना करना पड़ा। अमेरिकी सीपीआई उम्मीद से कम और यूके जीडीपी आंकड़े उम्मीद से बेहतर होने के बावजूद, वैश्विक बाजार की धारणा कमजोर रही। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि अल्पावधि में, ऐसी संभावना है कि सूचकांक 19,300 के स्तर तक गिर सकता है। सकारात्मक पक्ष पर, प्रतिरोध स्तर 19,500 पर स्थित है।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, दाल-दलहन और मीठे में तेजी



**नई दिल्ली,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के दबाव और स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं आवक कमजोर पड़ने से दाल-दलहन और मीठे के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 85 रिंगिट गिरकर 3715 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 सेंट की गिरावट लेकर 60.79 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर सरसों तेल 220 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और सोया रिफ़ाइंड 147 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12308 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20512 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 13407 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8933 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11000 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

## आग की आशंका के चलते निकोला ने 209 बैटरी-ईवी ट्रक बुलाए वापस

**सैन फ्रांसिस्को,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। ट्रकिंग कंपनी निकोला मोटर्स ने अपने मुख्यालय में ट्रक में आग लगने का संभावित कारण एक बैटरी पैक के अंदर रिसाव पाए जाने के बाद लगभग 209 बैटरी-इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) को वापस बुलाने की घोषणा की है। ऑटोमेकर ने एक बयान में कहा, आंतरिक जांच में बैटरी पैक के भीतर सिंगर सप्लायर कंपोनेंट को कूलेंट रिसाव के संभावित स्रोत के रूप में दर्शाया गया है और आने वाले हफ्तों में एक क्षेत्रीय उपाय प्रदान करने के प्रयास चल रहे हैं। कंपनी ने कहा, 'ये कार्रवाइयां वर्तमान में प्रोडक्शन में चल रहे हाइड्रोजन फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक व्हीकल (एफसीईवी) को प्रभावित नहीं करती हैं क्योंकि ट्रक के




बैटरी पैक का डिजाइन अलग है।' निकोला ने सभी कस्टमर्स और डीलरों को वास्तविक समय में वाहन की मॉनिटरिंग और सेफ्टी सिस्टम के ऑपरेशन को सक्षम करने के लिए मेन बैटरी डिस्कनेक्ट (एमबीडी) स्विच को हर समय 'ऑन' पॉजिशन में रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इसने उन्हें ओवर-द-एयर अपडेट और फ्लीट कमांड, निकोला के ट्रक मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ बेहतर कनेक्टिविटी की अनुमति देने के लिए ट्रकों को बाहर पार्क करने पर विचार करने की भी सलाह दी। अब तक, केवल दो (2) बैटरी पैक में थर्मल इवेंज का अनुभव हुआ है।

निकोला के सीईओ स्टीव गिर्स्की ने कहा, 'निकोला में हम सुरक्षा को बहुत गंभीरता से लेते हैं। हमने शुरू से ही कहा था कि जैसे ही हमारी जांच पूरी हो जाएगी हम एक अपडेट जारी करेंगे, और जैसे-जैसे हमें और जानकारी मिलेगी हम अपनी पारदर्शिता जारी रखेंगे।' 23 जून को कंपनी के शुरुआती बयान में घटना के संभावित कारण को गलत बताया गया था, जो वीडियो फुटेज पर आधारित था, जिसमें प्रभावित ट्रकों के बगल में एक वाहन खड़ा था और एक ब्राइट फ्लैश और आग लगने के बाद तेजी से दूर चला गया।

## सार संक्षेप

### सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में मॉडल्स ने किया साड़ियों का प्रदर्शन

पटना। राजधानी के एक होटल में चल रही पांच दिवसीय उमंग सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में रविवार को सिल्क थीम पर आधारित फैशन शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जब मॉडल्स सिल्क की साड़ियां पहनकर दर्शकों के सामने आई तो उनकी खूबसुरती के साथ सिल्क की चमक भी चारों ओर फैल गई। इस कार्यक्रम के दौरान मॉडल्स ने भारत के विभिन्न राज्यों के बुनकरों द्वारा तैयार किए गए साड़ियों का बहुत ही बेहतरीन ढंग से प्रदर्शन किया। उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रबंध निदेशक आशीष गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का मकसद बुनकरों की कला को लोगों को सामने लाना है। इस कार्यक्रम में प्रोफेशनल मॉडल्स ने देश भर के बुनकरों द्वारा तैयार वस्त्र पहनकर उनकी कला की नुमाइश की। एक से बढ़कर एक मॉडल्स ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक के सिल्क उत्पादों को प्रदर्शित किया। कर्नाटक की कांजीवरम, बनारस की बनारसी, भागलपुर की कॉटन सिल्क, उड़ीसा की लिलम सिल्क सहित अन्य राज्यों की सिल्क साड़ियों को पहनकर जैसे ही मॉडल्स सामने आयी तो दर्शकों ने तालियों की गरगराहट के साथ उनका स्वागत किया। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि मॉडल्स ने जिस प्रदेश की सिल्क साड़ियों की नुमाइश की वो उस प्रदेश के पारंपरिक वेसभूसा में थी जो इस कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना रहा था।

### ओएनजीसी का समेकित तिमाही लाभ 18.4 प्रतिशत बढ़ कर 14,134 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। खनिज तेल और गैस उत्खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी आयल एंड नेचुरल गैस लि. (ओएनजीसी) ने चालू वित्त वर्ष अप्रैल-मार्च 2̀23-24 की पहली तिमाही में समेकित रूप से 14,134 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही से 18.4 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 11,937 करोड़ रुपये था। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार पहली तिमाही में कंपनी का एकीकृत राजस्व सालाना आधार पर 1̀.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,63,824 करोड़ रुपए रहा। पिछले वित्त वर्ष की तिमाही में ओएनजीसी ने 1,82,894 करोड़ रुपए का समेकित राजस्व दर्ज किया था, लेकिन एकल आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ 34.1 प्रतिशत घट कर 1̀,15 करोड़ रुपए और राजस्व 2̀.1 प्रतिशत गिर कर 33814 करोड़ रुपए रहा। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी ने एकल आधार पर 42321 करोड़ रुपए के राजस्व के साथ 15,2̀6 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। एकल आधार पर कंपनी का कुल कच्चा तेल उत्पादन (संयुक्त-उद्यमों के उत्पादन सहित) 3.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53.11 लाख टन और कुल गैस का उत्पादन तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 5.221 अरब घन मीटर रहा।

## महंगाई और आयात-निर्यात आंकड़ों का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई,** 13 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक बाजार के कमजोर रुख और रिज़र्व बैंक के महंगाई अनुमान में बढ़ोतरी करने से स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह करीब आधे प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह थोक एवं खुदरा महंगाई के साथ ही आयात और निर्यात के जारी होने वाले आंकड़ों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 398.6 अंक अर्थात् 0.61 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 65322.65 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एन एस ई) का निफ़्टी 93.8 अंक यानी 0.48 प्रतिशत टूटकर 19423.20 अंक पर आ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कम्पनियों के विपरीत छोटी और मझौली कम्पनियों में लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 266.9 अंक की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 30429.56 अंक और स्मॉल कैप 219.96 की उड़ान भरकर 35290.61 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह जुलाई का थोक मूल्य सूचकांक आधारित (डब्ल्यूपीआई) महंगाई और खुदरा मूल्य सूचकांक आधारित (सीपीआई) महंगाई के साथ ही निर्यात और आयात के आंकड़े जारी होने वाले हैं, जिस पर बाजार की नज़र रहेगी। इसके अलावा विदेशी मुद्रा भंडार भी आने वाले दिनों में फोकस में रहेंगे। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा महंगाई का अनुमान 5.1 प्रतिशत स बढ़ाकर 5.4 कर दिया है, जिसका असर भी बाजार पर रहेगा। इसके अलावा प्रमुख वैश्विक




घटनाएं, जिसका अगले सप्ताह बाजार पर असर रहेगा उनमें चीन का औद्योगिक उत्पादन, अमेरिकी खुदरा बिक्री, कच्चे तेल का भंडार, बिल्डिंग परमिट, प्रारंभिक बेरोजगार दावे, फेड रिज़र्व की एफओएमसी बैठक, ब्रिटेन में बेरोजगारी दर, खुदरा महंगाई, खुदरा बिक्री, यूरो क्षेत्र में मुद्रास्फीति और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के जारी होने वाले आंकड़े हैं। उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि भारतीय बाजार सीमित दायरे में बना रहेगा और आरबीआई के फैसले, अमेरिकी रोज़गार आंकड़े और एफओएमसी बैठक के मिनट्स से आगे का संकेत मिलेगा।' वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर हेल्थकेयर, आईटी, टेक, टेलीकम्युनिकेशंस और रियल्टी जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर सोमवार को सेंसेक्स 232.23 अंकों की बढ़त के साथ 65953.48 अंक और निफ्टी 80.30 अंकों की तेजी लेकर 19597.30 अंक पर रहा। वहीं, वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर अधिकांश समूहों में हुयी बिकवाली के कारण पिछले सत्र से जारी तेजी पर मंगलवार को ब्रेक लग गया, जिससे सेंसेक्स 106.98 अंक उतरकर 65846.50 अंक और निफ्टी 26.45 अंक गिरकर 19570.85 अंक पर रहा। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर धातु, ऊर्जा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और तेल एवं गैस समेत सोलह समूहों के शेयरों में हुई मजबूत लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 149.31 अंक की तेजी लेकर 65,995.81 अंक और निफ्टी 61.70 अंक की बढ़त के साथ 19,632.55 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह आरबीआई के नीतिगत दरों को यथावत रखने के साथ ही चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई अनुमान में बढ़ोतरी करने से हताश निवेशकों की एफएमसीजी, दूरसंचार और बैंकिंग समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 307.63 अंक लुढ़ककर 65,688.18 अंक और निफ्टी 89.45 अंक की गिरावट लेकर 19,543.10 अंक पर आ गया। इसके साथ ही वैश्विक बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग और धातु समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 365.53 अंक की गिरावट लेकर 65322.65 अंक और निफ्टी 119.90 अंक का गोता लगाकर 19423.20 अंक रह गया।

## चीन में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स का तेज विकास

बीजिंग, 13 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी रसद और खरीद संघ ने 13 अगस्त को इस साल की पहली छमाही में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन संबंधी डेटा जारी किए। आंकड़ों के अनुसार पहली छमाही में चीन में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स का व्यावसायिक वातावरण, बाजार की मांग और उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बहाल हुई। इस व्यवसाय का समर्थन करने के सक्रिय तत्व लगातार बढ़े। साल की पहली छमाही में चीन में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स की कुल रकम 31 खरब युआन रही, जो पिछले साल की इसी अवधि से 3.7 प्रतिशत अधिक है।



कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स बाजार का आकार 2 खरब 68 अरब 80 करोड़ युआन रहा, जो पिछले साल की समान अवधि से 3.3 फीसदी अधिक है। कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स की कुल मांग 21 करोड़ टन रही, जो पिछले साल की इसी अवधि से 5.2 प्रतिशत अधिक है। कोल्ड चेन बाजार की मात्रा लगातार बढ़ रही है। चीन में कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स का तेज विकास सरकार के समर्थन से अलग नहीं हो सकता। इस साल की पहली छमाही में चीन सरकार ने कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स से संबंधित 20 से अधिक नीतियां लागू कीं। कोल्ड चेन से जुड़े बुनियादी संस्थापनों के निवेश में बड़ा इजाफा हुआ। आंकड़ों के अनुसार पिछली छमाही में कोल्ड चेन से जुड़े बुनियादी संस्थापनों का निवेश 18 अरब 60 करोड़ युआन रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि से 8.7 प्रतिशत अधिक है। रेफ्रिजेरेटेड ट्रकों की कुल बिक्री 25,723 रही, जो गत वर्ष की समान अवधि से 3.7 फीसदी ज्यादा है।

सार्वजनिक कोल्ड स्टोरेज की भंडारण क्षमता में 104.3 लाख घन

## बंगाल में स्थानांतरित हो रहा कानपुर का चमड़ा उद्योग

**कानपुर (यूपी),** 13 अगस्त (एजेंसियां)। नोटबंदी, फिर गोहत्या पर कार्रवाई से कच्चे माल की कमी और अब गंगा नदी के किनारे प्रदूषणकारी इकाइयों को हटाने का नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के कारण कानपुर में चमड़ा उद्योग का अस्तित्व खत्म होने की कगार पर है। यहां के चमड़ा उद्योग में आई सबसे बड़ी मंदी के बीच, कानपुर के चर्मकार कारोबार में बने रहने के लिए पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश और अन्य हरियाली वाले क्षेत्रों की ओर जा रहे हैं। यह स्थिति सख्त प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों के कारण लगाए गए बुनियादी ढांचे पर प्रतिबंध, टेनरी कचरे के उपचार की लागत में एक बड़ी उछाल और गोहत्या पर प्रतिबंध के कारण गाय के उत्तर प्रदेश में चमड़े की उपलब्धता की कमी के कारण ऑर्डर में कमी के कारण उत्पन्न हुई है। 40 चमड़ा उद्योगपति पहले ही कोलकाता में टेनरियों को किराए पर ले चुके हैं या खरीद चुके हैं। कुछ ने तैयार गाय के चमड़े के लिए वियतनाम, तुर्की और कुछ यूरोपीय देशों से समझौता किया है।

लगभग 100 टेनरी इकाइयों ने बंटाला में टेनरी शुरू करने के लिए जमीन ली है, जहां पश्चिम बंगाल सरकार उत्तर प्रदेश के टेनर्स को 2,865 रुपए प्रति वर्ग मीटर पर प्लॉट उपलब्ध करा रही है। जाजमऊ टेनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नैय्यर जमाल ने कहा, '402 सूचीबद्ध टेनरियों में से, अब



केवल 215 छोटी और बड़ी टेनरियां चालू हैं। ये भी बहुत सारे शर्तों के साथ काम कर रही हैं, इससे व्यापार असंभव हो गया है। फिर भी लोग काम कर रहे हैं।' इस उम्मीद में आगे बढ़ रहे हैं कि किसी दिन स्थिति में सुधार होगा।' समस्या 2017 के अंत में शुरू हुई, जब केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों ने टेनरियों को अपने बुनियादी ढांचे को आधा करने के लिए कहा। इसका मतलब यह था कि चमड़े की प्रोसेसिंग के लिए इस्तेमाल होने वाली 10 ड्रम वाली टेनरी को घटाकर पांच कर दिया जाएगा। जमाल ने कहा, 'मेरे पास पांच ड्रमों वाली एक इकाई थी, जिन्हें ऑर्डर के अनुरूप निकाल लिया गया और नए सिरे से स्थापित किया गया।' बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया था कि अनुपालन न करने की स्थिति में टेनरियों को बंद कर दिया जाएगा। कुंभ और माघ मेलों के लिए टेनरियों को लंबे समय तक बंद करके इस आदेश का पालन किया गया। एक अन्य महत्वपूर्ण कारक यह है कि उत्तर प्रदेश में गाय की हत्या पर प्रतिबंध होने के बाद से कानपुर में गाय के चमड़े की बहुत कम मात्रा में टैनिंग हो रही है।

चूंकि व्यवसाय करना कठिन हो गया। एक व्यवसायी चमड़े का कारख़ाना किराए पर लेने के लिए कोलकाता चला गया, जो कभी चीनी समुदाय के उपयोग में था। सौदा हो गया और थोड़े से निवेश के साथ टेनरी चालू हो गई। पांच साल बाद, टेनरी उनके चमड़े के व्यवसाय को चालू रखने का मुख्य आधार बन गई है। उन्होंने कहा, 'मैंने यह टेनरी कोलकाता में खरीदी है, क्योंकि कानपुर से कारोबार करना बेहद कठिन हो गया है। मुझे अपनी कानपुर इकाई को 25 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर नहीं चलाना चाहिए।' कम से कम दो बड़े समूह जिन पर हाल ही में जीएसटी द्वारा छापा मारा गया था, बांग्लादेश में दुकानें स्थापित कर रहे हैं - उनमें से एक ने एक बड़ी इकाई पूरी कर ली है और दूसरा चटगांव में ऐसा करने के कगार पर है। एक अन्य प्रमुख समूह ने पहले ही भूमि अधिग्रहण कर लिया है लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं किया है। यह स्थिति तब उत्पन्न हुई है, जब पिछले दो दशकों में, वैश्विक चमड़ा उद्योग सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है, विशेष रूप से असबाब के लिए तैयार भैंस के चमड़े और काठी के लिए हार्नेस के निर्यात में। एक समय में, कानपुर भैंस के चमड़े का 56 प्रतिशत निर्यात कर रहा था और काठी उद्योग की हार्नेस जरूरतों को पूरा कर रहा था।

एक उद्योगपति ने कहा, 'अब हम अर्जेंटीना से हार्नेस आयात कर रहे हैं। यह उस उद्योग के लिए दुखद है, जिसकी वैश्विक सैडलरी बाजार में 80 फीसदी हिस्सेदारी थी। सैडलरी कानपुर के लिए अद्वितीय है।' उन्होंने कहा कि निर्यात और घरेलू बिक्री दोनों में औसतन 10 फीसदी की वार्षिक गिरावट देखी गई है। 'गाय का चमड़ा ज्यादातर चेन्नई और कोलकाता में संसाधित किया जाता है, जहां ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है और हम भारत के बाहर से गीला नीला (अर्ध-प्रसंस्कृत चमड़ा) आयात करते हैं। 2020 में, टेनरियों को रोटेशन के आधार पर महीने में 15 दिन 50 प्रतिशत क्षमता पर काम करने के लिए कहा गया था, ऐसा न करने पर प्रति दिन 12,500 रुपए का पर्यावरण मुआवजा नामक जुर्माना लगाया जाएगा। इस बीच, 2022 में टेनरी कचरे के उपचार की लागत 2 रुपये प्रति खाल से बढ़कर 22 रुपये प्रति खाल हो गई। टेनरियों ने चर्मशोधन कारखानों में प्राथमिक उपचार संयंत्रों (पीटीपी) से जल निगम द्वारा प्रबंधित सामान्य उपचार संयंत्र (सीटीपी) में जाने वाले अपशिष्टों के उपचार के लिए भुगतान किया।

एक व्यवसायी ने कहा, 'आज प्रति खाल की लागत




प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188